धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
31.01.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | माघ, शुक्ल पक्ष, द्वितीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 200 | 12



पूनम पांडे ने संगम में लगायी डुबकी

न्यूज डायरी

### बूढ़ा पहाड़ इलाके में दो आइइडी बम बरामद

**गढ़वा।** सीआरपीफ और गढ़वा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए जंगल में छिपा कर रखा गया ढाई किलो और एक किलो के दो आइइडी बम बरामद किया। गुरुवार को सहायक कमांडेंट नीरज कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम सर्च ऑपरेशन पर थी। इसी के दौरान तुमेरा और खपरी महुआ गांव के बीच जंगल में एक संदिग्ध तार दिखा। धीरे-धीरे आगे जाने पर तार से जुड़े दो आइइडी बम मिट्टी में दबे मिले। सुरक्षाबलों ने बम निरोधक दस्ते को बुलाया। दोनों बमों को जंगल में ही डिफ्यूज किया गया। गढ़वा जिला का बूढ़ापहाड़ कभी नक्सलियों का आशियाना हुआ करता था।

### चांद नजर आया, शबे बरात 14 फरवरी को

**रांची।** गुरूवार को रांची में शबानुल मोअज्जम महीने का चांद देश के विभिन्न क्षेत्रों में आम तौर पर नजर आया है। 31 जनवरी शुक्रवार को शबानुल मोअज्जम महीने की पहली तारीख है। 13 फरवरी गुरूवार का दिन गुजार कर आने वाली रात शबानुल मोअज्जम की पन्द्रहवीं रात यानी शबे बराअत है ।

### गिरिडीह में तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

**गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के फुरसोडीह गांव से पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को पपरवाटांड़ स्थित कार्यालय से पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपितों में अदालत अंसारी, समीर अंसारी और शमशुद अंसारी शामिल है। प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि बेंगाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत फुरसोडीह में कुछ शातिर अपराधी फोन के माध्यम से ठगी कर रहे है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 76100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 95000 रु./प्रति किलो |




## संसद के बजट सत्र की पूर्व संध्या पर सर्वदलीय बैठक सार्थक रही : संसदीय कार्य मंत्री

# आज आर्थिक सर्वेक्षण, कल आम बजट

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** संसद के बजट सत्र से एक दिन पहले गुरुवार को केंद्र की ओर से बुलायी गयी सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के नेताओं ने सार्थक चर्चा की। शुक्रवार 31 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी और बजट सत्र की शुरूआत करेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन शुक्रवार को 'आर्थिक सर्वेक्षण' और शनिवार को आम बजट पेश करेंगी। रिजिजू ने कहा कि वित्त मंत्री से 1 फरवरी को एक संतुलित और व्यापक बजट पेश करने की उम्मीद है। बजट सत्र दो चरणों में आयोजित किया जायेगा। पहला चरण 31 जनवरी से शुरू होकर 13 फरवरी तक चलेगा। केंद्रीय बजट प्रस्तुति 1 फरवरी को निर्धारित है। दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा और 4 अप्रैल को समाप्त होगा। सोमवार (3 फरवरी) को लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे।



**सार्थक रही बैठक :** इससे पहले, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि 31 जनवरी से शुरू रहे संसद के बजट सत्र को ले कर गुरुवार की सर्वदलीय बैठक काफी सार्थक रही। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। श्री रिजिजू ने कहा, सर्वदलीय बैठक में विभिन्न दलों के नेताओं ने सत्र को शांतिपूर्ण तरीके से चलाने और सभी मुद्दों पर स्वस्थ चर्चा पर सकारात्मक राय व्यक्त की है। संसदीय सौंध में हुई बैठक के बाद उन्होंने पत्रकारों को बताया कि बैठक पूरी तरह से सार्थक रही। उम्मीद जतायी कि बजट सत्र में सभी दलों के सहयोग से संसद की कार्यवाही अच्छे तरीके से चलेगी। बैठक में 36 दलों के 52 नेता शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, कांग्रेस के गौरव गोगोई, के सुरेश, जयराम रमेश, द्रविड़ मुनेत्र कषगम के टीआर बालू, टीएमसी के सुदीप बंद्योपाध्याय, डेरेक ओ ब्रायन, एनएसीपी फौजिया खान, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा समेत कई नेताओं ने हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह बजट सत्र है और इसमें राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा और बजट पारित कराना पहला काम होगा। (शेष पेज 11 पर)

### लगातार 8वां बजट के साथ इतिहास रचेंगी निर्मला

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को 2019 में भारत की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री बनाया गया था। इसी के साथ सीतारमण एक फरवरी को लगातार 8वां बजट पेश करने का रिकॉर्ड बनायेंगी। उम्मीद है कि आम बजट में कमजोर पड़ती आर्थिक वृद्धि को सहारा देने तथा महंगाई और स्थिर वेतन वृद्धि से जूझ रहे मध्यम वर्ग को राहत देने के उपाय होंगे। इसके साथ ही सीतारमण, पूर्व पीएम मोरारजी देसाई द्वारा अलग-अलग समयावधि में पेश किये गये 10 बजटों के रिकॉर्ड के करीब पहुंच जायेंगी। देसाई ने 1959-1964 के दौरान वित्त मंत्री के रूप में कुल छह बजट और 1967-1969 के बीच चार बजट पेश किये थे। सीतारमण को 2019 में भारत की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री बनाया गया था।

# कुंभ मेला क्षेत्र में फिर आग, कोई क्षति नहीं

## न्यायिक आयोग ने भगदड़ मामले की जांच शुरू की

**एजेंसी**

**कुंभनगर।** प्रयागराज के महाकुंभ में मौनी अमावस्या के अवसर पर बुधवार को हुई भगदड़ की घटना के एक दिन बाद गुरुवार दोपहर सेक्टर 22 में आग लग लगने से 15 पंडाल जल कर राख हो गये। किसी जनहानि की सूचना नहीं हैं। उधर मौनी अमावस्या के दिन मची भगदड़ की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग ने अपना काम शुरू कर दिया है। आयोग को कारणों, परिस्थिति समेत कई बिंदुओं पर रिपोर्ट सौंपनी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ हादसे के तुरंत बाद जांच के लिए न्यायिक आयोग के गठन की घोषणा की थी। आयोग को अपनी जांच रिपोर्ट एक माह के भीतर राज्य सरकार को सौंपनी है। वहीं भगदड़ का मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। इस संबंध में एक याचिका दायर की गयी है। यूपी सरकार ने भगदड़ के बाद एहतियात के तौर पर कई कदम उटाये हैं। मेला क्षेत्र में वाहन का वर्जित कर दिया गया है। वीवीआइपी पास भी रद्द कर दिये गये हैं। (शेष पेज 11 पर)



### तीसरी बार लगी आग, 15 पंडाल राख

महाकुंभ में बुधवार को मची भगदड़ के एक दिन बाद ही गुरुवार दोपहर सेक्टर 22 में आग लग लगने से 15 पंडाल जल कर राख हो गये। फायर ब्रिगेड ने किसी तरह से आग पर काबू किया। किसी जनहानि की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। 19 जनवरी को गीता प्रेस के कंपस में भड़की आग में कई पंडाल जल कर राख हो गये थे। 25 जनवरी को भी मेला क्षेत्र की पार्किंग में आग लगने से दो गाड़ियां जल गयी थीं। चीफ फायर ऑफिसर प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि गुरुवार को लगी आग कई दमकल की गाड़ियां शीघ्र ही काबू पा लिया। आग किस वजह से लगी यह अभी साफ नहीं है, पर माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से यह आग लगी है।

# बापू के विचारों से हमेशा मार्गदर्शन और प्रेरणा : सीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

### राष्ट्रपिता के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि

**रांची।** शहादत दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पूरा राष्ट्र श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहा है। सीएम हेमंत सोरेन ने मोराबादी में बापू वाटिका में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। 2 मिनट का मौन धारण रख उन्हें नमन किया।

सीएम ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए काफी मायने रखता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार एवं आदर्श से हमें मार्गदर्शन मिलता रहेगा। देशवासियों को प्रेरणा मिलती रहेगी। उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

उन्होंने कहा कि हमारे बीच ऐसे अनेक महापुरुष आये, जिनके पदचिन्हों पर चलकर आगे बढ़ सकते हैं।

बापू को शत-शत नमन। शहादत दिवस पर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों की मोरहाबादी मैदान समेत धुर्वा के खादी केन्द्र तिरिल आश्रम परिसर में काफी भीड़ थी।




## सहायक शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया पर बड़ा फैसला

# जेटेट अभ्यर्थी ही शामिल होंगे : सुप्रीम कोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट में सहायक शिक्षक नियुक्ति को लेकर बड़ा आदेश आया है। गुरुवार को शीर्ष कोर्ट ने कहा है कि सिर्फ जेटेट अभ्यर्थी ही नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। अन्य अभ्यर्थी जिन्होंने सीटेट परीक्षा पास की है वह सहायक शिक्षक नियुक्ति प्रकिया में हिस्सा नहीं ले पायेंगे।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस जेके महेश्वरी और जस्टिस राजेश बिन्दल की खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई की। दरअसल झारखंड हाइकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि राज्य में 26000 सहायक शिक्षकों (आचार्य) की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया में दूसरे राज्य के टेट पास अभ्यर्थी या सीटेट पास अभ्यर्थी भी शामिल हो सकते हैं। इसके बाद यह पूरा मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। इससे एक तरफ जेटेट पास अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है तो दूसरी तरफ वैसे अभ्यर्थियों को बड़ा झटका लगा है जिन्होंने जेटेट परीक्षा पास किए बिना शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया का आवेदन दिया था। प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायणन और अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने बहस की।



## राष्ट्रीय जतरा महोत्सव आज से, सीएम करेंगे उदघाटन

# पांच राज्यों से जुटेंगे आदिवासी समुदाय


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार से रांची के मोरहावादी मैदान में राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का आगाज हो रहा है। यह एक फरवरी तक चलेगा। महोत्सव के मुख्य अतिथि सीएम हेमंत सोरेन, कल्याण मंत्री चमरा लिंडा और खिजरी विधायक राजेश कच्छप होंगे, जो दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। मोरहाबादी मैदान में राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के अध्यक्ष नरेश पाहन, महासचिव नीलम बिरूली, कार्यकारी अध्यक्ष अमित मुंडा और सुरज टोप्पो ने यह जानकारी दी। इस दौरान अध्यक्ष नरेश पाहन ने बताया कि पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी जतरा महोत्सव का समापन करेंगे।

इस महोत्सव में झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम और बिहार के आदिवासी समुदाय हिस्सा लेंगे। वे अपनी पारंपरिक भोजन, कला, संस्कृति, साहित्य और हस्तशिल्प का प्रदर्शन करेंगे।



**32 जनजाति समुदाय के लोग आयेंगे :** इस महोत्सव में 32 जनजाति समुदाय के लोग अपनी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे और खोड़हा ढोल, नगाड़ा, मांदर, शहनाई, भेर समेत अन्य वाद्ययंत्रों के साथ नाचते-गाते हुए जतरा महोत्सव में हिस्सा लेंगे। झारखंड की पहचान यहां की जनजातीय समुदायों से होती है। जिनकी अपनी भाषा, लोक गीत, वेशभूषा और संस्कृति है। सभी जिलों से मुंडा, उरांव, संथाल, भूईहर मुंडा, हो समेत अन्य जनजातीय समुदाय पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ नाचते-गाते हुए 200 से अधिक खोड़हा दलों के रूप में महोत्सव में शामिल होंगे। झारखंड की संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रदर्शन किया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)



# बूथ से लेकर प्रदेश तक बनायें सर्व स्पर्शी भाजपा : मरांडी

## सांसद संबित पात्रा ने कहा कि झारखंड भाजपा की मजबूत भूमि



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा मुख्यालय में गुरूवार को संगठन महापर्व के तहत कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला की अध्यक्षता बाबूलाल मरांडी ने की। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता सांसद संबित पात्रा शामिल हुये। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी की सांगठनिक सदस्यता अभियान और सांगठनिक चुनाव एक महापर्व है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की व्यस्तता के बाद पार्टी ऑनलाइन सदस्यता अभियान चला रही है। इसमें लोग बढ़चढकर शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत भाजपा ही सशक्त झारखंड का निर्माण कर सकती है। उन्होंने कहा कि संगठन महापर्व के तहत हम सभी को मिलकर सर्व स्पर्शी भाजपा बनाना है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सांसद संबित पात्रा ने कार्यशाला में सांगठनिक चुनाव की बारीकियों और प्रक्रियाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा आंतरिक और बाहरी दोनो लोकतंत्र में विश्वास करती है। इसलिये, संगठन की चुनाव प्रक्रिया भी लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न करानी है।

उन्होंने कहा कि झारखंड भाजपा की मजबूत भूमि है। भाजपा की सरकार ने ही अटल जी के नेतृत्व में अलग राज्य का सपना साकार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दे रही है। नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सिर्फ चुनाव केलिये संगठन नहीं बनाती बल्कि हमें राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

कर्मवीर सिंह ने कहा कि समयबद्ध तरीके से संगठन महापर्व के कार्यों को पूरा करना हम सब का दायित्व है। उन्होंने जिला और मंडल स्तर पर प्रदेश के तर्ज पर कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिये। आगामी 1 से 3 फरवरी तक जिला एवं 4 से 6 फरवरी तक मंडलों में कार्यशाला आयोजित किया जाना है। कार्यशाला का संचालन सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन को आगे बढ़ाने केलिए देश में करोड़ों भाजपा कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। धन्यवाद ज्ञापन दुर्गा मरांडी ने किया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पीएन सिंह, अजय मारू, सत्येंद्र तिवारी, बीडी राम, किशुन दास, नीरा यादव, डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी, सीमा शर्मा, नीलकंठ सिंह मुंडा, समीर उरांव, सुदर्शन भगत, विकास प्रीतम, अनंत ओझा, राज पलिवार, बालमुकुंद सहाय, बड़कुवर गगराई और लक्ष्मण सिंह बोकारो, भानु प्रताप शाही,संजय सेठ, विद्युत वरण महतो, आदित्य साहू, दीपक प्रकाश, ब्रजमोहन राम, बिरांची नारायण, सुनील सिंह, निशिकांत दुबे,अमर बाउरी को चुनाव आब्जर्वर बनाया गया है।

## झारखंड में अब धीरे-धीरे बढ़ रहा तापमान, गर्मी का होने लगा एहसास

### रांची का तापमान 2.9 डिग्री बढ़कर हुआ 27.5 डिग्री सेंटीग्रेड

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मौसम केंद्र रांची की ओर से जारी मौसम रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले 24 घंटे के दौरान राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 2.9 डिग्री बढ़कर 27.5 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया है। वहीं न्यूनतम तापमान में 2.8 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है और यह 12.2 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया है। रांची का अधिकतम तापमान सामान्य से 3.2 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक हो गया है। जमशेदपुर का उच्चतम तापमान 1 डिग्री बढ़कर 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री बढ़कर 14.4 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया है। लौहनगरी जमशेदपुर का उच्चतम पारा सामान्य से 2 डिग्री और न्यूनतम पारा सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक हो गया है।

डाल्टेनगंज के उच्चतम पारा में 1.9 डिग्री सेंटीग्रेड की वृद्धि दर्ज की गई है। यहां का उच्चतम तापमान 29.6 डिग्री हो गया है, जो सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक है। मौसम रिपोर्ट में बताया गया है कि डाल्टेनगंज के न्यूनतम तापमान में 3.3 डिग्री की वृद्धि हुई है। गुरुवार को यहां का न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 0.9 डिग्री अधिक है।

# मत्स्य कृषकों केबीच स्वीकृति पत्र वितरित

## मछली उत्पादन में झारखंड को आत्मनिर्भर बनायें : एहतेशामुल हक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/गोड्डा।** गोड्डा जिले के बढ़ौना स्थित जिला संयुक्त कृषि भवन के आत्मा सभागार में मात्स्यिकी विकास की संभावनाओं पर एक दिवसीय मत्स्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिले के 200 से अधिक महिला व पुरुष मत्स्य कृषक शामिल हुये। कार्यशाला में मो एहतेशामुल हक ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।


उन्होंने कहा कि योजनाओं को सही ढंग से कार्यान्वित कर मछली उत्पादन में झारखंड को आत्मनिर्भर बनायें। मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्रएशालीमार, धुर्वा की ओर से कार्यशाला में भाग लेने वाले मत्स्यकृषकों का निबंधन किया गया।

जिला प्रबंधक द्वारा भारत सरकार के पोर्टल ष्नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्मष पर मत्स्य पालकों एवं मत्स्य व्यवसाय से जुड़े लोगों का ऑनलाईन निबंधन किया गया।

मत्स्य विभाग की ओर से वेद व्यास आवास निर्माण, मछली सह बत्तख पालन एवं महाझींगा पालन आदि योजनाओं के संचालन के लिये चयनित लाभुकों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। उक्त जानकारी नंदन झा ने दी।

# कल पहुंचेंगे मीर, नगर निकाय चुनाव को लेकर बनेगी रणनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में आसन्न नगर निकाय चुनाव में पार्टी समर्थकों और कांग्रेस की विचारधारा वाले लोग कैसे अधिक से अधिक संख्या में जीत हासिल करे, इस पर रणनीति बनाने के लिए कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है।

**तीन दिनों तक चलेगी बैठक :** दलीय आधार पर झारखंड में शहरी निकाय चुनाव नहीं होने के बावजूद कांग्रेस की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा वार्ड पार्षद, डिप्टी मेयर और फिर मेयर, नगर पंचायत, नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाधयक्ष के पदों पर कांग्रेसी विचारधारा वाले लोग आसीन हो। इसके लिए विशेष योजना बनाने के लिए 01 फरवरी को एआईसीसी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर रांची पहुंचेंगे। वहीं, 2 फरवरी को रामपुर के पास स्थित बागवानी सभागार में गुलाम अहमद मीर पहले सत्र में पार्टी के विधायक, मंत्री, सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व सांसदों के साथ बैठक करेंगे। जबकि दूसरे सत्र में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, सभी जिलाध्यक्षों, पार्टी कोटे से बने सभी बोर्ड-निगम के अध्यक्षों के साथ बातचीत करेंगे। यह बैठक 03 फरवरी के पहले सत्र तक जारी रहेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश प्रभारी की इस विस्तृत बैठक में नगर निकाय चुनाव पर खास चर्चा होगी। इसके साथ-साथ पार्टी के नए प्रदेश कार्यालय को लेकर चिन्हित किये गए स्थलों की जानकारी भी प्रदेश प्रभारी को दी जाएगी।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने की पदाधिकारियों के साथ बैठक

इधर, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर की 01 फरवरी से प्रस्तावित रांची दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पार्टी के सभी अग्रणी संगठन-विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की और निकाय चुनाव को लेकर 2-3 फरवरी को होने वाली बैठक की तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए।

# भ्रष्टाचार धारण सूचकांक में 180 देशों में भारत 93 वें स्थान पर, सुधार की जरूरत : पंकज

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** जयप्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय सचिव पंकज मिश्र ने कहा कि देश में भ्रष्टाचार चरम पर है। वैसे तो पूरा विश्व इसकी गिरफ्त में है। औसतन 50 फीसद भ्रष्टाचार संपूर्ण विश्व में है। मगर कई देशों में हालात चिंताजनक है। उनमें भारत भी है। भ्रष्टाचार धारण सूचकांक (करप्शन परसेप्शन इंडेक्स) के मुताबिक 180 देशों में भारत का 93 वें स्थान पर होना केंद्र सरकार को ठोस कदम उठाने को मजबूर कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत की छवि खराब होना सभी नागरिक का सर शर्म से झुका देता है। सभी राजनीतिक दलों को भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने का संकल्प लेकर लोकनायक जी के सपनों को साकार करना होगा। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा भ्रष्टाचार धारण सूचकांक ( सीपीआइ) की सूचि देश में चल रहे व्यापारिक गतिविधियों और देशवासियों की धारणा के आधार पर तैयार की जाती है। इसका मतलब हुआ देशवासी अपने ही देश में व्याप्त भ्रष्टाचार को स्वीकार कर रहे हैं।

जयप्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि भ्रष्टाचार को कम करने की दिशा में चीन का प्रयास सराहनीय है। उसने भ्रष्टाचार में शामिल 36 लाख लोगों पर कार्रवाई कर अपनी रैंकिंग में सुधार लाते हुए 76 वां स्थान प्राप्त कर लिया। वहीं भारत 88 वें से 93 वें स्थान पर चला गया। तीसरे सबसे बड़े आर्थिक देश होने का दावा खोखला लगता है, क्योंकि हम भ्रष्टाचार के मामले में पाकिस्तान, नेपाल म्यांमार, बंग्लादेश, श्रीलंका के करीब हैं। जबकि भारत को डेनमार्क, फिनलैंड, न्यूजीलैंड, नार्वे, सिंगापुर, अमेरिका, इंग्लैंड के आसपास होना चाहिए।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस की पदयात्रा, दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहादत दिवस पर गुरुवार को कांग्रेस के अग्रणी संगठन राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने इस दिन को अहिंसा और शांति दिवस के रूप में मनाया। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने विश्व शांति और सामाजिक एकता के प्रतीक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की याद में बिरसा चौक से मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका तक पदयात्रा निकाली।

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन द्वारा आयोजित पदयात्रा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के शाश्वत अग्रिमा रंजन समेत बड़ी संख्या में युवा और बच्चे भी शामिल हुए।

**प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने राष्ट्रपिता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर बापू को श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान केशव महतो कमलेश ने कहा कि बापू द्वारा दिखाया गया मार्ग, उनके विचार, उनके आदर्श आज अधिक प्रासंगिक हैं। महात्मा गांधी के विचार ही विश्व को शांति और सद्भाव के साथ प्रगति के पथ पर ले जाने का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि सूर्य को कोई नहीं छिपा सकता। आज संप्रदायवादी भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विचारधारा का महत्व समझने लगे हैं। कांग्रेस भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही सभी विभागों और अग्रणी संगठनों के नेता मौजूद थे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, लाल किशोर नाथ शाहदेव,सोनाल शांति, खुर्शीद हसन रूमी, राजेश सिन्हा सन्नी, राजन वर्मा, राकेश किरण महतो, गजेन्द्र कुमार सिंह, नेली नाथन, शमशेर आलम, भानू प्रताप बड़ाईक, सुरेन राम, प्रभात कुमार, नरेन्द्र लाल गोपी, विनोद कुश्वाहा, डॉ. भुवन मोहन,गुलाम सरवर रिज्जवी, एनुल हक, अमन अहमद, अब्दूल रहमान, मो. क्यूम रजा आदि शामिल थे।

## कुंभ के मृतकों के परिजनों के प्रति राजद की पूरी सहानुभूति : संजय



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेपाल हाउस में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से गुरुवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, मंत्री संजय प्रसाद यादव और मुख्य प्रवक्ता मनोज कुमार उपस्थित थे।

प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव और मंत्री संजय प्रसाद यादव ने प्रयागराज कुंभ में भगदड़ से हुई मौतों पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल मृतकों के परिवारों के साथ खड़ा है। वहीं इस घटना को उत्तर प्रदेश सरकार की विफलता करार दिया।

प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी सरकार के तमाम बड़े-बड़े वादे फेल हो गए हैं। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री से मांग की कि राज्य के मृतक परिवारों को 5 लाख का मुआवजा दिया जाए, जबकि योगी सरकार से 1 करोड़ मुआवजा और एक परिजन को नौकरी देने की मांग की। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने इस हादसे के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की अव्यवस्था को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कुंभ प्रारंभ होने से पहले प्रधानमंत्री को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर व्यवस्था सुनिश्ति करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ।

मंत्री संजय प्रसाद यादव ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल के शीर्ष नेतृत्व लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के निर्देश पर पार्टी की ओर से झारखंड के मृतक परिवारों की मदद के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

## खबर एक नजर में

### नक्शा स्वीकृति मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए लॉ अफसर सहित रिक्त पदों को जल्द भरें : हाईकोर्ट

**रांची।** आरआरडीए एवं रांची नगर निगम में नक्शा स्वीकृत में विलंब और वसूली मामले को लेकर दाखिल कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि रांची निगम निगम में नक्शा स्वीकृत के मामले के त्वरित निष्पादन के लिए लॉ ऑफीसर सहित जो रिक्तियां है उसे जल्द भरे। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 6 मार्च निर्धारित की है। दरअसल, पिछली सुनवाई में नक्शा सॉफ्टवेयर बीपीएएमएस के तीसरे स्टेज में बदलाव पर कोर्ट ने नाराज की जताई पूछा था तीसरे स्टेज में लीगल ऑफिसर द्वारा कागजात की जांच कर अधिकतम 7 दिनों में रिपोर्ट अग्रसारित की जाती थी उस प्रक्रिया में बदलाव करते हुए अपर प्रशासक को कागजात जांच का जमा क्यों दिया गया। कोर्ट ने रांची नगर निगम के प्रशासक को तत्काल सुधार कर जानकारी देने को कहा। इससे पहले सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम की ओर से बताया गया था कि रांची निगम के पास लॉ ऑफिसर नहीं है। राज्य सरकार का नगर विकास विभाग ही नियुक्त कर सकता है। निगम के अपर प्रशासक को राजस्व संबंधी मामलों का पूरा अनुभव है जो सही तरीके से कम कर रहे हैं।

### जैक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की नियुक्ति अविलंब हो : आजसू

**रांची।** आजसू के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जैक में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि 18 जनवरी को जैक अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त हो गया। नए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की नियुक्ति अभी तक नहीं हो पाई है, जिस कारण आठवीं और नौवीं की परीक्षा अपरिहार्य कारण के नाम पर रद्द कर दी गई है। अब दसवीं एवं 12वीं की परीक्षा का आयोजन 11 फरवरी से होना है। इसके लिए एडमिट कार्ड भी अभी तक डाउनलोड नहीं हो पा रहा है। विद्यार्थियों में परीक्षा को लेकर संशय बना हुआ है। मार्च में 11वीं की भी परीक्षा होनी है। जब समय पर परीक्षाएं नहीं होंगी तो रिजल्ट के भी प्रकाशन में देर होगी, जिस कारण लाखों छात्र-छात्राओं के भविष्य पर असर पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल ने छात्र हित में जैक अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की नियुक्ति अविलंब करने की मांग की।

### बड़कागांव गोलीकांड में बयान दर्ज

**रांची।** अपर न्याययुक्त विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट ने बड़कागांव गोली कांड मामले में आरोपितों का बयान पूरा कर लिया गया है। आरोपितों का बयान दर्ज होने के बाद अब मामले में बहस शुरू की जायेगी। अदालत ने इसके लिये 19 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। बहस पूरा होने के बाद मामले में कोर्ट अपना फैसाल सुनायेगी। झारखंड हाई कोर्ट ने जुलाई 2022 में मामले की सीआइडी जांच का आदेश दिया था। ढेंगा गोलीकांड से जुड़े दोनों मामले की सीआइडी जांच का आदेश दिया गया था। किसान अधिकार महारैली के दौरान पुलिस और आंदोलन कारियों के बीच झड़प हुई थी। इसमे छह लोग घायल हुये थे। इस मामले में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, उनकी पत्नी पूर्व विधायक निर्मला देवी सहित 23 को आरोपित बनाया गया है। बड़कागांव गोलीकांड मामले में 16 केस दर्ज किये गये थे। इसमें 13 मामलों में कोर्ट का फैसला आ चुका है।

### रिश्वखोर सीओ मुंशी राम को नहीं मिली जमानत

**रांची।** एसीबी की विशेष कोर्ट ने रिश्वत लेने के आरोपित तत्कालीन रांची सदर सीओ मुंशी राम को जमानत देने से इन्कार कर दिया है। सुनवाई के बाद अदालत ने मुंशी राम की जमानत याचिका की खारिज कर दी। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि मुंशी राम ने रिश्वत नहीं ली है। वह बेकसूर है। उन्हें फंसाया गया है। एसीबी के विशेष लोक अभियोजक आलोक कुमार ने विरोध करते हुये कोर्ट को बताया कि आरोपित मुंशी राम ने जमीन का सीमांकन करने के लिये प्रभात कुमार सिंह से 50 हजार रिश्वत की मांग की थी। 37 हजार रुपये घूस लेते एसीबी की टीम ने रंगेहाथों गिरफ्तार किया था। आरोपित के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में पीई दर्ज करने की अनुशंसा की मांग राज्य सरकार से की गई है। मुंशी राम ने सात जनवरी को याचिका दाखिल कर कोर्ट से जमानत की गुहार लगाई थी। मालूम हो कि दो जनवरी को एसीबी की टीम ने मुंशी राम को रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया था। उसके बाद एसीबी टीम ने उनके आवास पर छापेमारी की थी।

### हत्या के मामले में खिाास्तिपियन आईंद दोषी करार

**रांची।** अपर न्याययुक्त विशाल श्रीवास्तव ने पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के अभियुक्त खिस्तपियन आइंद को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये पांच फरवरी की तिथि निर्धारित की है। टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र के बड़का टोली महिलोंग में 21 मार्च 2021 की सुबह घटना हुई थी। खिस्तपियन आइंद अपनी पत्नी शांति रेखा किंडो पर शक करता था और जान से मारने की धमकी देता था। 21 मार्च को गोली मारकर पत्नी की हत्या कर दी थी। शांति के बेटे हर्ष शुभम आइंद के लिखित आवेदन पर टाटीसिल्वे थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आवेदन के मुताबिक 21 मार्च 2021 को सुबह 5.55 बजे घर में गोली चलने की आवाज आई थी। हर्ष शुभम आइंद उठकर अपने छोटे भाई और बहन के कमरे गये तो वह दोनों सो रहे थे। उसके बाद वह अपने माता-पिता के कमरे गया तो वहां उसकी मां खून से लथपथ जमीन पर गिरी हुई थी। जब हर्ष ने अपने पिता को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने को कहा तो उसने मदद नहीं की और हाथ लगाने से भी मना किया। घायल अवस्था में शांति को रिम्स ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

### राज्यपाल ने केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धमेंद्र प्रधान और केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शिक्षा मंत्री से मध्य राज्य की शिक्षा व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। वहीं, आवासन और शहरी कार्य मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री से उनके आवास पर भेंट कर राज्य के विकास संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राजभवन ने इसे शिष्टाचार भेंटवार्ता बताया है।

### संजय सेठ ने राजघाट पर दी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गुरूवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर राजघाट में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर कर उन्होंने कहा कि पूज्य महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा और निरूस्वार्थ सेवा के प्रेरणा पूंज हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास की अवधारणा से राष्ट्र निर्माण की संकल्पना को साकार करने में बापू के विचार प्रेरणादायी हैं।

### जिला पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखा



**रांची।** समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में जिला के सभी वरीय अधिकारियों/पदाधिकारियों/कर्मियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस को 02 (दो) मिनट का मौन धारण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दिया। गुरुवार को सभी ने उनके बलिदान को याद किया।

सुप्रभात
शुक्रवार 31.01.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 280
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



# आज भी कुछ अच्छा करने की प्रेरणा देते हैं राष्ट्रपिता के विचारः डीसी

### उपायुक्त एवं एसएसपी ने दी राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्र, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन सहित अन्य पदाधिकारियों ने सिटी सेंटर के निकट स्थापित राष्ट्रपिता की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रपिता के विचार आज भी हमें आगे बढ़ने और कुछ अच्छा करने की प्रेरणा देते हैं। हमें शांति, अहिंसा, सादगी, साधनों की पवित्रता और विनम्रता के उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए। इसके बाद उपायुक्त सहित सभी पदाधिकारियों ने गांधी सेवा सदन में राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। गांधी सेवा सदन में सुमन नाग एवं सुश्री वर्षा बोराल ने राष्ट्रपिता के प्रिय भजन प्रस्तुत किए,इसके बाद सभी ने शहीद दिवस के अवसर पर 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर सिटी एसपी अजीत कुमार, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीएसपी नौशाद आलम, ट्राफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह, एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, एनडीसी दीपक कुमार दुबे, गांधी सेवा सदन के महामंत्री गोपाल जी, बीयाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# भाकपा माले ने मनाया महात्मा गांधी का शहादत दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कुमारधुबी।** भाकपा माले की ओर से एग्यारकुंड प्रखंड के जुनकुदर कार्यालय में महात्मा गांधी का 77 वां शहादत दिवस मनाया गया। उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया और दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पार्टी की राज्य कमेटी के सदस्य नागेन्द्र कुमार ने कहा कि गांधी जी के जीवन पर जैन धर्म का गहरा प्रभाव पड़ा था। वह सत्य और अहिंसा में अटूट विश्वास करते थे। उन्होंने असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन, स्वराज और भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व किया। दक्षिण अफ्रीका में नागरिक अधिकार आंदोलन में उनका अहम योगदान रहा। 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने बिरला हाउस में गांधी जी की गोली मारकर हत्या कर दी। उनकी मृत्यु के बाद नई दिल्ली के राजघाट पर उनका समाधि स्थल बनाया गया। इस अवसर पर माले नेता कृष्णा सिंह, मनोरंजन मलिक, जगदीश शर्मा, चन्दन सिंह, मोहिउद्दीन अंसारी, अभय प्रसाद, मो कमाल, हरेराम यादव, दीपक सिंह, प्रदीप बाउरी, सुराज यादव, विजय चौहान आदि मौजूद थे।

**स्पीड न्यूज**

### भाटडीह ओपी परिसर में शांति बैठक संपन्न

**महुदा।** भाटडीह ओपी परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक ओपी प्रभारी अनिल मंडल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, ओपी पुलिस अधिकारी मौजूद थे। ओपी प्रभारी ने कहा कि पूजा में पूरी तरह डीजे बंद रहेगा, पूजा कमेटी को विसर्जन स्थल पर लाइट की पूरी व्यवस्था करना है। नशा खा-पीकर विसर्जन में नहीं जाएंगे। प्रशासन सहयोग करेगा। इस मौके पर एस आई बाजूम हेम्ब्रम, नगेन्द्र चौधरी, पूर्व मुखिया संपद घोषाल सुभाष चंद्र मिश्रा संजय सिंह, राजेश पासवान, भगतू महतो, मुस्लिम अंसारी, काली सिंह, दीपक रवानी, बिनोद गोप, संजय सिंह, शंकर गोप आदि मौजूद थे।

### मुस्कान महिला समिति ने किया कंबल वितरण



**झरिया।** मुस्कान महिला समिति की अध्यक्ष हिमाद्री सिन्हा के निर्देश पर कोयरी बांध रेल लाइन की बगल में भुइयां बस्ती के गरीब, असहाय महिलाओं और बच्चों के बीच 50 कंबल का वितरण किया गया। समिति की सदस्य नीलम सिंह, सविता सिंह, बबीता पांडे, झरिया नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव, भीम निषाद आदि उपस्थित थे।

### बीसीसीएल ने लगाया निः शुल्क चिकित्सा शिविर

**महुदा।** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत तारगा पंचायत के भुरुंगिया हरि मंदिर के प्रांगण में बीसीसीएल के मुनिडीह अस्पताल की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण महिला, पुरुषों ने अपने स्वास्थ की जांच कराई। डॉ मनोज कुमार झा, डॉ अजय कुमार यादव ने ब्लड प्रेशर, सुगर एवं सामान्य स्वास्थ्य की जांच की। जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवा बांटी। जांच शिविर में विकास कुमार प्रबंधक पर्यावरण, संजय कुमार सिंह, देवाशीष उरांव, संदीप मूर्मु, भोला कुमार वाउरी आदि मौजूद थे।

### झमाडा जल संयंत्र केंद्र जामाडोबा में मरम्मत का प्रथम चरण पूरा

# झरिया में आज से पानी सप्लाई होने की उम्मीद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जोड़ापोखर।** झमाडा जल संयंत्र केंद्र जामाडोबा से झरिया जल मीनार में जाने वाली 30 इंची पाइप लाइन की बैंड मरम्मत का प्रथम फेज समाप्त हो गया है। झमाडा ने सूचना दी है कि तीन दिन झरिया एवं आस पास के क्षेत्र में पानी की आपूर्ति ठप रहेगी। चार दिन बाद भी पानी की सप्लाई नहीं होने से 6 लाख की आबादी को इस ठंड में भी पानी के लिए पसीने बहाने पड़ रहे हैं।

मजदुरों ने बताया है कि 30 इंची पाइप की मरम्मत के दौरान कई जगहों पर 18 इंची पाइप लाइन की लीकेज की भी मरम्मत का काम पूरा कर लिया गया है। बैंड मरम्मत के लिए ही जामाडोबा संयंत्र केन्द्र के 12 एमजीडी भंडारण गृह में जल भंडारण नहीं किया गया है।

जल कार्य अधिकारी आशुतोष राणा ने बताया है कि शुक्रवार की सुबह तक पानी की सप्लाई झरिया में हो जाएगी। उन्होंने कहा कि 30 इंची पाइप लाइन के प्रथम फेज की मरम्मत पूरी कर ली गई है। बैंड की दूसरे फेज की मरम्मत तीन दिन में हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कुल तीन फेज में बैंड मरम्मत पूरा कर लीकेज की समस्या का स्थायी समाधान कर लिया जाएगा।

# सीआईएसएफ की टीम पर उग्र ग्रामीणों का हमला, एएसआई प्रीति कुमारी घायल

## भीड़ तितर-बितर करने के लिए फायरिंग, कई थाने की पुलिस पहुंची

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झरिया।** लोदना एरिया 10 की कुजामा कोलियरी अंतर्गत एटीदेव प्रभा आउट सोर्सिंग कंपनी में ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ की टीम के साथ बालूगदा के लोगों की झड़प गुरुवार को हो गई। जानकारी मिलते ही सीआईएसएफ के ओआरटी टीम की अधिकारी प्रीति कुमारी पहुंची और घटना की जानकारी ले कर ग्रामीणों को समझाने बुझाने की कोशिश की। लेकिन उग्र ग्रामीणों ने पत्थरबाजी करते हुए हमला बोल दिया, जिसमें सीआईएसएफ की एसआई प्रीति कुमारी को अंदरुनी चोट लग गई। आत्म रक्षा के लिए उन्होंने दो राउंड हवाई फायरिंग कर भीड़ को तितर बितर करने की कोशिश की।

जानकारी मिलते ही सीआईएसएफ कमांडेंट के साथ बड़ी संख्या में सीआईएसएफ के आलावा जोरापोखर सर्कल इंस्पेक्टर एवं क्षेत्रीय तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार, घनुडीह ओपी प्रभारी सोनू कुमार, लोदना ओपी प्रभारी गौरव कुमार आदि दल-बल के साथ पहुंचे और ग्रामीणों को भगाने का काम किया।

घायल प्रीति कुमारी ने बताया कि माइंस के वर्जित रूठ में जाने से मना करने पर उग्र ग्रामीणों ने पत्थरबाजी की। उन्हें कुछ अंदरुनी चोट लगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि चार दिनों से पिट वाटर की सप्लाई बंद होने के कारण कुछ लोग नहाने के लिए माइंस अंतर्गत पोखरिया में गए थे, जहां ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ ने उन लोगों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की।

## भागाबांध और बोर्रागढ़ में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पुटकी।** गुरुवार को भागाबांध ओ पी और बोर्रागढ़ ओ पी परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर भागाबांध ओपी प्रभारी धर्मराज कुमार और बोर्रागढ़ ओ पी प्रभारी निरंजन कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में थाना क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने सरस्वती पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था में सहयोग करने व आपस में मिल जुलकर शांति पूर्वक त्योहार मनाने का निर्णय लिया। डीजे और शराब पर प्रतिबंध होगा और जो नियम का पालन नही करेगा, उस पर कानूनी करवाई की जाएगी।

## कतरास में पत्रकारों ने निकाली त्राहिमाम यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** स्थानीय पत्रकार निकेश पांडे को अपहत किये जाने की सरेआम कोशिश के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नही होने से नाराज पत्रकारों ने गुरुवार को त्राहिमाम पदयात्रा निकाली। कतरास और राजगंज थानेदार पर शिथिलता बरतने का आरोप लगाया। काफी संख्या में पत्रकार सूर्य मंदिर स्थित कतरास प्रेस क्लब कार्यालय से दोनों थाना की पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में निकले।

**▸▸ पुलिस पर शिथिलता बरतने का आरोप**

कतरास थाना गेट पहुंच कर पुलिस से अविलंब हमलावरों व अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तारी की मांग की। क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान ने संबोधन के दौरान पुलिस की कार्य शैली पर सवाल उठाया। कहा कि पुलिस की कार्यशैली से अपराधियों का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हमलावरों की जब तक गिरफ्तारी नहीं होती है, पत्रकार चरणबद्ध आंदोलन करेंगे।

**▸▸ आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग**

शुक्रवार को सभी पत्रकार रणधीर वर्मा चौक पर पुतला दहन कर सांकेतिक धरना देंगे। 1 फरवरी से कतरास थाना चौक पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। आंदोलन को प्रेस क्लब, पत्रकार संघ के अलावा जागो संगठन, जोगता नागरिक समिति एवं अन्य सामाजिक संगठन के लोगों ने समर्थन दिया।

**एक नजर में**

### मारपीट के आरोपी की पिटाई पर कुमारधुबी ओपी में हंगामा



**मैथन।** मारपीट के आरोपी सीपी यादव की पुलिस द्वारा पिटाई किये जाने से आक्रोशित यादव समाज के लोगों ने गुरुवार को कुमारधुबी ओपी में खूब हंगामा किया। लोग इस बात को लेकर काफी गुस्से में थे कि पुलिस ने सीपी यादव के वृद्ध पिता को भी लप्पड़ थप्पड़ कर दिया। करीब आधे घंटे तक ओपी में पुलिस एवं लोगों के बीच नोंक-झोंक होती रही। ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। हालांकि लोगों में आक्रोश व्याप्त है। कहा कि कुमारधुबी पुलिस की शिकायत एसएसपी से की जाएगी। साथ ही में पुलिस का भय दिखाकर अवैध वसूली करने वाले प्राइवेट ड्राइवर राजन को हटाने की मांग की जाएगी। ओपी प्रभारी ने सीपी यादव से मारपीट की बात से इन्कार किया है। कहा कि बुधवार की रात दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लेने की बात कही। इसके बाद सीपी यादव को छोड़ दिया गया। सुबह राजनीति के तहत बेवजह हंगामा खड़ा कर दिया गया।

### धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ का अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी

**धनबाद।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड मुख्यालय के मुख्य द्वार के समक्ष धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ का अनिश्चित कालीन धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। धरना में ब्लॉक-2 क्षेत्र के 15 कार्यकर्ता बैठे। धरना में बैठने वालों में ब्लॉक-2 क्षेत्र के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राम कुमार पांडे, उपाध्यक्ष हमीद मियां, ब्लॉक-2 क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव उत्तम कुमार पांडे, कामाख्या नारायण सिंह, रणविजय कुमार, खपा कुमार, सौरव सुमन, अनंत लाल पांडे, उमेश कुमार, रामपत राय, राजकुमार चौधरी, सुरेश रविदास आदि शामिल हैं। अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के उपाध्यक्ष अयोध्या मिश्र, झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम सिंह, बीसीसीएल कल्याण बोर्ड के सदस्य गंगासागर राय, धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के संयूक्त महामंत्री नवनीत सिंह, उपाध्यक्ष सह प्रभारी लोक-2 क्षेत्र के मंतोष तिवारी धनबाद कोलरी कर्मचारी संघ के संगठन मंत्री के के सिंह, भोमिक महतो, दिलीप कुमार चंद्रवंशी राज लाल यादव अनिल कुमार सत्यनारायण यादव, सुशील कुमार सिंह, सुरेश यादव, तेजलाल प्रसाद एवं अन्य पदाधिकारी सहयोग के लिए उपस्थित थे।

# मैथनः निरसा प्रखंड सभागार में पंचायत वीएलई का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन।** निरसा प्रखंड सभागार में गुरुवार को झारखंड पंचायती राज विभाग, सीएससी ई गवर्नेंस इंडिया लिमिटेड एवं डीजीग्राम द्वारा निरसा एवं एग्यारकुंड प्रखंड के वीएलई का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया। ग्राम पंचायतों में सबकी योजना सबका विकास अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु राज्य की डिजिटल पंचायत योजना के तहत ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यरत वीएलईस (ग्राम स्तरीय उद्यमियों) को ई- ग्राम स्वराज पोर्टल, पंचायत विकास सूचकांक, टीएमपी ( प्रशिक्षण प्रबंधक पोर्टल ) और जेम पोर्टल पर संकुल स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर प्रखंड समन्वयक तथा डिजिटल पंचायत योजना के अंतर्गत जिला एवं प्रखंड स्तर के प्रशिक्षक अनिमेष चटर्जी और नसीम अंसारी द्वारा प्रज्ञा केंद्र संचालकों को बताया गया कि उपरोक्त पोर्टलों में सभी योजनाओं एवं क्रियान्वयन का संधारण एवं संचालन होगा। सभी लोग इसे अच्छी तरीके से समझ लें तथाअपनी पंचायत में क्रियान्वयन एवं डिजिटलीकरण करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड पंचायती राज समन्वयक धीरज कुमार की अहम भूमिका रही।

## राजीव गांधी शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज में मनाई गई राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जोड़ापोखर।** डिगवाडीह स्थित राजीव गांधी मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव सह निदेशक डॉ आर एन चौबे, प्रभारी प्राचार्य डॉ मुकेश तिवारी, प्रोफेसर इंचार्ज डॉ निलेश कुमार सिंह, डॉ सुनील कुमार शाह, कार्यालय प्रभारी शुभ्रछाया पांडेय, इमरान हुसैन, शाहीन प्रवीण, सहायक प्राध्यापक डॉ संतोष कुमार चौहान, अल्बिना कच्छप, संजुक्ता कुमारी, सत्य प्रकाश मिश्र, सिम्पल कुमारी, शबनम प्रवीण, पुस्तकालय प्रभारी सरोज सिन्हा, हरे राम आदि ने गांधी जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। महाविद्यालय के सचिव सह निदेशक डॉ आर एन चौबे ने गांधी जी को भारतमाता का अमर सपूत बताया तथा उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रशिक्षु शिक्षक-शिक्षिकाओं, प्राध्यापकों को प्रेरित किया।

# कोयलांचल में 4 से 9 तक बहेगी राम रस की धारा

**▸▸ श्री रामराज मंदिर में भव्य नौ दिवसीय कार्यक्रम**

**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** कोयलांचल मुख्यालय से सटे श्री रामराज मंदिर में आगामी 4 फरवरी से राम रस की धारा बहेगी। 9 फरवरी तक होने वाले इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति सहित कई केंद्रीय मंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। मानस मर्मज्ञ और राष्ट्रीय कवि कुमार विश्वास के भी आने की सूचना है। इस संबंध में

भाजपा सांसद ढुलू महतो ने श्री श्री रामराज मंदिर, चिटाही धाम के वार्षिकोत्सव सह श्रीराम महायज्ञ में शामिल होने के लिए देश की शीर्ष हस्तियों को आमंत्रित किया है। इस सिलसिले में उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केन्द्रीय पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस तथा इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात कर उन्हें व्यक्तिगत रूप से आमंत्रण पत्र सौंपा।

### सांसद ढुलू महतो ने राष्ट्रपति सहित दो केन्द्रीय मंत्रियों को आने का दिया न्योता



**राष्ट्रपति को दिया आमंत्रण**

सांसद श्री महतो ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट कर उन्हें इस ऐतिहासिक महायज्ञ की विस्तृत जानकारी दी और महायज्ञ में सम्मिलित होने का अनुरोध किया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने इस आयोजन को लेकर विशेष रुचि दिखाई और इसे भारतीय संस्कृति एवं परंपरा को मजबूत करने वाला आयोजन बताया।

**केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और अन्नपूर्णा देवी को भी दिया न्योताः** श्री महतो ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भी भेंट की और उन्हें चिटाही धाम के महायज्ञ में भाग लेने का आमंत्रण दिया। इस दौरान क्षेत्र के औद्योगिक विकास और सामाजिक उत्थान से जुड़े कई मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

इसी क्रम में, सांसद ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी से भी मुलाकात कर महायज्ञ में सम्मिलित होने का अनुरोध किया। उन्होंने इस भव्य धार्मिक आयोजन की महत्ता बताते हुए कहा कि यह न केवल आध्यात्मिक उन्नति का अवसर है बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और समाज को एकजुट करने का महत्वपूर्ण आयोजन भी है।

**महायज्ञ की तैयारियाँ जोरों पर**

चिटाही धाम में 4 से 12 फरवरी 2025 तक भव्य श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस महायज्ञ में लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। महायज्ञ के दौरान शोभायात्रा, प्रवचन, भक्ति जागरण, कवि सम्मेलन और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। सांसद ढुलू महतो ने देशभर के श्रद्धालुओं से इस महायज्ञ में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

**श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएँ**

महायज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, वहीं विशाल भंडारा, चिकित्सा सुविधा, जलपान और विश्राम स्थल की विशेष व्यवस्था की गई है। सांसद श्री महतो ने खा की चिटाही धाम का यह महायज्ञ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और आध्यात्मिक धरोहर को संजोने का एक पवित्र प्रयास है। श्रद्धालुओं, संतो और धर्मप्रेमियों से अनुरोध है कि वे महायज्ञ में आकर इसे ऐतिहासिक बनाएँ।

### गोमो आरपीएफ इंस्पेक्टर पर हत्या का आरोप

**धनबाद।** गोमो आरपीएफ पोस्ट के इंस्पेक्टर संतोष कुमार झा के खिलाफ वासेपुर करीमगंज निवासी मोहम्मद मुमताज अंसारी ने घातक हथियार से हमला कर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायतवाद दाखिल किया है। अदालत ने शिकायतवाद को प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अपेक्षा की अदालत को स्थानांतरित कर दिया है। गुरुवार को शिकायतकर्ता ने अपने अधिवक्ता उदय कुमार भट्ट के साथ प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अपेक्षा की अदालत में उपस्थित होकर आप बीती सुनाई। अदालत ने शिकायतकर्ता के आवेदन को स्वीकार कर जांच के लिए रख लिया है। शिकायत वाद में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि विगत 20 जनवरी को मोहम्मद इरफान अंसारी के जरिये आरपीएफ इंस्पेक्टर ने उसे थाना बुलवाया, जहां उससे एक लाख रुपये की मांग की गई। विरोध करने पर उसे धमकी दी और मारपीट की गई। घायलावस्था में उसे गोमो जीआरपी को सुपूर्द कर दिया गया। 21 जनवरी को गोमो जीआरपी ने जख्मी हालत में उसे बैंकमोड़ थाना को सुपूर्द कर दिया। बैंक मोड़ थाना में उसकी तबीयत खराब हो जाने के कारण उसे पाटलिपुत्र नर्सिंग होम में दाखिल कराया गया। आवेदन में उसने कहा कि वह हार्ट का मरीज है। बैंक मोड़ थाना ने उसे बिना गिरफ्तारी के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज का सारा खर्च उसने स्वयं वहन किया और अस्पताल से डिस्चार्ज होकर चला गया।

# भूमि विवाद सुलझाने पांकी बराज पहुंचे अपर समाहर्ता



**शिवशंकर पासवान**

**पांकी पलामू।** अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, फॉरेस्टर, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, सीओ राज कुंवर सिंह, उपप्रमुख अमित चौहान, सीआई उपेन्द्र कुमार, महावीर प्रसाद पूर्व मुखिया कामख्या नारायण सिंह सहित पांकी थाना एएसआई गुरुवार को पांकी बराज पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज 31 लोगों का एलपीसी कैंप के माध्यम से बनाया जा रहा है, जिनकी कागजी प्रक्रिया में गड़बड़ी थी। उन्होंने कहा कि भूमि का आपसी विवाद, जिसका कागजी प्रक्रिया बकाया है उसका निपटारा किया जा रहा है। बताया कि 30 लोगों का आपसी विवाद था, जिसे 20 लोगों का आपस में निपटारा हो चुका है। दस लोगों का बाकी है। आपस में निपटारा नहीं होने के बाद वंशावली के आधार पर कागजी प्रक्रिया को के जांचों के बाद मामले को कोर्ट भेजा जायेगा, जिसका न्यायालय के माध्यम से निपटारा किया जायेगा जिसका सात दिनों के अंदर भुगतान किया जायेगा।

## हुसैनाबाद सीओ पर जबरन भूमि कब्जा करने का लगाया आरोप

# सेवानिवृत्त शिक्षक ने की जांच की मांग

**गौतम पटेल**



**हुसैनाबाद पलामू।** अंचल थाना क्षेत्र के ग्राम डिहरी विश्रामपुर निवासी सेवा निवृत्त शिक्षक अवधेश सिंह ने हुसैनाबाद अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार पर अपना रैयती भूमि पर जबरन सरकारी भूमि का बोर्ड लगाने का आरोप लगाया है। उक्त मामले में अवधेश सिंह ने पूरे मामले की जांच अनुमण्डल पदाधिकारी हुसैनाबाद से करने की गुहार लगाया है।

पत्र में उन्होंने लिखा है कि मेरा रैयती भूमि खाता संख्या 41 खेसरा संख्या 758, 760, 761 को अंचल रिजस्टर पंजी 02 से हटा कर उसे सरकारी भूमि घोषित कर दिया गया जबकि इससे सबंधित मामला माननीय उच्च न्ययालय में लंबित हैं। जिसमें द्वतीय अपील भी किया गया। आगे उन्होंने लिखा है मेरे रसीद में लगान निर्धारण मूल्य भी बढ़ा दिया है।

वही उक्त तीनों प्लाट की राजस्व रसीद 2024-25 तक ऑनलाइन निर्गत हैं यह भूमि मेरे पिता विद्यासागर के नाम से प्राप्ति हैं अंचलाधिकारी इसमें मानमानी करते हुए 22 जनवरी को बिना सूचना दिए लगे धान की फसल में सरकारी बोर्ड लगा दिये। इधर, इसमें सीओ पंकज कुमार का कहना है कि मैं पूर्व में कई बार इनको सूचना दे चुका हूं कि यह जमीन सरकारी है। इस मामले में न्यायालय से भी सरकारी होने का आदेश प्राप्त है जिसके आधार पर बोर्ड लगाया हैं और इस तरह की अन्य कई मौजा में भी सरकारी भूमि पर अवैध दखल कब्जा दिखा कर राजस्व रसीद लोग कटवा रहे है उसकी भी जांच हो रही है। सभी लोगों पर नियम संगत कार्रवाई की जा रही है। आगे भी जारी रहेगा।

# राज्य सरकार से मिल रही सुविधा का लाभ मरीजों को मिले : सिविल सर्जन डॉ अनिल

- सिविल सर्जन ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण कुव्यवस्था देखकर भड़के
- प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और बीपीएम को लगायी कड़ी फटकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने गुरुवार को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने महिला वार्ड, जेनरल वार्ड, कुपोषण वार्ड, जेनरल वार्ड, दवा वितरण समेत विभिन्न वार्डों का सघनता पूर्वक जांच किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में गंदगी व अव्यवस्था देख कर भड़क उठे। सीएस ने अस्पताल की साफ सफाई, नियमानुसार बेड की बेहतर व्यवस्था के अलावा अस्पताल के पुराने उपकरण को बदलने एवं दवा की पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तीन दिनों के अंदर साफ सफाई समेत नियमानुसार व्यवस्था नहीं की गई तो संबंधित के खिलाफ विभाग को लिख कर कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार व्यवस्था में किसी तरह की कमी नहीं कर रही है तो मरीजों को इसका लाभ क्यों नहीं मिल रहा है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डों में लगे बेड पर चादर नहीं पाये जाने एवं गंदा चादर बिछाये जाने पर कड़ी फटार लगाया। साथ ही अस्पताल परिसर में जगह जगह पर गंदगी को देखकर भड़क गये। उन्होंने प्रभारी व बीपीएम को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि सरकार सफाईकर्मियों की बहाली की है इसके बावजूद भी समुचित सफाई नहीं होना यह लापरवाही को उजागर करता है। इस पर उन्होंने प्रभारी व बीपीएम को निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्देशों का अनुपालन तीन दिनों के अंदर हो जानी चाहिए वरना विभागीय कार्रवाई भुगतने के लिए तत्पर रहें। इसके बावजूद कुपोषित बच्चों का रख रखाव उचित ढंग से नहीं किया जाना लापरवाही का द्योतक है। निरीक्षण के दौरान प्रभारी डा विनेश कुमार, बीपीएम विभूति कुमार गुप्ता, डॉ मुकेश कुमार सिंह व अन्य शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### मोहम्मदगंज : हर्षोल्लास मना गणतंत्र दिवस



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास गणतंत्र दिवस मनाया गया। मौके पर प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख अर्चना देवी, थाना परिसर में थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, पीएम श्री अपग्रेड प्लस टू उवि में प्रभारी प्राचार्य राकेश सिंह, आदर्श प्लस टू उवि रहमानिया तारा में प्राचार्य मनोज कुमार, सोनबरसा पंचायत सचिवालय में मुखिया प्रिया सिंह, भाजपा कार्यालय परिसर में मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, केनरा बैंक शाखा में अनेकांत दिवाकर समेत सभी सरकारी तथा गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और तिरंगे को सलामी दी गयी

### पड़वा : तिरंगा को शान से दी सलामी





**पड़वा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को 76वें गणतंत्र दिवस पर सरकारी गैर-सरकारी संस्थाओं में शान के साथ तिरंगा लहरा। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में परिसर में प्रखण्ड प्रमुख गीता मेहत, थाना में प्रभारी चंद्रशेखर यादव, कठौतिया कोल माइंस में एजेंट राजू सिंह, फेयरमाइन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड कार्यालय में जीएम यशवंत कुमार, सूरत प्लस टू हाई स्कूल लोहड़ा में प्रभारी प्रधानाध्यापक दिव्या टोप्पो, अरण्या कोल माइंस में अरविंद सिंह, एलएलटीसी में मुनीर हुसैन , भाजपा के प्रखंड कार्यालय में अध्यक्ष राकेश पांडेय ने झंडोतोलन किया व तिरंगे को सलामी दी। मौके पर बीडीओ अमित झा, एचआर हेड अरुप बनर्जी, सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती, राकेश सिंह, निशीकांत कुमार, अमरेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, उज्ज्वल डे, प्रमोद सोनी व कई लोग मौजूद थे।

### कृषक पाठशाला सह प्रशिक्षण आयोजित



**मोहम्मदगंज (अनूप कुमार)।** कृषि प्रौद्योगिक प्रबंध अभिकरण पलामू ने गुरुवार को ग्राम पंचायत मोहम्मदगंज टोला स्थित झारीवा में कृषक पाठशाला लगायी। संचालक बिहारी मेहता ने कृषक पाठशाला में वैज्ञानिक विधि से फूलगोभी जैविक खाद खेती करने की प्रशिक्षण दिया। एटीएम युसूफ कुमार, प्रखंड पांडू एटीएम प्रशांत तिवारी, कृषि मित्र दीपक मेहता ने प्रशिक्षण खेती के उन्नत फसल करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर किसान महेंद्र मेहता, सच्चिदानंद मेहता, महंग यादव, राजेंद्र मेहता, सीमा देवी, सुजान्ती देवी, सुमित्रा देवी भी थे।

### सहयोग को पुलिस तत्पर: थाना प्रभारी



**रामगढ़, पलामू।** थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी ओमप्रकाश शाह ने की। बैठक में शामिल सभी लोगों से पूजा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सलाह ली गयी। थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। कोई बात होती है तो तत्काल उन्हें सूचना दें। बैठक में एएसआई शिवशंकर प्रसाद, रामदर्श महतो, अशोक सिंह, लखन महतो, सोमाय मलगंडी, चोरहट मुखिया मोतीलाल मुंडा, ऊलडंडा मुखिया पति महेंद्र प्रसाद आदि थे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**चैनपुर।** डालटनगंज-गढ़वा मुख्य मार्ग पर मंगरदाहा घाटी में गुरुवार को पिकअप और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से जख्मी है। उसे एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। उसकी स्थिति चिंताजनक है। मृतक की पहचान चैनपुर के बरांव टोला करमाहा के श्रवण चौधरी पिता विद्या चौधरी और जख्मी की राकेश चौधरी के रूप में हुई है। परिजनों ने प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### पलामू जिले में अवैध गतिविधियों पर सक्रियता से लगायें रोक: डीसी-एसपी



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम जरूरी है। इससेसे विधि व्यवस्था संधारण में भी मदद मिलेगी। अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम में टास्क फोर्स की अहम भूमिका है। सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय रखकर कार्य करने से इसमें मदद मिलेगी। यह बातें उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक में अधिकारियों को निदेशित कर रहे थे। बैठक में एसपी रीष्मा रमेशन एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार भी उपस्थित थे।

# ग्रामीण मंडल में शिविर लगाकर भाजपा ने बनाये 250 नये सदस्य

- भाजपा का मेदिनीनगर मंडल व ग्रामीण मंडल में शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सदस्यता अभियान में शामिल भाजपा नेता व अन्य।

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में नगर मंडल मेदिनी नगर एवं ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर में शिविर आयोजित कर सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अभियान में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू जिला प्रभारी विकास प्रीतम सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अभियान के तहत आज 250 नये प्राथमिक सदस्य बनाये गये। मुख्य अतिथि विकास प्रीतम सिन्हा ने व्यक्तिगत रूप से लोगों को सदस्यता दिलाते हुए भाजपा की विचारधारा और नीतियों से अवगत कराया अभियान में कार्यकताओं ने नमो एप के माध्यम से एवं फॉर्म भरकर लोगों को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता प्रदान की। अभियान के दौरान लोगों में भाजपा के प्रति उत्साह देखने को मिला, जहां महिलाएं, युवा और वरिष्ठ नागरिक सभी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते नजर आये। इस दौरान भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि यह अभियान निरंतर 31 जनवरी तक चलेगी। इसके बाद 15 जनवरी से सक्रिय सदस्य भी बनाए जा रहे है उन्होंने कहा की यह अभियान नगर मंडल मंडल एवं ग्रामीण मंडल के सभी बूथों में जाकर भाजपा कार्यकर्ता प्राथमिक सदस्य बनाएं एवं हर बूथ में 200 प्राथमिक सदस्य 03 सक्रिय सदस्य अवश्य बनाएं। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अजय सिंह परशुराम ओझा, रूपा सिंह, अभिमन्यु तिवारी, जितेंद्र तिवारी, रीना किशोर, मंजू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत रन फॉर सेफ्टी मैराथन का आयोजन

# नुक्कड़ नाटक कर यातायात नियम पालन करने का दिया सख्त संदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज पलामू में जिला परिवहन विभाग, यातायात थाना पलामू एवं लेस्लीगंज थाना के संयुक्त तत्वावधान में गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज पलामू के प्रधानाचार्य डॉ संजय कुमार सिंह , अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के साथ मिलकर 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025' के अंतर्गत 'रन फॉर सेफ्टी' मैराथन किया। इसका मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना था। मैराथन में इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



लोगों को जागरूक करते अधिकारी-पदाधिकारी, यमराज व अन्य।

**खास बातें :** इस दौरान प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने एवं दूसरों को भी इन नियमों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। वही बिना हेलमेट के चल रहे कई वाहन चालकों को लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता एवं यातायात प्रभारी समाल अहमद पलामू द्वारा माला पहनकर हेलमेट लगाने की अपील की गई। इसी क्रम में इंजीनियरिंग कॉलेज लेस्लीगंज में सड़क सुरक्षा से संबंधित 'नुक्कड़ नाटक' का भी आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, हेलमेट के उपयोग, यातायात नियमों के पालन एवं शराब पीकर वाहन चलाने के दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। वही नाटक द्वारा दर्शकों को सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीरता से सोचने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी एवं सामग्री वितरित की गई और उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विकेश कुमार सिंह, प्रकाश कुमार, डब्लू कुमार, पप्पू कुमार, शिवरतन कुमार आदि सैकड़ो छात्र छात्राओं उपस्थित थे।

### खरौंधा में मुखिया ने किया बाइक गैरेज का उद्घाटन



**पाटन पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत सगुना के ग्राम खरौंधा में बिकुआ के जनाब ऐनुल अंसारी के पुत्र मो सहमूद अंसारी उर्फ छोटू मिस्त्री के दो पहिया मोटर बाइक गैरेज का उद्घाटन सगुना मुखिया मंजू देवी ने किया। मौके पर सुरेंद्र सिंह, पूर्व पंसस सह पंसस प्रतिनिधि मुस्तकिम अंसारी, अल्हाज अब्दुल, डॉ शमीम आलम, नन्हू अंसारी, सहदूल अंसारी, विकेश सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता कलीम अंसारी, नौशाद आलम, विशाल सिंह, असगर अंसारी, हामिद अंसारी, महमूद अंसारी उपस्थित थे।

# बापू की पुण्यतिथि पर कुष्ठ उन्मूलन को सिविल सर्जन ने दिलायी शपथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- 30 जनवरी से 14 फरवरी तक चलाया जायेगा कुष्ठ जागरूकता एवं कुष्ठ रोग खोज अभियान



**मेदिनीनगर।** सिविल सर्जन डा अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान - 2025 एवं कुष्ठ रोग खोज अभियान (द्वितीय चक्र) के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में गांव स्तर पर ग्रामगोष्ठी का आयोजन करने, आंगनबाड़ी, स्कूलों व स्वास्थ्य केंद्रों में शपथ दिलाने एवं कुष्ठ रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन ने कहा कि 30 जनवरी से 14 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता एवं कुष्ठ रोग खोज अभियान के दौरान जिन-जिन गांवों में विगत 5 वर्षो के अंदर एक भी कुष्ठ के रोगी मिले हैं वहां सहिया एवं पुरुष स्वयंसेवक द्वारा घर-घर जाकर लोगों की शारीरिक जांच की जायेगी एवं उन्हें कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जायेगा। अभियान के दौरान लोगों को बताया जाएगा कि यह रोग न अभिशाप है न पुश्तैनी रोग है।

# ए के सिंह डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- सुरक्षित यात्रा के लिए हेलमेट का करें उपयोग : प्राचार्य



**हुसैनाबाद पलामू।** नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी से संबंधता प्राप्त अवधेश कुमार सिंह डिग्री कॉलेज जपला में गुरुवार को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देश के आलोक में एक जनवरी से 31 जनवरी तक पूरे क्षेत्र में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जाना है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर से एक जागरूकता रैली निकाला जिसमें छात्र-छात्राओं ने हाथ में आपका भविष्य आपका हाथ, इसलिए हेलमेट रखें साथ, हेलमेट लगाओ, सुरक्षित जीवन पाओ आदि कई स्लोगन लिखे हुए तख्ती लेकर जपला देवरी मुख्य पथ पर सड़क सुरक्षा के प्रति आम लोगों को सजग और जागरूक किया। प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और जूता का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

### महाकुंभ में भगदड़ की घटना दुखद : सूरज पांडेय



**चैनपुर पलामू।** प्रखड़ के तलेया पंचायत के पंसस प्रत्याशी भाजपा नेता सूरज पांडेय ने महाकुंभ मेला में उत्तर प्रदेश सरकार की व्यवस्था को उचित करार दिया है। कहा कि महाकुंभ पर संगम में स्नान करके लौटे हैं। पूरे मेला में प्रशासन काफी मुस्तैद है। अगर कोई व्यक्ति व्यवस्था में कमी बता रहा है तो तुच्छ राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने महाकुंभ मेला में हुए भगदड़ पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### हनुमान मंदिर की प्रथम वर्षगांठ आज



**विश्रामपुर (पलामू)।** नप के वार्ड नौ के डंडीला खुर्द स्थित हनुमान मंदिर की प्रथम वर्षगांठ शुक्रवार को मनायी जायेगी। मौके पर कई धार्मिक अनुष्ठान होंगे। जानकारी आयोजन समिति के कुंदन शुक्ला ने दी। बताया कि शुक्रवार अहले सुबह से ही विशेष पूजा अर्चना शुरू हो जायेगी। इसके बाद सुबह-शाम महाआरती होगी। दोपहर दो बजे से महाभंडारा होगा। रात्रि में 12 घंटे का अखंड कीर्तन भी होगा। सभी धार्मिक अनुष्ठानों की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है।

### महुलिया का हर्ष 27 जनवरी से लापता



**पाटन पलामू।** नावा जयपुर थाना अंतर्गत महुलिया का हर्ष कुमार (14) पिता अभिमन्यु प्रसाद अपने घर से 27 जनवरी की शाम से लापता है। परिजन हर जगह खोजबीन किये लेकिन अभी तक पता नहीं चल सका है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हर्ष को दो लोगों ने बाइक पर बैठाकर ले जाते हुए देखा गया था, जो अंजान बताये गये हैं। परिजनों ने नावा जयपुर थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। पुलिस हर्ष की खोजबीन कर रही है परंतु अभी तक कोई अता पता नहीं चल पाया है। वहीं परिजनों एवं ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में नावा जयपुर थाना पहुंच कर हंगामा किये तथा जल्द सकुशल रिहाई की मांग की है।

# विश्रामपुर नप और आंचलिक क्षेत्र में शान से लहराया तिरंगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों व खेलकूद प्रतियोगिताओं की रही धूम



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी सरकारी तथा गैर सरकारी प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा शान से लहराया। इस अवसर पर क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों व खेलकूद प्रतियोगिताओं की धूम रही। विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय पर प्रमुख रंभा कुमारी, विश्रामपुर नप कार्यालय पर कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत, विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार, पुलिस निरीक्षक कार्यालय पर इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान व विश्रामपुर थाना में थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने ध्वजारोहण किया।

## तीन मुदालय बरी

**मेदिनीनगर।** जिला व्यवहार न्यायालय के अष्टम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आयशा खान की अदालत ने सत्र वाद संख्या 237/ 19 के आरोपी शैलेश महतो व अन्य तीन मुदालय को साक्ष्य व सबूत के अभाव में निर्दोष पाकर बरी कर दिया है। विदित हो कि शैलेश को डालसा से एल ए डी सी एस के वकील पक्ष रख रहे थे। वहीं तीन मुदालय का पक्ष निजी वकील रख रहे थे। इसके सूचक तरहसी थाना कसमार के सुरेश सिंह ने तरहसी थाना में अज्ञात लोगों पर अपने पुत्र मनीष की हत्या कर शव को कुएं में डालने की शिकायत की थी।

# हिंडालको ने आर्टिफिशियल ज्वेलरी मेकिंग का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- परिवार व समाज के विकास के लिए महिलाओं को सशक्त बनना जरूरी: डीपीएम



**पंडवा पलामू।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर ईकाई द्वारा सिक्का मोड़ के पास आर्टिफिशियल ज्वेलरी मेकिंग प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। इसका उदघाटन जेएसपीएल के डीपीएम अनीता केरकेट्टा ने फीता काट कर किया। मौके पर डीपीएम अनीता केरकेट्टा ने कहा कि परिवार, समाज व राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए महिलाओं को सशक्त बनाना जरूरी है। जब तक देंश की आधी आबादी सशक्त व आत्मनिर्भर नहीं बनेगी तब तक संपूर्ण विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने हिंडालको कंपनी द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने की दिशा में किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

## संत मरियम स्कूल में मनायी गयी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत : प्राचार्य

**अजीत कुमार दूबे**



कार्यक्रम के मौके पर मंच पर उपस्थित अतिथि व अन्य।

**मेदिनीनगर।** कजरी स्थित संत मरियम स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनायी गयी। विद्यालय के प्राचार्य कुमार आदर्श व अन्य शिक्षकों ने महात्मा गांधी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने महात्मा गांधी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के ही दिन वर्ष 1948 में नाथूराम गोडसे ने बापू की गोली मारकर हत्या की थी। उन्होंने बच्चों को बापू जी की महानता और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उनके बताये गये मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी ने अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराया। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिसा के बल पर ही देश को आजादी दिलाई तथा वह हमेशा सत्य और अहिसा के मार्ग पर डटे रहे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य व अहिंसा का सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। इनके बताये मार्गों पर चलने की जरूरत है। मौके पर शैक्षिक प्रबंधक स्वाधीन पाल, समन्वयक अमरेंद्र कुमार, निकिता गुप्ता व अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा केवल निखारने की जरूरत: आशीष सिन्हा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



खिलाड़ियों को खेल सामग्री देते आशीष सिन्हा व अन्य।

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह पंचायत में गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा तथा पांकी विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि अजय उरांव ने खिलाड़ियों के बीच वॉलीबॉल तथा नेट का वितरण किया गया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने कहा कि खिलाड़ी देश के भविष्य हैं।

विगत पांच वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को हौसला अफजाई करते आ रहे हैं ताकि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी भी खेल का अच्छा प्रदर्शन कर क्षेत्र तथा देश का नाम रौशन करे। खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारें। खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर आगे बढ़ें। वहीं अजय उरांव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है सिर्फ निखारने की जरूरत है। मौके पर अशोक यादव, महामंत्री चंचल यादव, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अनुज कुमार, धीरज सिंह, रामस्वरूप राम, खिलाड़ी विवेक कुमार, बिकाश कुमार, बिकु कुमार, बिपिन बिहारी रजक, दिनेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# कस्तूरबा की छात्राओं को पुलिस पदाधिकारियों ने किया जागरूक



जानकारी देते पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** बढ़ते साइबर क्राइम, मानव तस्करी एवं यातायात नियमों की जानकारी को लेकर पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय के छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया।

इस दौरान विद्यालय में उपस्थित तमाम छात्राओं को यातायात के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट एवं वाहन की संपूर्ण कागजात साथ में रखना चाहिए, ताकि यातायात चेकिंग के दौरान मांगे जाने पर दिखाया जा सके। नहीं तो चलान के साथ सजा भी हो सकती है। अंडर एज नाबालिक बच्चों को वाहन नहीं चलाना चाहिए, नहीं तो पकड़े जाने पर मुसीबत में फंस सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत बड़ा महत्व है। शिक्षित रहकर ही जाकरुक समाज का निर्माण किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने बढ़ते साइबर क्राइम एवं मानव तस्करी की रोक थाम एवं बचाव के बारे में विधिवत जानकारी दी। इस दौरान थाना एसआई चंदन प्रधान, नसीम अंसारी, शिक्षक अनिल कुमार पाठक, आरती कुशवाहा, सरिता कुमारी, ईशा टोपनो, किरण पांडेय सहित विद्यालय के तमाम छात्राएं उपस्थित थी।

# डीजे संचालकों के साथ थाना प्रभारी ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना के सभागार में प्रखण्ड के सभी डीजे संचालकों व सरस्वती पूजा आयोजकों के साथ एक बैठक थाना प्रभारी अविनाश राज की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। थाना प्रभारी ने सभी सरस्वती पूजा आयोजकों व डीजे संचालकों को स्पष्ट रूप से निर्देश देते हुए कहा कि डीजे के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

उन्होंने कहा कि अगर इस निर्देश का अनुपालन में कहीं से कोई कोताही की सूचना मिलती है तो उक्त पूजा आयोजन कमिटि व सम्बंधित डीजे संचालक के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी साथ ही डीजे सहित सभी उपकरण को जब्त कर लिया जाएगा। इस प्रतिबंध का मुख्य उद्देश्य थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करना और ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करना है ।उन्होंने कहा कि यह सभी की जिम्मेदारी बनती है कि वे प्रशासन के आदेशों का अनुपालन करें और सांस्कृतिक आयोजनों को शांतिपूर्ण और नियमों के अनुसार संपन्न करें ।थाना प्रभारी ने स्थानीय लोगों से भी अपील करते हुए कहा है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करे और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस को सूचित करें। आप सभी सरस्वती पूजा को शौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण सम्पन्न करें। पुलिसप्रशासन सभी के सहयोग की अपेक्षा करती है।



बैठक करते थाना प्रभारी

# शांति समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** थाना परिसर में आगामी सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के सभी सरस्वती पूजा समितियों (लाइसेंस धारी, गैर लाइसेंसधारी) एवं डीजे संचालक के साथ में बैठक कर कई निर्णय लिया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, डीजे के जगह लाउडस्पीकर बजाएं। अश्लील गानों का प्रयोग न करें। पूजा करने वाले पूजा समिति थाना में आवेदन दें, आवेदन में विसर्जन का रूट और विसर्जन का समय निर्धारण करें। विसर्जन संध्या 5 बजे तक किया जाएगा।


**समाहरणालय, चतरा**
**(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
sport.chatra@gmail.com

**आम सूचना**

निदेशानुसार एतद् द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि राजकीय ईटखोरी महोत्सव–2025 का आयोजन दिनांक–19 से 21 फरवरी तक निर्धारित है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपने प्रस्तुति हेतु इच्छुक चतरा जिले के वैसे स्थानीय कलाकार जो सुगम संगीत गजल/लोक गीत/लोक गायन/शास्त्रीय संगीत व ग्रुप डांस में अपना प्रस्तुति करना चाहते है, वे अपना नाम, पता, एवं मोबाईल नम्बर, पेन ड्राईव में परफोरमेंस विडियो क्लिप (Resume) के साथ पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा, समाहरणालय चतरा में दिनांक–06.02.2024 के कार्यालय अवधि तक जमा कर सकते है।

उक्त के आलोक में आपके दिए हुए परफोरमेंस विडियो क्लिप को कलाकार चयन समिति द्वारा देखकर गहन विचारोपरांत राजकीय ईटखोरी महोत्सव–2025 में प्रस्तुति हेतु चयन किया जायेगा। तदनुसार अग्रेतर सूचना आपको ससमय सूचित कर दिया जायेगा।

ह0/–
जिला क्रीड़ा पदाधिकारी–सह–पर्यटन नोडल पदाधिकारी, चतरा।

PR 345507 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (24-25)#D



**असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा**
Email-cs.lohardaga2@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में दिनांक 28 जनवरी, 2025 को संत उर्सुला ए0एन0एम0 ट्रेनिंग स्कूल में PCPNDT Act के तहत् Save the Girl Child अभियान अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ0 शम्भुनाथ चौधरी, सिविल सर्जन, सदर अस्पताल, लोहरदगा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को PCPNDT Act. के कानूनी प्रावधानों, तकनीकि प्रावधानों एवं मुखबिर योजना के बारे में जानकारी दिये। डॉ0 अमर नाथ डे, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, लोहरदगा छात्राओं को PCPNDT Act. में वर्णित लिंग जाँच के तकनीकियों की जानकारी दिये।

कार्यक्रम में उपस्थित स्वयं सेवी संस्थान LGSS, हंस फाउण्डेशन और होप संस्था के प्रतिनिधियों ने जेंडर असमानता, Child Rights, POCSO एवं हेल्पलाईन नम्बर 1098, 112, 121, 104 के विशय में बताया। इसके साथ ही बच्चियों के अधिकारों के प्रति जागरूक रहने संबंधी बातों की चर्चा हुई। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का लक्ष्य लड़कियों के साथ होने वाले भेदभाव को दूर करना है। कार्यक्रम में होप संस्था के जिला समन्वयक, अमित सिंह, LGSS से अरविंद कुमार, हंस फाउण्डेशन से अमित कुमार, PCPNDT कॉर्डिनेटर जोफा लकड़ा, राजेश कुमार, लिपिक एवं मो0 मुस्तफा, STT उपस्थित रहे।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 345486 Lohardaga(24-25)#D



**कार्यालय :– जिला उद्यान पदाधिकारी, चतरा**
**संयुक्त कृषि भवन, तपेज, चतरा पिन कोड–825401**
e-mail : dhochatra@gmail.com

**अल्पकालीन आम सूचना**

विभागीय स्वीकृत्यादेश स0–42 दिनांक 24.07.2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में झारखण्ड राज्य उद्यान विकास योजनान्तर्गत "प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" के कार्यान्वयन किया जाना है। इस योजना के तहत् राज्य के शहरी क्षेत्रों में हरित आवरण सुनिश्चित करने तथा भूमंडलीय उष्मीकरण हमले के विरूद्ध पर्यावरण संतुलन बनाये रखने एवं पौष्टिक सुरक्षा प्रदान करने, आजीविका के स्थाई स्रोत का सृजन कराने साथ ही रोजी–रोटी तथा भोजन के लिए पलायन को रोकने के उद्देश्य से शहरी इलाकों एवं उससे सटे हुए आस–पास के शहरी क्षेत्रों में बसे हुए परिवार के घरों के आवासीय परिसर में खाली पड़े छोटे भू–खण्ड सरकारी परिसर जहाँ स्थान उपलब्ध हो एवं Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जीयों, फूलों एवं फलों के उत्पादन किया जाना है।

इन योजनाओं का लाभ लेने इच्छुक कृषक को कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर विहित प्रपत्र पूर्ण रूप से भर कर पंचायती राज संस्था के मुखिया/जनप्रतिनिधि से अनुशंसा कराकर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 07/02/2025 को 05:00 बजे अपराह्ण तक आवेदन दे सकते हैं।

आवेदन पत्र के साथ आवश्यक कागजात यथा आवेदक का फोटोग्राफ, आधार कार्ड, मोबाईल नं0 बैंक पासबुक, शपथ पत्र जमीन संबंधि अद्यतन रसीद संलग्न होना आवश्यक है।

सभी योजना की विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र जिला उद्यान कार्यालय, संयुक्त कृषि भवन, तपेज, चतरा से प्रत्येक कार्य दिवस 11:00 बजे पूर्वा0 से 05:00 बजे अपराह्न तक प्राप्त किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी, चतरा।

PR.NO.345419 Agriculture(24-25):D


# महात्मा गांधी ने दुनिया के लिए सत्य और अहिंसा का प्रकाश पुंज फैलाया



उपस्थित बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में महात्मा गांधी का शहीद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं गांधी जी की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि महात्मा गांधी ने दुनिया के लिए सत्य और अहिंसा का प्रकाश पुंज को फैलाया। उन्होंने यह साबित कर दिखाया कि इस मार्ग पर भी चल कर हम अपने दुश्मनों के हृदय को जीत हासिल कर सकते हैं। उनके विचार व सिध्दांत भारत को विश्व के फलक पर एक अलग पहचान दिलाई। यह सत्य और अहिंसा हमारे जीवन के हर रूप में सहायक है। उन्होंने अपने सपनों का भारत बनाने में कठिन संघर्ष किया। उनका मानना था कि गरीबी, बेकारी, अशिक्षा, असमानता, भेदभाव और शोषण सभी सामाजिक प्रगति के अवरोध हैं और जब तक इससे मुक्ति नहीं मिलेगी तब तक एक समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। सभा का संचालन मुकेश भारती और धन्यवाद ज्ञापन सन्तोष प्रसाद ने की। मौके पर शिक्षक संतोष प्रसाद, खुर्शीद आलम, विकास कुमार, मुकेश भारती, कृष्ण कुमार, नीलम कुमारी, सरिता दुबे, शिवानी गुप्ता, पूजा प्रकाश, ऋषभ कुमार, रागिनी कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

# पुलिस टीम ने छपामारी कर 3 जुआरियों को किया गिरफ्तार



जानकारी देते

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** 29 जनवरी को पुलिस अधीक्षक रामगढ अजय कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के बगीचा कॉलोनी दामोदर नदी के किनारे स्थित सार्वजनिक स्थान पर कुछ जुआरी के द्वारा जुआ खेल रहे हैं, खेलने के क्रम में जुआरियों के द्वारा हल्ला-गुल्ला किया जा रहा था। जिससे आस-पास के स्थानीय लोगों को नगवार लग रहा था। तत्पश्चात अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में के एक टीम का गठन किया गया। जिसमें थाना गश्ती के पदाधिकारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी / कर्मी शामिल हुए। उक्त पुलिस टीम द्वारा त्वरित करते हुए जुआ खेल रहे जुआरियों को पकडने के लिए बगीचा कॉलोनी दामोदर नदी के किनारे जाकर घेराबंदी करते हुए छापामारी किया गया । जिसमें कुछ जुआरी पुलिस को देखते हीं झाड़ी एवं नदी का लाभ उठाकर 07-08 जुआरी भाग निकले तथा भाग रहे 03 जुआरी को दौड़ा कर पकड़ा गया। जुआ खेल रहे स्थल पर ताश का एक गड्डी पत्ता, 03 मोटर साईकिल एवं 01 स्कूटी तथा जुआ स्थल से कुल 17,300/ रूपया एवं एक मोबाईल फोन बरामद किया गया। इस संबंध में अग्रतर कार्रवाई करते हुए रामगढ़ थाना कांड सं0 34/25 दिनांक 29.01.2025 धारा-292/3 (5) बी०एन०एस०-2023 एवं 11 बंगाल सार्वजनिक जुआ अधि० के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## गिरफ्तार जुआरियों का नाम-पता

1. अमित कुमार उम्र-28 वर्ष पिता-नागदेव नोनिया सा0-केदला, घाटोटांड थाना-माण्डू (वे0बो0) जिला-रामगढ़
2. गुडू यादव उम्र 37 वर्ष पिता-स्व0 टेकन यादव सा0-पोचरा थाना-माण्डू (कुज्जू) जिला-रामगढ़
3. पयुम खान पिता-स्व0 नुर खान सा0-दुसाध मुहल्ला थाना जिला-रामगढ़

## जब्त सामानों का विवरण

ताश का 52 पत्ता, कुल 17300/रूपया, एक रियलमी कंपनी का मोबाईल, स्कूटी नं0 जेएच24के-3594, लाल रंग का मोटर साईकिल एफजेडएस नं0 जेएच 24 एफ -3422, स्पलेण्डर मोटर साईकिल नं0 जेएच 01 एम -0607, स्पलेण्डर मोटर साईकिल नं0 जेएच 02एडब्लू -9344, छापामारी दल में रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, पुअनि मंटु कुमार शर्मा, पुअनि सलीम खान, सअनि अनिल कुमार, सअनि सुजीत कुमार सिंह, सैप आरक्षी 1309 संजय मुण्डा, सैप आरक्षी 1391 सोमा उरांव, गृहरक्षक 176 पंचानंद महतो, गृहरक्षक 38 रविन्द्र कुमार मेहता थे शामिल।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, चतरा।**
**"पशुपालकों के लिए आम सूचना"**

चतरा जिला अन्तर्गत वैसे ग्रामीण व्यक्तिगत लघु उद्यमियों /युवा शिक्षित बेरोजगारों/ स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों/सखी मण्डलों जिनकी इच्छा वृहद स्तर पर दुधारू मवेशी पालने की है को, सूचित किया जाता है कि विभाग द्वारा वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 अन्तर्गत दो चरणों में वित पोषण की जाने वाली कामधेनु डेयरी योजना (50 दुधारू गाय/भैंस की योजना ) सामान्य वर्ग के लिए 25 प्रतिशत अनुदान सह 75 प्रतिशत लाभुक अंशदान एवं बैंक ऋण तथा अनुसूचित जाति/ अनु0 जनजाति के लिए 33.33 प्रतिशत अनुदान सह 66.67 प्रतिशत लाभुक अंशदान एवं बैंक ऋण पर संचालित है। इस OSP योजना अन्तर्गत योजना का क्रियान्वयन प्राथमिकता के आधार पर झारखण्ड मिल्क फेडरेशन के कार्य क्षेत्र में चिन्हित दुग्ध पथों के ईर्द–गिर्द किया जायेगा। योजना का स्वरूप निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | योजना की लागत राशि (रू0) | सरकारी अनुदान (रू0) | बैंक ऋण (रू0) | लाभुक अंशदान (रू0) | लक्ष्य | आहर्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कामधेनु डेयरी फार्मिंग अन्तर्गत 50 दुधारू गाय/भैंस की योजना | 3976250.00 | 33.33 प्रतिशत | 56.67 प्रतिशत | 10.00 प्रतिशत | 01 | अनु0 जाति/अनु0 जन जाति अन्तर्गत ग्रामीण व्यक्तिगत लघु उद्यमी /युवा शिक्षित बेरोजगार/ स्वयं सहायता समूह के सदस्य/प्रगतिशील पशुपालक/सखी मण्डल |
| | | | 25 प्रतिशत | 65 प्रतिशत | 10.00 प्रतिशत | 04 | सामान्य वर्ग के व्यक्तिगत लघु उद्यमी /युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वयं सहायता समूह के सदस्य/प्रगतिशील पशुपालक/सखी मण्डल |

योजना का कार्यान्वयन हेतु विज्ञापन की तिथि से 15 दिनों के अन्तर्गत आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। जिला गव्य विकास कार्यालय,चतरा से निःशुल्क आवेदन पत्र कार्यालय कार्य अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।

नोट :– आवेदन पत्र के साथ ग्राम पंचायत की अनुशंसा की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, अनु0 जाति एव अनु0 जन जाति के आवेदकों के लिए जाति प्रमाण पत्र एवं पैन कार्ड की छायाप्रति एवं भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, चतरा।

PR 345436 Animal Husbandry(24-25)D


# थाना प्रभारी ने कराया विवादों का निपटारा



बात करते थाना प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनडीहा गांव में पति-पत्नी के घरेलू विवाद में धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने तत्परता दिखाते हुए स्वयं घर पहुंचकर विवादों का निपटारा किया। बता दें कि थाना क्षेत्र के सोनडीहा (दक्षिण) गांव के एक महिला सविता देवी (पति जोगिंद्र भुइयां) ने 112 पर डायल करके अपने पति के खिलाफ लगातार विवाद करने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके उपरांत स्वयं थाना प्रभारी ने मामले को गंभीरता लेते हुए दल बल के साथ शिकायतकर्ता के घर पहुंचकर मामले की जानकारी लिया। वही स्थानीय गणमान्य लोगों के साथ पति-पत्नी के बीच विवादों को निपटारा कराया। थाना प्रभारी की बातों से दोनों पति-पत्नी खुशी पूर्वक राजी हो गए। और भविष्य में झगड़ा नहीं करने का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी के इस सराहनीय कार्यों से क्षेत्र के लोगों से प्रशंसा जाहिर किया। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के लोग 112 पर डायल करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। पुलिस 24 घंटे आपके समस्या को समाधान करने के लिए तत्पर है।

# चेक बाउंस के मामले में 8 माह तथा तीन लाख जुमार्ना की मिली सजा

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायलय के एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने चेक बाउंस के पेटरवार थाना अंतर्गत चलकरी निवासी मिथुन गिरी को आठ महीने की सजा और तीन लाख रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई। सजा सुनाई जाने के बाद अभियुक्त मिथुन गिरी के अधिवक्ता के द्वारा न्यायालय में सजा के खिलाफ न्यायालय में अपील करने का आवेदन दिया।

# प्रदूषण को लेकर आउटसोर्सिंग कंपनी के डंपरों को कुछ समय तक रोका

**बेरमो।** बोकारो जिले के बेरमो प्रखंड अनुमंडल अंतगर्त सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह परियोजना में आज 30 जनवरी गुरुवार को एन ए पी एल आउटसोर्सिंग के हिंदूस्तान कंपनी में ओबी में चल रहे डंपरों से उड़ रहे छाईं को लेकर बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह ने गुरुवार को कुछ समय के लिए रोक दिया। उन्होंने कंपनी के द्वारा समय-समय पर पानी का छिड़काव करने का निर्देश दिया ताकि लोगों को इस प्रदूषण से बचाया जा सके। आगे उन्होंने मिडिया वालों से कहा कि प्रदूषण को लेकर उन्होंने एक वर्ष में लगभग आठ किडनी ट्रांसप्लांट मरीजों के पेपर बनाकर साइन किया है। वहीं कंपनी में कार्यरत कर्मियों ने कहा कि दो दो घंटे में डंपरों से पानी का छिड़काव किया जाता है ताकि लोगों को छाई से निजात मिले।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

ई-निविदा सूचना सं.: सीओएम54-एएमएन-सीएलएन-कलास्ट र7-25, दिनांक 29.01.2025; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** पारूआडीही, कुआरमुण्डा, बीरमित्रपुर, सोनाखान, सागरा, टांगरमुण्डा, बांगुरकेला, नुआगाँव, जराईकेला, भालुलता तथा बिश्रा रेलवे स्टेशनों की 1096 दिनों की अवधि के लिए परिणाम आधारित मैनुअल सफाई एवं अनुरक्षण। **विभागीय मूल्य:** रु. 1,73,02,924.64; **बयाना राशि:** रु. 2,36,500; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** रु. 5,000; **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 19.02.2025 को दोपहर 12.30 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** **www.ireps.gov.in**। **वि.द्र.:** मैनुअल निविदा स्वीकार नही की जाएगी। ठेकेदारों को **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन निविदा जमा करनी होगी। (PR-1079)


# कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी ने नुक्कड़ नाटक कर किया जागरूक

**धुरकी।** प्रखंड के सुदुरवर्ती गांव में इन दोनों कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के द्वारा नुक्कड़ नाटक के कलाकारों द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसमें वैसे कन्या जिनके माता-पिता नहीं है जो अपने लड़कियों का शादी करने में सक्षम नहीं है उनके लिए समिति के द्वारा पूरे धूमधाम से शादी कराया जाएगा। कलाकारों ने बताया कि गांव व तोले में गरीब कन्याओं का जो विवाह करने में सक्षम नहीं है वैसे कन्याओं का समिति के द्वारा 19 फरवरी को 251 कन्याओं के साथ शादी कराया जाएगा। मौके पर कलाकार जमुना प्रसाद रवि, राम प्रताप राम, सत्येंद्र कुमार रवि, श्यामलाल कुमार, रवि मदन मस्ताना, अजय कुमार चौधरी आदि उपस्थित थे।


**Government of Jharkhand**
**Industry Department**
**Directorate of Handlooms, Sericulture and Handcrafts**
**UdyogBhawan, 3rd floor, Ratu Road, Ranchi, Jharkhand-834001**

**Notice**

04/Resam-Yojna–Outsorcing-tender-02/2023–109, Ranchi, Date-29.01.2025

Technical evaluation sheet of Tender No.-1183 dated 25.11.2024 is uploaded on E-Tender website (https://jharkhandtenders.gov.in), which is based on the submitted documents on portal and requisite criteria. For any clarification bidders can mail at dir-hsh@nic.in/jdsericulture@gmail.com No new documents will be accepted. Financial bid will be opened on 04.02.2025.

Sd/-OSD
Directorate of Handloom, Sericulture and Handicraft
Jharkhand, Ranchi

PR 345427 (Directorate of Handloom Sericulture and Handicraft )24-25*D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉची।**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**

उपरोक्त माण्डर थाना काण्ड सं0 2024–11–18–दिनांक, 2024/137– धारा (2)351/64– बि0एन0एस0 के प्राथमिक अभियुक्त एनामुल अंसारी, पिता–स्व0 क्युम अंसारी, ग्राम–माण्डर बाजारटॉड, थाना–माण्डर, जिला–रॉची का द0प्र0सं0 की धारा–82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इस्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of R.T S.D.J.M Ranchi**
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]

माण्डर थाना काण्ड सं0 2024/137
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.) process 82 crpc

1. नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
एनामुल अंसारी, पिता–स्व0 क्युम अंसारी, ग्राम–माण्डर बाजारटॉड, थाना–माण्डर, जिला–रॉची
थाना–विधान सभा, जिला–रॉची।
2. किया है या करने का उस पर शुवहा है। — जो व–मुजिब दफा — मजमूअए तावीरात हिन्द
के सजा के लायक है — (2) माण्डर थाना काण्ड सं0 2024–11–18, दिनांक, 2024/137–
3. नाम एनामुल अंसारी, पिता–स्व0 क्युम अंसारी, ग्राम–माण्डर बाजारटॉड, थाना–माण्डर, जिला–रॉची
और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि (3) **वर्तमान थाना–माण्डर, जिला–रॉची**
जब
4. फरार हुआ है या रूपोश है
ताके वारन्ट मजकुर उसपर — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया
जरी न हो सके।
गया है कि (3) — जब
5. मोकाम। ग्राम–माण्डर बाजारटॉड, थाना–माण्डर, जिला–रॉची फरार मजकुर इसलिए
बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि
धारा (2) 351/64 बि0एन0एस0
मजकुर साकिनः
ब–मोकाम(5)
6. इस अदालतव रूबरू मेरे। — अ–हजुर(6)
**ब–तारीख 10** **माह 02.2025** **नालिश–मजकुर**
करे जवाब देही के लिए हाजिर हो
**आज तारीख माह सन्**

**Sd. R.T S.D.J.M Ranchi**

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्राथमिक अभियुक्त एनामुल अंसारी, कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय/**R.T S.D.J.M Ranchi** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें

पुलिस उपाधीक्षक, खलारी रॉची। –9431742777
थाना प्रभारी, माण्डर, रॉची। –9431706154


पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची।

PR 345462 (Police) 24-25 (D)

# जलवायु संकट

रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। खासकर भारत जैसे देश में जहां अधिकांश कृषि मानसूनी बारिश पर निर्भर है। सबसे बड़ा संकट हमारे कृषि क्षेत्र पर है, जहां उत्पादकता घटने से हमारी खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ती नजर आ रही है। लेकिन अब ह्यनेचर क्लाइमेट चेंजह्ल पत्रिका में प्रकाशित वह रिपोर्ट चौंकाती है, जिसमें खुलासा किया गया है कि भारत में करीब साढ़े पांच करोड़ बच्चों की शिक्षा हीटवेव से बाधित हुई है। रिपोर्ट दावा करती है कि वर्ष 2024 में लू के कारण भारत में शिक्षा व्यवस्था पर खासा प्रतिकूल असर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट लर्निंग इंटरप्टेड : ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024 में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। उल्लेखनीय है कि अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आए, लेकिन बच्चों के प्रति कोई ऐसा संवेदनशील अध्ययन सामने नहीं आया था। जिसने जहां एक ओर अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी, वहीं सरकार पर दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां यथाशीघ्र बनाये। निस्संदेह, यह अध्ययन देश के नीति-नियंताओं को चेताता है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये शिक्षा ही नहीं स्वास्थ्य आदि अन्य क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर काम करने की जरूरत है। शिक्षाविदों के साथ ही चिकित्सा बिरादरी के लोगों को भी इस ज्वलंत मुद्दे पर मंथन करने की जरूरत है क्योंकि अध्ययन में वर्ष 2050 तक बच्चों पर गर्म हवाओं का असर आठ गुना तक बढ़ने की आशंका है। 2024 की रिकार्ड गर्मी के बाद 2025 में और अधिक गर्मी बदलते मौसम का संकेत है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-1-3-5

मिथुन : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-3-5-6

कर्क : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

सिंह : आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सही समय का इंतजार करें। शुभांक-2-4-6

कन्या : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। शुभांक-1-3-5

तुला : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक-4-6-8

वृश्चिक : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। शुभांक-3-5-6

धनु : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आत्मचिन्तन करें। शुभांक-4-6-8

मकर : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। समय पर देनदार भी पैसे लौटाने में आनाकानी करेंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

कुंभ : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-2-4-5

मीन : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-1-3-5

# सत्ता और शक्ति का गहराता जा रहा नशा

**बापू** की स्मृति सात्विक मूल्यों के लिए सतत संघर्ष की याद दिलाती है। सत्य, अहिंसा, अस्तेय (चोरी न करना), अपरिग्रह (जरूरत से ज्यादा धन-सम्पदा न रखना), प्राकृतिक संसाधनों का दोहन न करना, शारीरिक श्रम, आपसी सौहार्द बनाए रखना गांधी जी के जीवन सूत्र थे। इनको लेकर वे निजी सामाजिक जीवन में खुद चलते थे और अपने साथ के लोगों को उनको अपनाने के लिए कहते थे। उनकी संगति में बहुतेरों ने अपने लिए स्वदेशी विचार-व्यवहार को अपनाया भी। गांधी जी के प्रभाव में खादी और चरखा घर-घर प्रचलित हुआ। स्वावलंबन के लिए सबने व्रत लिया। विकेंद्रीकृत और प्रजातांत्रिक तरीके से स्थानीय स्तर पर सामाजिक जीवन चलाने के कई सफल प्रयोग भी उन्होंने किए। स्थानीय और वैश्विक के अंतर्संबंधों को मानवीय स्तर पर समझने की उनकी कोशिश अनोखी थी। सीधा-सादा, सच्चा और लोक की रक्षा को समर्पित उनकी नीति स्वभाव में समावेशी थी । उन्होंने एक मानवीय राजनीतिक संस्कृति का सूत्रपात किया और साहस के साथ उसे अपनाया। जीवन भर गांधी जी प्रयोग करते रहे और स्वयं को परखते रहे। उनके लिए ह्यसर्वह्ल का कल्याण उचित अनुचित तय करने की कसौटी थी। इस तरह की सोच समय से आगे थी और स्वतंत्र भारत के कर्णधारों को कदाचित बहुत प्रिय नहीं थी इसलिए उसका हाशियाकरण उनके जीते जी ही शुरू हो गया था जिसे वह प्रकट भी कर रहे थे। स्वतंत्र भारत में मनाए गए पहले और अंतिम जन्म दिवस पर दो अक्तूबर 1947 को उन्होंने बड़े दुखी मन से अपनी मृत्यु की कामना की थी। कुछ महीनों बाद ही 1948 की जनवरी में उनके आकस्मिक और मर्मांतक दैहिक अवसान से देश के सम्मुख कई प्रश्न खड़े हुए। उनके विचार जीवित हैं और उनको स्मरण भी किया जाता है परंतु अब अनुष्ठान अधिक हैं और वास्तविकता के धरातल पर उनको उतारना बेहद मुश्किल हो रहा है। अब तो कई नेता देश की प्राथमिकता को दांव पर लगाने में भी लोग नहीं चूकते।

अपने मूल सैद्धांतिक स्वभाव से राजनीति जनार्दन की जनता की सेवा के लिए है और सरकार का दायित्व और काम मुख्यतः जनता की सुख-सुविधा की व्यवस्था को सुनिश्चित करना और उनके लक्ष्यों को पाने में मदद करना है। इस दृष्टि



से नेतागिरी समाज को समर्पित जनसेवा का उपक्रम हो जाता है। सच्चाई और ईमानदारी देश के निर्माण और प्रगति का आधार होता है। यह दुखद सच्चाई है कि बदलते दौर में अब भारत की राजनीतिक पार्टियां देश सेवा से विराट हो कर व्यापार और उद्योग धंधे का रूप लेती जा रही हैं। अब इन पार्टियों के चुनाव प्रचार का नजारा

अब मंच, रैली और फोन आदि भिन्न-भिन्न तरीकों से मतदाताओं तक अधिकाधिक पहुंच बनाई जाती है। घर-घर चलते घनघोर प्रचार के साथ वादा, संकल्पों और गारंटियों के एक से एक तोहफों की घोषणाओं की भरमार होती है। पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, धर्माटन आदि को लेकर मुफ्त सुविधाओं की



**- गिरीश्वर मिश्र**

> अब मंच, रैली और फोन आदि भिन्न-भिन्न तरीकों से मतदाताओं तक अधिकाधिक पहुंच बनाई जाती है। घर-घर चलते घनघोर प्रचार के साथ वादा, संकल्पों और गारंटियों के एक से एक तोहफों की घोषणाओं की भरमार होती है। पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, धर्माटन आदि को लेकर मुफ्त सुविधाओं की बरसात किश्तों में हो रही है। हर पार्टी दूसरी पार्टी से बढ़चढ़ कर दावे ठोंक रही है।

वोट की फसल खरीदने के लिए बोली लगाने जैसा होता जा रहा है। चुनाव में भाग लेने वाली एक पार्टी हिसाब लगा कर वोट बेंचने के लिए मतदाताओं तक पहुंच कर उसको खरीदने का सौदा करती है। यह कहते हुए वैध या पात्र मतदाता का पंजीकरण किया जाता है और आश्वस्त किया जाता है कि अगर उनकी सरकार बनी तो उसे कुछ हजार रुपए जरूर दिए जाएंगे । इस तरह के अवैध और अनर्गल प्रयास यही साबित करते हैं कि छद्म, छल और कपट से वोट को खरीदना और बटोरना धोखेदार राजनेताओं की पसंदीदा शैली होती जा रही है। ऐसे में राजनीतिज्ञों की बिरादरी की साख तेजी से घट रही है और उन पर आम जनों का भरोसा घटता जा रहा है।

बरसात किश्तों में हो रही है। हर पार्टी दूसरी पार्टी से बढ़चढ़ कर दावे ठोंक रही है। जहां तक पुराने अधूरे वादों का सवाल है और अपनी असफलता का सवाल है उसका ठीकरा विपक्षी दल पर फोड़ना आम बात है। पार्टियां मतदाता को लुभाने और घेर कर अपने पक्ष में करने के सभी जुगाड़ लगा रही हैं। समानता और समता की दुहाई देने वाली पार्टियां जाति, धर्म और क्षेत्र का खुले आम फायदा उठा रही हैं। नागरिक सुविधाओं की कमी और अव्यवस्था से जूझ रहे मध्य वर्ग के लोगों को राजनैतिक पार्टियों के वादे कुछ राहत देने वाले लगते हैं तो गरीब और पिछड़े वर्ग के लोगों को बेहद प्रलोभित करने वाले होते हैं। उनको सम्मान राशि में रुपयों पैसों को लेकर तात्कालिक फायदा दिखता है और भोली भाली जनता उसी के हिसाब से वोट डालने के लिए अपना मन बनाती और बिगाड़ती रहती है। कोई राजनेता यह नहीं बताता कि इन वादों और गारंटियों की अनंत सूची के लिए धन कहां से आएगा और इसकी प्रक्रिया क्या होगी।

राजनैतिक विचारधारा से लगाव अब कोई मायने नहीं रखता। समाज, देश और मानवता आदि के व्यापक सरोकार वाली सोच अब पूरी तरह से हाशिए पर पहुंचती दिख रही है। साथ ही चचाओं में भी नैतिकता के जरूरी मानक की चेतना जाती रही। सार्वजनिक मंच राजनैतिक वाद-विवाद में होने वाली चचाएँ हास्यास्पद रूप से चरित्र-हनन पर केंद्रित होती जा रही हैं। सभी एक दूसरे पर कीचड़ उछलते हैं और विगत इतिहास के पन्नों से उदाहरण निकाल-निकाल कर एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। पर कौन छोटा है और कौन बड़ा यह कहना मुश्किल होता है क्योंकि सभी दलों के इतिहास ऐसी घटनाओं से भरे पड़े होते हैं और वर्तमान में बड़ी समानताएं दिखती हैं। उदाहरण के लिए अपराध की पृष्ठभूमि यानी दागी नेता लोगों को प्रश्रय देने की मजबूरी कमोबेश सभी दलों में दिखती है। उनकी पात्रता को लेकर संदेह होने पर भी उनसे भय के कारण मौका दिया जाता है। अनेक नेता लाज शर्म छोड़ अपने धन-दौलत की बदौलत पार्टियों से टिकट पाने में सफल हो जाते हैं और फिर जीतने के बाद धन-उगाही ही उनका राजनीतिक कर्म हो जाता है। अनेक पूर्व गरीब और वर्तमान में बने क्षेत्रीय और राष्ट्रीय राजनेताओं के पास अथाह धन-सम्पत्ति जिस तरह एकत्र होती दिखती है वह छुपा नहीं है। चुनाव में प्रत्याशियों की सूची देखें तो लगता है करोड़पति अरबपति होना अब राजनीति में प्रवेश लेने की शर्त होने लगी है। आर्थिक जगत में इतने तरह के घोटाले होते रहे हैं कि लोगों का राजनीति और राजनेता से भरोसा उठता जा रहा है। आज राजनैतिक परिवेश दारुण और पीड़ादायी हो रहा है। सत्ता और शक्ति का नशा गहराता जा रहा है।

ऐसे में विकसित भारत के लक्ष्य के लिए शुचिता की शर्त याद रखनी होगी। चरित्र का निर्माण और मूल्यों की प्रतिष्ठा का कोई विकल्प नहीं है। महात्मा गांधी औपनिवेशिक सता के प्रतिरोध और हिंद-स्वराज की स्थापना का स्वप्न चरितार्थ कर सके थे।

## लेटर टू एडिटर

### चीनी चुनौती

**चीनी** माल का आयात भारतीय निमार्ताओं के लिए एक बड़ी चुनौती है। चीन से आयातित माल की कीमतें बहुत कम होती हैं, जिससे भारतीय निमार्ताओं को कड़ी टक्कर मिलती है। इसके अलावा, कई वस्तुएं तो कच्चे माल के रूप में चीन से ही आयात करना आवश्यक है, जिससे चीन पर निर्भरता बढ़ जाती है। चीन पर निर्भरता कम करने के लिए, आयात शुल्क बढ़ाना एक उचित कदम हो सकता है।

**- विभूति जमशेदपुर**

### लाउडस्पीकर का शोर

**लाउडस्पीकर** की तेज आवाज के खिलाफ न्यायालय के आदेश की अवहेलना पर चिंता व्यक्त की गई है। धार्मिक स्थलों द्वारा निर्धारित ध्वनि मानकों का उल्लंघन और प्रशासन की निष्क्रियता चिंता का विषय है। तेज आवाज से स्वास्थ्य पर नकरात्मक प्रभाव पड़ता है और यह ध्वनि प्रदूषण का कारण बनता है।

**- रवि, रांची**

## X ट्वीट

**भारत** की कालजयी मृत्युंजयी सनातन वैदिक संस्कृति की जीवन्त अभिव्यक्ति महाकुम्भ प्रयागराज 2025 के अंतर्गत मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर आयोजित द्वितीय अमृत-स्नान में श्रीमत्परमहँस परिव्राजकाचार्य श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ जूनापीठाधीश्वरआचार्यमहामण्ड लेश्वर अनन्तश्री विभूषित पूज्यपाद श्री स्वामी अवधेशानन्द गिरि जी महाराज पूज्य प्रभुश्री जी के नेतृत्व में लाखों नागा-साधुओं संन्यासियों व साधकों ने अमृतोद्भवा माँ गंगा, भव-तापहारिणि माँ यमुना और अंतःसलिला माँ सरस्वती के समागम स्थल त्रिवेणी संगम के पावन जल में अमृत स्नान किया।

पूज्य प्रभुश्री जी का यह अमृत स्नान भारत और सम्पूर्ण विश्व के सर्वविध अभ्युदय को समर्पित है।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# छात्रों की आत्महत्या की बढ़ती संख्या चिंताजनक

**- डॉ. सत्यवान सौरभ**

**हमारे** देश में प्रति 100 में 15 से अधिक छात्र अवसाद, चिंता और आत्मघात से पीड़ित पाए जा रहे हैं। कठिन प्रतिस्पर्धा और पढ़ाई-लिखाई में अनुशासन आदि को लेकर तनाव बढ़ रहा है, उससे न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था से जुड़े लोगों बल्कि पूरे समाज की चिंता बढ़ती गई है। पारिवारिक दबाव, शैक्षिक तनाव और पढ़ाई में अव्वल आने की महत्वाकांक्षा ने छात्रों के एक बड़े वर्ग को गहरे मानसिक अवसाद में डाल दिया है। अभिभावकों की उम्मीदों पर खरा नही उतर पाने वाले, परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले बच्चों को घर पर पिटना पड़ता है। परीक्षा और नतीजों के दबाव में छात्रों की आत्महत्याएँ आम होती जा रही हैं। छात्र आत्महत्याओं में बेतहाशा वृद्धि के पीछे मानसिक तनाव सबसे आम कारक बन चुका है। तनावग्रस्त छात्रों की आत्महत्याओं का ग्राफ बढ़ रहा है। जैसे-जैसे परीक्षा के दिन निकट आते हैं, छात्रों का तनाव हद से गुजरने लगता है। पूरी युवा पीढ़ी का परीक्षा के दिनों में ऐसे हालात से दो-चार होना देश और समाज, अभिभावकों और शिक्षाविदों, सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है। शिक्षा क्षेत्र में दशकों से व्याप्त कई बुनियादी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों पर अभी तक पार पाने में कामयाबी नहीं मिली है।

व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं को अनिवार्य कर दिए जाने के बाद से छात्रों को प्रतिस्पर्धा करने और प्रदर्शन करने के लिए भारी तनाव का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शन के दबाव को संभालने, माता-पिता की अपेक्षाओं को पूरा करने और आकांक्षाओं को प्राप्त करने में असमर्थता मनोवैज्ञानिक संकट और बाद में अवसाद का कारण बन सकती है। आधुनिक शिक्षा प्रणाली में अकादमिक उत्कृष्टता की निरंतर खोज ने अनजाने में छात्रों के बीच तीव्र दबाव और प्रतिस्पर्धा का माहौल पैदा कर दिया है। शैक्षणिक उपलब्धियों पर अत्यधिक ध्यान देने के साथ-साथ सामाजिक

## समस्या

अपेक्षाओं और असफलता के डर ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव डाला है। इसने चिंता, अवसाद और तनाव की वृद्धि में योगदान दिया है। बढ़ती प्रतिस्पर्धा को देखते हुए कई बार छात्रों पर अच्छा प्रदर्शन करने का लगातार दबाव रहता है। वे अपनी तुलना दूसरों से करते हैं। यह अंतर्निहित दबाव मानसिक परेशानी के विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है, जिसमें चिंता, विफलता का डर और कम आत्मसम्मान शामिल है। गंभीर मामलों में, मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएँ आत्म-नुकसान का कारण बन सकती हैं और यहां तक कि आत्महत्या के प्रयासों के विचार को भी जन्म दे सकती हैं।

प्रतियोगी पाठ्यक्रम के भारी-भरकम बोझ से बच्चों का मानसिक विकास अवरुद्ध हो रहा है। इससे बच्चों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। बच्चों के जीवन में तनाव के पौध की बड़ी वजह यह भी है कि लंबे समय तक स्कूल के घंटों के बाद बच्चे घर लौटते ही होमवर्क निपटाने में जुट जाते हैं। इसके बाद ट्यूशन के लिए दौड़ पड़ते हैं। खाना-पीना, सोना, खेलकूद, सब हराम हो जाता है। आराम करने और अन्य पाठ्येतर गतिविधियाँ करने का उन्हें समय ही नहीं मिलता है। ऐसे में छात्रों के लिए कम नींद और अवसाद की स्थिति या गंभीर तनाव का सबब बनी रहती है। वर्तमान प्रतियोगी दौर में छात्रों की आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। परीक्षा केंद्रित शिक्षा से भारत में छात्रों की आत्महत्याओं में अंक, अध्ययन और प्रदर्शन के दबाव के साथ अकादमिक उत्कृष्टता की तुलना करना इस अवसाद के पीछे महत्त्वपूर्ण कारक हैं। भारत में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी भी छात्र के साथ एक साधारण साक्षात्कार, चाहे वह जेईई, एनईईटी या सीएलएटी हो, यह प्रकट करेगा कि छात्रों के बीच मानसिक संकट का प्रमुख स्रोत उन पर दबाव की असहनीय मात्रा है जो लगभग हर एक द्वारा डाला जाता है। हर शिक्षक, हर रिश्तेदार कठिन अध्ययन और एक अच्छे कॉलेज में प्रवेश पाने के महत्त्व को दोहराते हैं। जबकि छात्र स्नातक होने के बाद क्या करने की आकांक्षा रखता है या जहाँ उसकी रुचियाँ हैं, उसके बारे में सहज पूछताछ बहुत कम की जाती है।

इन सभी परीक्षाओं की अत्यधिक जटिल प्रकृति (सभी नहीं) का अनिवार्य रूप से मतलब है कि उन्हें पास करने के लिए माता-पिता को अपने बच्चों को प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटरों में दाखिला दिलाने का सपना पूरा करना होगा, इससे छात्र के लिए एक से अधिक तरीकों से समस्या बढ़ जाती है क्योंकि वह कोचिंग पर माता-पिता द्वारा खर्च किए गए पैसे को चुकाने के लिए अब परीक्षा को पास करने का दबाव बढ़ गया है और उसे कोचिंग संस्थान के अतिरिक्त दबावों का भी सामना करना पड़ता है। जब तक देश की परीक्षा संस्कृति से इस कुत्सित व्यवस्था को समाप्त नहीं किया जाता है।

# दिल चाहता है एक किताब लिखूं जिसका शीर्षक मर्द हो ... !



**सुधांशु कुमार**

मैं उसका सब्र भी लिखूं और दर्द भी लिखूं ...! मै उसकी आह भी लिखूं और उसके व्यक्तित्व पर उठते हुए वो सभी अल्फाज भी लिखूं , जिन्हे सुनकर वो किसी के सामने रो भी नहीं सकता ..! जिम्मेदारियों के आगे अपनी पसन्द अपनी खुशियों का त्याग लिखूं...सोच रहा हूं एक किताब लिखूं...

जो उठाते है मर्द पर उंगलियां उन का जवाब लिखूं....बचपन से जिम्मेदार और रक्षक बना कर पेश किया गया है, कभी मजबूत तो कभी चट्टान बना के बाजार में खड़ा किया गया है,कभी भविष्य में परिवार का बोझ उठाने न उठाने का तना देकर , भविष्य संवारने की इसकी सलाह तो उसकी सलाह, जो अपनी भी न संवार सके उनकी भी सलाह....जब मर्द पैदा हुआ लोगों ने बधाइयां दी , बेटा हुआ है कुल खानदान का नाम बढ़ाएगा, परिवार जमाएगा, सबके काम आएगा,...आपके भी बुढ़ापे का सहारा बनेगा । थोड़ा बड़ा हुआ तो सबसे पहले बहनों ने अपनी अपनी जिम्मेदारियां सौंपनी शुरू कर दी, फिर माता पिता ने, कभी बड़े छोटे भाइयों ने भी इस्तेमाल किया तो कभी दोस्तों ने....थोड़ा समझ जागा तो इस्तेमाल कम होने लगा पर इस कदर व्यस्थ रहने की आदत सी हो गई कि कोई न पूछे तो नुक्कड़ पर चाय सिगरेट की दुकान पर नजर आने लगा.... पैकेट में पैसे ज्यादा न होते थे तो चाय पर ही इच्छा और हैसियत संभालने की आदत सी पड़ गई ।

झूठ मूठ के वाद विवाद से लेकर क्रिकेट और राजनीति में भी रुचि और मशवरा देने लगा क्योंकि पुरुष ये सब विषयों में पारंगत होते हैं इसका भी प्रमाण समाज को समय समय पर देना रहता था ।समय से साथ आगे जीवन में बढ़ता पुरुष अपनी स्कूल और कालेज की पढ़ाई की थपेड़ों को पार करता हुआ ऐसे संसार में प्रवेश करता है जहां उससे अपेक्षा बन जाती है कि नौकरी करे और धन उपार्जन करे और घर के आर्थिक हालातो की सम्हालने में मदद करे, जैसी सामाजिक व्यस्था है उसमे अगर नौकरी लग गई तो बहुत अच्छा नहीं तो समाज और घर के तानों को सुन सुन कर न जाने कितनी रातें बिना कुछ खाए पिए सो जाता था।

फिर एक दिन किसी की प्यार भरी चंद बाते सुन अपने को प्यार में भी पड़ा हुआ महसूस करने लगा,मस्त रहने लगा, सजने संवरने भी लगा, कभी इंतजार में तो कभी खयालों में खोए रहने लगा ,पर जल्द ही भ्रम टूटा ...घर परिवार और जिम्मेदारी के बोझ ने तो कभी बेरुखी ने दिल तोड़ दिया,

## विचार

या दिल तुड़वा लिया, फिर कभी न पीछे मुड़कर लौटने का प्रण लेकर आगे बढ़ता चला......इधर घर वाले एक सुंदर सुशील लड़की देख रखी है, व्याह का भी दिन तय कर दिया गया, बारात निकली और एक जगमग से समारोह ने मर्द को एक नया रिश्ता दिया , अर्धांगनी के साथ सामाजिक बंधन में बंधा मर्द अपने को उस दिन किसी राजा महाराजा से कम नहीं समझ रहा होता है, पर ये भ्रम जल्द टूटने लगता है, फिर वही जिम्मेदारी और बड़ी जिम्मेदारी के साथ बड़े ही गंभीर रूप में जीवन रूपी नौका को समुंद्री लहरों की थपेड़ों से बचाते हुए आगे बढ़ाने में अनवरत लगा रहता है...जीवनसाथी अगर जीवन में साथ देने वाली, समझने वाली मिली, तो जीवन को जीने में मजा आने लगता है, बच्चों के सुख में अपना बचपन और सुख देखने लगता है, पर अगर साथ देने वाला साथी न मिले तो नर्क का दुख भी यहीं भोगने लगता है....

सारे सौख, सारी इच्छा, सारी मौज मस्ती, सारा लड़कपन मर्द अपने मर्द बनने और होने में छुपा चुका होता है, या खो चुका होता है.....कोई पूछे कैसा हूं तो हमेशा मुस्कुरा कर कहता है, अच्छा हूं... क्योंकि पहले भी कुछ कहने लायक नही रहता था मर्द वो बेवकूफ इंसान होता है जो अपना सबकुछ हमेशा छोड़कर, भुलाकर,त्यागकर,.. अपनों की खुशियां ढूंढने और बटोरने में लगा रहता है, पर जीवन में उसे मिलता क्या है, कभी बेज्जती तो कभी दुत्कार,तो कभी मतलबी फरेबी का तमगा.....क्या इसीलिए उसने अपना सारा जीवन सारा सुख न्योछावर कर दिया, क्या मूल्य देकर इसने क्या पाया इसका हिसाब किसी के पास नही, जो जीवनभर कमाया घर परिवार और अपनो पर लूटा दिया, नफे नुकसान का हिसाब किए बिना अनवरत लगा रहा सबको खुश रखने में, पर न तो उन्हें सुखी कर पाया न खुद के लिए दो पल के चैन को .....

एक दिन मर्दअलविदा कह गया इस दुनिया को, पता नहीं सुखी था या दुखी पर चेहरा मुस्कुराता हुआ सा दिख रहा था, जैसे चिढ़ा रहा हो इस दुनिया को .......

औरतों को इस दुनिया ने एक बेहतरीन तमगा दिया है...अबला नारी..... पर साथ ही मर्द का रूप इतना घिनौना प्रस्तुत किया है कि दुनिया के सारे कुकर्म इसी के नाम हो गए और जाने अंजाने सबकी सजा भी इसे किसी न किसी रूप में मिल भी गई। औरत ने बच्चे को जन्म देने के लिए 9 महीने कोख में रखती है, पर एक मर्द उसके बीज को गर्भ में जाने से पहले से अपने दिल , दिमाग और सोच में रखता है और तबतक रखता है जबतक बेटी की शादी न हो जाए या बेटा अपने पैरों पर खड़ा न हो जाए, उसके बाद भी फिक्र जीवनभर रहती हैं , पर ये समाज तो सिर्फ नारी की ही चरित्र की गुणगान करता है, पुरुष या मर्द तो बेचारा...... समाज में सबसे सबल है, पर बेचारा न घर का न घाट का....

आखिर मर्द चाहता क्या है, कि जब वो बच्चा था उसे भी अपनी बहनों की तरह प्रिंसेस वाली अनुभूति उसके मां पिताजी से मिले, बड़े होने पर लोग उससे भी उसका हाल चाल जाने, दिल का कोई दर्द समझे, पत्नी और बच्चे इतना प्यार अधिकार और सम्मान दें कि दुनिया के थपेड़े और बेईज्जती का एहसास भी न हो पाए। पर ऐसा हो नहीं पाता है, क्योंकि मर्द तो आखिर मर्द है न....

मर्द तेरी क्या कहानी लिखूं....... तू ऐसे ही ठीक है, दुनिया के सामने तेरी व्यथा लिखूं तो लोग तुम्हे कमजोर समझ लेंगे......आंसू तो आते होंगे तेरे भी आंखो में पर उसे पीकर ही तू मर्द कहलाएगा, दर्द तुझे भी होते होंगे सीने में पर बर्दास्त कर तभी तो मर्द बन पाएगा, किसी को दिखाना न ये आंसू और दर्द वरना तू कमजोर बन जाएगा.......यही तेरी जीवनी है, इससे बचकर कहां जाएगा तू.......

आ गले मिलकर पी ले गमों को ...... तभी तो तू मर्द कहलाएगा.......

## स्पीड न्यूज

### मंत्री राधा कृष्ण किशोर का स्वागत



भुरकुंडा (रामगढ़)। रांची से बड़कागांव जाने के क्रम में मंत्री राधा कृष्ण किशोर और कांग्रेस कमेटी की सचिव सह पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद का गुरूवार को सौंदा बस्ती में कांग्रेसियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। किशोर ने कहा कि बड़कागांव में पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव और पूर्व विधायक निर्मला देवी के कार्यकाल में जो विस्थापन की लड़ाई और आंदोलन किया गया था। उसी विस्थापन के मुद्दे पर अंबा प्रसाद के बुलावे पर वहां जा रहा हूं। वहां जाकर जनता की बातों को सुनकर सरकार से समस्या का समाधान करवाने का प्रयास करूंगा। स्वागत करने वालो में राज किशोर पांडेय, अमित साहू, जयंत तुरी, विक्कू रजक, छोटू साव, मिंटू प्रसाद, वासुदेव प्रसाद, नरेंद्र प्रसाद, पवन बाउरी, सत्यनारायण प्रसाद, किशोर, वीरेंद्र कुमार, अरुण कुमार, शंकर पासवान आदि शामिल थे।

### श्री अग्रसेन स्कूल ने बांटा साइकिल



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर पढ़ाई, खेलकूद, उपस्थिति, अनुशासन, परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 24 विद्यार्थियों को साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया। साइकिल पाने वाले बच्चे और उनके अभिभावक काफी खुश थे। बच्चों ने कहा कि अब वे जल्दी स्कूल पहुंच पाएंगे। समय की बचत होगी। पढ़ाई पर उनका और फोकस होगा। विहान सिंह, अंकिता कुमारी, आर्यन कुमार बेदिया, मनीषा कुमारी, अंशुमान प्रजापति, आर्यन कुमार, अंश कुमार ठाकुर, सांभवी सिन्हा, चंदन साव, तरुण कुमार नोनिया, मीत कुमारी, अंकित कुमार, विक्की कुमार, अंकुश कुमार, प्रिया कुमारी, उन्नति सिंह, डॉली कुमारी आदि को साइकिल मिला।

### बिजनेस एनलिस्ट से 8 लाख की ठगी

रामगढ़। राजस्व शाखा में बिजनेस एनालिस्ट हेसला निवासी सुरेंद्र प्रसाद पिता स्व भुनेश्वर प्रजापति ने रामगढ़ थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने बताया कि 3 जनवरी को उन्हें 9757177947 से कॉल आया। जिसमें कहा गया कि उनका आपका नंबर और आधार कार्ड बंद कर दिया जाएगा। कहा कि इसके लिए दिल्ली पुलिस से बात करनी होगी। सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि इसके बाद उनका कॉल 918112146882 में ट्रांसफर किया गया। जिसके बाद वाटसअप पर मेसेज और कॉल आने लगा। जिसके बाद उनके पास पैसे की जांच के नाम पर एक एकाउंट नंबर आया। फेडरल बैंक एकाउंट नंबर 22210100052488, आइएफएससी कोड - एफडीआरएल0002221 नाम विकास यादव था। बताया कि 29 जनवरी को उन्हें धमकी दी गई की पैसा भेजो। जिसके बाद उन्होंने अपने खाता नंबर 094400100108643 से आटीजीएस के माध्यम से 8 लाख रूपए भेज दिया। उन्होंने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराया। रामगढ़ थाना में दिए आवेदन में उन्होंने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### छात्रों को लेकर बासल थाना में बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निदेर्शानुसार गुरूवार को स्कूली बच्चों के सुरक्षित आवागमन को लेकर बासल थाना में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार ने किया। बैठक में ओपी जिंदल स्कूल बलकुदरा, सर्वोदय स्कूल किन्नी, आदर्श बाल निकेतन रसदा, आदर्श शिशु विद्यालय रसदा, डीएवी पब्लिक स्कूल गेगदा, विजडम पब्लिक स्कूल रसदा, आर्यभट्ट स्कूल बालकुदरा, जय मां पंचबहिनी स्कूल गेगदा, विद्यालय के प्राचार्य, प्रतिनिधि और चालक शामिल हुए। थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों की सुरक्षा और सुरक्षित आवागमन को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि स्कूली वाहन चालक और उप चालक का आचरण और सामाजिक पृष्ठभूमि को देखकर ही रखें। इसके साथ ही मुखिया से चालक और उप चालक के आचरण का सत्यापन भी जरूर सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि वाहनों पर क्षमता से अधिक बच्चे न बिठाएं और वाहनों के फिटनेस का पूरा ध्यान रखें। ड्राइवर शराब और अन्य मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन बिल्कुल न चलाएं अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सामाजिक जिम्मेदारी है। बैठक में भूषण उरांव, अजीत कुमार, डोमन महतो, नंदलाल महतो, प्रेम कुमार, विश्वजीत मिश्रा, मनोज कुमार, तुलसी सिंह, बसंत उरांव, अनिल कुमार, परमेश्वर साव, शिवशंकर साव, रविंद्र कुमार, बसंत साव, नागेश्वर महतो, धनेश्वर यादव, सोनू कुमार साव, संदीप कुमार, सलीम खान, जयंत कुमार, भूनंदन प्रजापति, सूरज मुंडा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### पूजा में अश्लील गाना नहीं बजायें



कुजू। सरस्वती पूजा को लेकर गुरुवार को कुजू ओपी में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी नौशाद आलम ने किया। बैठक में मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा के अलावे क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। लोगों ने सरस्वती पूजा हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का भरोसा दिलाया। इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा ने कहा कि पूजा को सभी समुदाय के लोग शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। सभी पूजा समिति के लोग वोलेंटियर जरूर बना लें। जुलुस में ऐसा कोई भी गाना न बजाए जो किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाये। बाजा को सीमित साउंड में बजाना है, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही वैठक की अध्यक्षता कर रहे ओपी प्रभारी मो नौशाद ने कहा कि जो भी ग्रामीण अपने घरों में ताला लगाकर बाहर जा रहे हैं, वो अपने घर का लोकेशन मेरे मोबाइल पर भेज दें। बैठक में पुअनि रौशन कुमार, आरएन शर्मा, वरिष्ठ नेता अमर सिंह, कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम, शिबु साहू, प्रेम प्रसाद, इंदर गुप्ता,प्रदीप गुप्ता, कयूम खान, मोहसिन खान, नरेश पटेल, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू आदि शामिल थे।

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने की विकास कार्यों की समीक्षा

## लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करें अधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जिला परिषद भवन के सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और अधिकारियों को जनता की समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, सभी जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित विभिन्न विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किया जाए और सार्वजनिक सेवाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

सड़क, बिजली, पानी खराब सड़कों की शीघ्र मरम्मत और अधूरे निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश। बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। जल जीवन मिशन के तहत सभी घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर।

**शिक्षा और स्वास्थ्य में लायें सुधार :** सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और सभी बच्चों तक शिक्षा सुविधाएं पहुंचाने पर चर्चा। सरकारी अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सेवाओं और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश।

**कृषि एवं ग्रामीण विकास :** किसानों के लिए सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और उनकी समस्याओं के समाधान पर जोर। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका योजनाओं को सशक्त बनाने के निर्देश।

**सामाजिक सुरक्षा योजनाएं :** वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन और दिव्यांग पेंशन का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करने पर बल। जन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने और सभी पात्र लाभार्थियों को राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश। सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में जाकर परियोजनाओं का निरीक्षण करें।

### जनता की शिकायतों का त्वरित हो समधान

बैठक के दौरान जिला परिषद सदस्यों और प्रखंड प्रमुखों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने आश्वासन दिया कि जनहित से जुड़े सभी कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएंगे और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के अंत में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हमारी प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन है। सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे और जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। विकास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। विधायक के इस दृढ़ संकल्प से हजारीबाग में विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

# रामगढ़ जिले में मैट्रिक 53 व इंटर 40 केंद्रों पर होगी परीक्षा

- मैट्रिक में 12669 व इंटरमीडिएट में 12300 छात्र होंगे शामिल
- कदाचार मुक्त होगी परीक्षा : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** 11 फरवरी से शुरू होने वाली वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त को लेकर गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में केंद्र अधीक्षकों के साथ बैठक हुई। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को जानकारी दीकि इस वर्ष रामगढ़ जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 53 परीक्षा केंद्रों पर 12669 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 40 केंद्रों पर 12300 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी केंद्र अधीक्षकों को उनके उनके केंद्रों पर परीक्षाओं का आयोजन पूरी पारदर्शिता के साथ एवं कदाचार मुक्त तरीके से करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने केंद्र अधीक्षकों के लिए जारी दिशा निर्देशों से संबंधित पुस्तिका को सभी केंद्र अधीक्षकों को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर त्वरित रूप से उन्हें दूर कर लेने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सभी केंद्र अधीक्षकों को उनके परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी के द्वारा परीक्षा के आयोजन को लेकर जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देने के क्रम में केंद्र अधीक्षकों की कई दुविधाओं को दूर किया गया वहीं अनुमंडल पदाधिकारी ने परीक्षा के आयोजन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी केंद्र अधीक्षकों को दिए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, केंद्र अधीक्षकों, शिक्षकों सहित अन्य उपस्थित थे।

### रामगढ़ में जुआ अड्डे पर छापेमारी, तीन गिरफ्तार

रामगढ़। पुलिस के जुआ के अड्डे पर छापेमारी कर तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया और जुए के अड्डे से लगभग 17 हजार रुपये भी जब्त किए गए हैं। गुरुवार को रामगढ़ थाने में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने संवाददाता सम्मेलन में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि रामगढ़ एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के बगीचा कॉलोनी, दामोदर नदी के किनारे सार्वजनिक स्थान पर कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं। वे काफी हो हल्ला मचा रहे हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही है। सूचना के बाद रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस ने बगीचा कॉलोनी, दामोदर नदी के किनारे घेराबंदी की। आठ जुआरी पुलिस को देखते ही झाड़ी और नदी का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस इस दौरान तीन जुआरी को पकड़ा।

वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के केदला, घाटोटांड़ निवासी अमित कुमार, कुजू ओपी क्षेत्र के पोचरा गांव निवासी गुड्डू यादव, रामगढ़ दुसाध मोहल्ला निवासी कयूम खान शामिल हैं।

# चितरपुर में खुला विधायक कार्यालय



**रजरप्पा।** रामगढ़ विधायक ममता देवी गुरुवार को अंचल कार्यालय परिसर चितरपुर में विधायक कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि कार्यालय ही जनप्रतिनिधियों के जनसमस्याओं का केंद्र बिंदू होता है। कार्यकर्ता, जनता, कार्यालय और कार्यक्रम किसी भी कुशल जनप्रतिनिधि की पहचान होती है।यह कार्यालय जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और क्षेत्र के विकास कार्यों की निगरानी के लिए समर्पित रहेगा. जनता की समस्याओं का समाधान समय पर होना चाहिए. विधायक ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभाग की जनकल्याणकारी एवं आमजन से जुड़ी योजनाओं से अधिकाधिक लोगों को लाभांवित करें. विधायक ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और ऑन द स्पॉट निपटारा किया। साथ ही विधायक ने नवचयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण, महिलाओ को स्वाईल स्वास्थ्य कार्ड एवं किसानों के बीच गरमा मुंग दाल का बीज वितरण किया. यहां पहुँचे विधायक का बुके देकर स्वागत किया गया. कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस नेता लक्ष्मण महतो एवं कुमार विवेक ने किया. मौके पर सीओ दीपक मिंज, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह, सीडीपीओ, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष एहशान उल्लाह, कृषि प्रखंड तकनीकी पदाधिकारी चंद्रमोली सिंह, मुखिया फिरोज अंसारी, झामुमो नेता कृति करमाली सहित नईम अंसारी, प्रदीप महतो, दिनेश कुमार महतो, जीतेन्द्र बेदिया, जगेश्वर नागवंशी, उत्तम पटवा, इकबाल अंसारी, मेनन चौधरी, गुनी महतो, इम्तियाज, लखीनारायण पोद्दार, चंद्रकिशोर पासवान, पवन महतो, मो, साजिद, बालदेव महतो, तन्वीर आलम, नौशाद अख्तर, रमेश करमाली, विशाल, रवि, दुर्गाचरण, गोरीशंकर, पिंटू, मुन्ना, लूमनाथ, कमल राम, सुरेश, करीम, सुभाष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, अंचल, ब्लॉक के कर्मचारी आदि मौजूद थे।

### सयाल में अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ ने किया ट्रांसपोर्टिंग ठप



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर गुरूवार को सयाल महाप्रबंधक कार्यालय के समीप ट्रांसपोर्टिंग ठप कर दिया। ट्रांसपोर्टिंग ठप का नेतृत्व संजय मिश्रा एवं विनोद कुमार कर रहे थे। इसमें मुख्य रूप से यूनियन के महासचिव सतीश सिन्हा उपस्थित थे। करीब दो घंटे ट्रांसपोर्टिंग जाम रहने के बाद प्रबंधन की ओर से वार्ता की पहल की गई। वार्ता में स्थानीय प्रभावित एवं विस्थापित शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार देने, आउटसोर्सिंग में कार्य कर रहे मजदूरों का न्यूनतम मजदूरी, ट्रांसपोर्टिंग रोड में नियमित रूप से पानी का छिड़काव, कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने आदि मांगों पर चर्चा की गई। यूनियन की मांगों पर प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद ट्रांसपोर्टिंग ठप आंदोलन वापस ले लिया गया। वार्ता में प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी एसएस सिंह, खान प्रबंधक असरत खान, पर्सनल मैनेजर रश्मि खालको, डिस्पैच ऑफिसर एसके श्रीवास्तव एवं यूनियन की ओर से महासचिव सतीश सिन्हा, एरिया सचिव संजय मिश्रा, सयाल ब्रांच के सचिव विनोद कुमार, रामबिहारी साव, जितेंद्र करमाली, विक्रांत साहू, कमलेश कुमार, मिथुन कुमार, शंकर कुमार, बिनोद कुमार सिंह, कुलदीप मेहता, रॉबिन मुखर्जी, अदीप कुमार, बबलू कुमार, अमोद कुमार सिन्हा, अनिल कुमार व अन्य शामिल थे।

# शिक्षक रत्नेश्वर नाथ पाठक आज होंगे सेवानिवृत्त

## पाठक को राष्ट्रपति कर चुके हैं सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** शिक्षा को साधना और अध्यापन को मिशन बनाने वाले रत्नेश्वर नाथ पाठक 31 जनवरी 2025 को सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कटकमसांडी स्थित मिडिल स्कूल कंडसार के इस गणित गुरु ने अपने तीन दशक लंबे शिक्षकीय सफर में शिक्षा की अलख जगाने का जो संकल्प लिया, उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाया। उन्हें ह्यगणित का मास्टरह्न कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी, क्योंकि गणित में उनकी महारत न केवल डिग्रियों से प्रमाणित है, बल्कि उनके पढ़ाए छात्रों की उपलब्धियां भी इसकी गवाही देती हैं। रत्नेश्वर नाथ पाठक की शैक्षणिक यात्रा भी असाधारण रही। 1979 में मैट्रिक परीक्षा में उन्होंने प्योर एंड अप्लायड मैथेमेटिक्स में 100% अंक प्राप्त कर अपने शिक्षकों को भी चौंका दिया था। 1985 में उन्होंने रांची विश्वविद्यालय से गणित में पीजी टॉपर्स की सूची में जगह बनाई। उनकी प्रतिभा का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने जेपीएससी और बीपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाएं भी सफलता पूर्वक उत्तीर्ण की थीं। 8 अक्टूबर 1994 को बीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर वे प्राथमिक शिक्षक बने, और तब से लेकर सेवानिवृत्ति तक, उनके पढ़ाए विद्यार्थी सफलता की नई ऊंचाइयों को छूते रहे। उनकी पहली नियुक्ति राजकीय प्राथमिक विद्यालय बुंडू (बरही) में हुई, जहां उन्होंने बच्चों को कॉन्वेंट स्कूल की तर्ज पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी। पहले ही प्रयास में छह छात्रों को



नवोदय विद्यालय में प्रवेश दिलाया। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय सिरसी कटकमसांडी (1998-2002), मिडिल स्कूल महुदी बड़कागांव (2002-2003), मिडिल स्कूल कोयरीटोला रामगढ़ (2003-2009), आदर्श मध्य विद्यालय ओरिया सदर (2009-2017) और फिर मिडिल स्कूल कंडसार (2017-2025) में अपनी सेवाएं दीं। रत्नेश्वर नाथ पाठक ने शिक्षा को कभी व्यवसाय नहीं बनाया, बल्कि इसे अपना मिशन माना। उनके कई विद्यार्थी आईआईटी में चयनित हुए, तो कुछ प्रशासनिक सेवा में उच्च पदों तक पहुंचे। उनके एक शिष्य इंडियन रेवेन्यू सर्विस में कार्यरत हैं। रत्नेश्वर नाथ पाठक को शिक्षा और सामाजिक योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया। 2011 की उत्कृष्ट जनगणना में भागीदारी के लिए उन्हें राष्ट्रपति सम्मान, मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। शिक्षक दिवस पर भी उन्हें कई बार सम्मानित किया गया। झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ और गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, हजारीबाग ने भी उनकी शिक्षकीय साधना को सराहा।

## एक नजर में

### झरपो पंचायत भवन में ग्राम सभा आयोजित



टाटीझरिया। झरपो पंचायत भवन में गुरुवार को ग्राम सभा हुआ। इसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने की, जबकि संचालन पंचायत सचिव गुड़िया रानी ने किया। ग्राम सभा में 15वीं वित्त आयोग और मनरेगा के तहत संचालित विकास योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान पंचायत क्षेत्र में निर्माण कार्यों की स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर विचार किया गया। ग्रामीण विकास को गति देने के लिए आधारभूत संरचना, जल निकासी, सड़क, और रोजगार सृजन से संबंधित मुद्दों को प्राथमिकता दी गई। नए विकास कार्यों की सूची भी ग्राम सभा में दर्ज की गई, ताकि पंचायत स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। ग्राम सभा में वार्ड सदस्य केदार गौरव, मनोज सिंह, रवि यादव, शिव कुमार, कर्मचारी मनीष कुमार, बिनोद कुमार, लक्ष्मीकांत सोनी, बासुदेव प्रसाद, किशुन महतो, किशोरी ठाकुर, निर्मल प्रसाद, मुकेश कुमार, सुरेंद्र राणा, संतोष कुमार, बद्री भुइंया, जमुना सिंह, कैलाश राम, गणेश राम, सचिन कुमार, सुरेश राम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पंचायत प्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया कि सभी योजनाओं को पारदर्शी और प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा ताकि हर ग्रामीण को इनका सीधा लाभ मिल सके। पंचायत स्तर पर योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से क्षेत्र में विकास को नई दिशा मिलेगी।

### वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

दारू। दारू थाना पुलिस ने गुरुवार को बक्शीडीह लुंदरू निवासी वारंटी बबलू सोनी (पिता झ्र माथुर सोनी) के घर के बाहर इश्तेहार चिपकाया। पुलिस के अनुसार, बबलू सोनी चेक बाउंस के एक पुराने मामले में वांछित है और लंबे समय से फरार चल रहा है। एएसआई गणेश हांसदा ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में वारंटी के घर इश्तेहार चिपकाया गया है। पुलिस ने उसे जल्द समर्पण करने के निर्देश दिए हैं, अन्यथा कानूनी कार्रवाई तेज की जाएगी। पुलिस का कहना है कि अगर वारंटी जल्द आत्मसमर्पण नहीं करता, तो उसके खिलाफ आगे की कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना क्षेत्र में वांछित अपराधियों की धरपकड़ तेज कर दी गई है, ताकि लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा हो सके।

### ग्रामीणों ने बीजीआर के अधिकारियों को बनाया बंधक

बड़कागांव। एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक के एमडीओ बीजीआर कंपनी के अधिकारियों को ग्रामीणों ने घंटों तक बंधक बनाए रखा। गुरुवार देर शाम बिना प्रशासन और ग्रामीणों को सूचना दिए बीजीआर कंपनी के अधिकारी बादम मोइत्रा मुख्य मार्ग स्थित अर्धनिर्मित साइट ऑफिस पहुंचे। इसकी जानकारी मिलते ही प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण आक्रोशित हो गए और अंबाजीत मोड़ पर अधिकारियों को रोककर बंधक बना लिया।

ग्रामीणों का आरोप झ्र दलालों के जरिए काम कर रही कंपनी


ग्रामीणों ने बीजीआर कंपनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कंपनी क्षेत्र में दलालों के माध्यम से कार्य कर रही है। ग्रामीणों का कहना था कि बिना प्रशासनिक अनुमति और ग्रामसभा की सहमति के कोई भी कार्य नहीं होने दिया जाएगा। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नेमधारी रजक और सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से कहा कि बिना अनुमति साइट ऑफिस में बोरिंग कार्य किया जा रहा था। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद बोरिंग मशीन को साइट से हटाया गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने अधिकारियों को चेतावनी देकर छोड़ा।

### मुक्तिधाम संस्था ने मनायी बापू की पुण्यतिथि



रामगढ़। मुक्ति धाम संस्था ने गुरुवार को गांधी घाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई । कार्यक्रम में विधायक ममता देवी, उपायुक्त चंदन कुमर, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, एनडीसी रविंद्र कुमार गुप्ता, अनुमंडव पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार शामिल हुए। अतिथियों ने गांधीजी के अस्थि कलश समाधि पर पुष्पांजली अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान रांची लायंस क्लब के प्रवीण लोहिया और रामगढ़ लायंस क्लब के एच एन सौंधी ने एक डेड बॉडी फ्रीज मुक्तिधाम संस्था के लायंस क्लब के सौजन्य से सौंपा। जिसका उदघाटन कर्यक्रम में शामिल अधिकारियों और ममता देवी ने किया। मौके पर मुक्तिधाम द्वार निर्माण, नदी की तरफ सड़क का विस्तार, शवदाह गृह के जेनरेटर रूम का शिलान्यास उपस्थित विधायक ममता देवी एवं अधिकारियों ने किया। योजना का निर्माण डीएमएफटी फंड से 20 लाख की लागत से किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष कमल बगड़िया ने किया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष कमल बगड़िया, अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, सचिव भास्कर अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, मनजी सिंह, बलजीत सिंह बेदी, जीवन जैन, एचएन सौंधी, विजय अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, अजीत अग्रवाल, रविंद्र साहू, अशोक जैन, ओमप्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### यातायात नियमों का पालन करें : ओपी प्रभारी



भुरकुंडा (रामगढ़)। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के निर्देश पर गुरूवार को सड़क सुरक्षा को लेकर भदानीनगर ओपी में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता ओपी प्रभारी ब्रहमव्रत कुमार ने किया। बैठक में कई विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और वाहन चालक मुख्य रूप से शामिल हुए। ओपी प्रभारी ने कहा कि घर से निकलते समय बाईक की चाबी से पहले हेलमेट उठाने की आदत डालें। उन्होंने सड़क सुरक्षा को लेकर सबों को जागरूक करते हुए यातायात नियमों का शत प्रतिशत पालने करने का आहवान किया। मौके पर बाल विकास विद्यालय लादी के प्राचार्य शशि कुशवाहा, ज्ञान ज्योति केंद्र स्कूल चिकोर के प्राचार्य धनुक धारी महतो, फंडामेंटल साईंस स्कूल लादी के प्राचार्य अमरनाथ कुशवाहा, मॉर्डन हाई स्कूल के प्राचार्य भिष्मदेव कुमार, जिनियस पब्लिक स्कूल लादी के प्राचार्य जगेश्वर बेदिया सहित दर्जनों चालक मौजूद थे।

### परवरिश स्कूल में मनी गांधीजी की पुण्यतिथि



कुजू। देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि परवरिश एडुकेयर स्कूल, कुजू में शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। साथ ही, देश के आजादी में शहादत होने वाले वीर सपूतों को स्मरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन किया। वही, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं वीर शहीदों के विचारों और सिद्धांतों को याद करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया। शहीद दिवस के मौके पर विद्यालय निदेशक शैलेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों एवं शिक्षिकाओं से महात्मा गांधी जी के विचारों और सिद्धांतों को साझा करते हुए कहा कि गांधीजी केवल एक व्यक्ति नहीं थे, बल्कि वह एक विचारधारा थे। उन्होंने पूरी दुनिया को अहिंसा का पाठ सिखाया। जो दुनिया के लिए एक बहुत बड़ी शक्ति बन गई। प्रेम से ही बड़ा विजय प्राप्त किया जा सकता है। उनका जीवन हमें यह बताता है कि सत्य के मार्ग पर चलना कठिन तो हो सकता है, लेकिन यही मार्ग हमें असली सफलता और आत्मिक शांति तक ले जाता है। विद्यालय प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को याद करते हुए कहा कि महात्मा गांधीजी के विचारों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षक, शिक्षिकाएं, कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल रहे।

## झुमरीतिलैया सीएच स्कूल रोड चौड़ीकरण करने की मांग

**कोडरमा।** पीडब्ल्यूडी कोडरमा की ओर से झुमरीतिलैया सीएच स्कूल रोड से चिगलाबार, सहबाडीह, कटहाडीह, जयनगर सड़क का चौड़ीकरण नक्शा सर्वे के अनुसार नहीं करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने उपायुक्त सहित कई अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन सौंपा है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि विभाग के द्वारा सड़क चौड़ीकरण के मापी किए जाने के दौरान पता चला कि सड़क का सर्वे कंपनी के द्वारा गलत तरीके से बिना नक्शा का सर्वे कर दिया गया। कंपनी द्वारा जो सर्वे मापी किया गया है वह बिना अमीन के ही कर दिया गया है। सड़क पूर्व में नक्शा के मुताबिक नहीं बना है, जिससे कई लोगों का नक्शा के सर्वे रोड के जमीन पर कब्जा है। वहीं कंपनी द्वारा उक्त सर्वे रोड नक्शा के मुताबिक नहीं कर पूर्व में बने रोड के मुताबिक ही बिना नक्शा का सर्वे कर दिया गया है, जो चौड़ीकरण होगा वह गलत है। ग्रामीणों ने सड़क को पुनः नक्शा के मुताबिक सर्वे कराकर चौड़ीकरण कार्य करने की मांग की है। आवेदन में मनोहर मोदी, सुरेश विश्वकर्मा, रंजीत यादव, दिलीप कुमार, अनिल यादव, अशोक शर्मा, उमेश कुमार राणा, संतोष साव, दीपिका देवी, संजय कुमार सहित दर्जनों लोगों का हस्ताक्षर शामिल है।

# पेयजलापूर्ति योजना की लोहे की पाइप चोरी मामले में चार गिरफ्तार

- **पुलिस ने चोरी के पाइप और अपराध में प्रयुक्त वाहन में एक स्कार्पियो, एक स्विफ्ट कार, स्मार्ट फोन 3, नकद 6850 रुपये भी जब्त किया है**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अंगार व दोनैया से चोरी हुए ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना की लाखों रुपये की लोहे की पाइप चोरी मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी धनबाद जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के 25 वर्षीय अनवारुल हक उर्फ राजा, 30 वर्षीय मोकीम अंसारी, 21 वर्षीय मोकीम अंसारी सभी गोरातोपा व खालिद अनवर अंसारी ग्राम जंगलपुर टोला नेरो का रहने वाला है।

इस मामले को लेकर एसपी अनुदीप सिंह ने गुरुवार को बताया कि कंपनी के सुपरवाइजर चंद्रशेखर कुमार ने एक माह पूर्व पाइप चोरी मामले को लेकर सतगावां थाना में लिखित आवेदन दिया था। आवेदन के जरिये उन्होंने बताया कि अंगार से 100 पाइप व दोनैया से 48 पाइप की अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गयी। यह कार्य कंपनी की ओर से ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत पाइप लगाने के लिए किया जा रहा था। इस मामले में एसडीपीओ, पुलिस निरीक्षक डोमचांच अंचल व कोडरमा के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। गठित टीम ने तकनीकी संसाधनों की मदद से सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोरी के पाइप और अपराध में प्रयुक्त वाहन में एक स्कार्पियो, एक स्विफ्ट कार, स्मार्ट फोन 3, नकद 6850 रूपये भी जब्त किया है। पाइप और पाइप ले जाने वाले प्रयुक्त वाहन बरामद्गी व अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तारी को लेकर लगातार आरोपी के निशानदेही पर छापेमारी चला रही है। वहीं सतगावां थाना में दर्ज काण्ड संख्या 108/24 के चारों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

गिरफ्तार आरोपी मोकीम अंसारी उर्फ़ बबलू अंसारी व खालिद अनवर का अपराधिक इतिहास रहा है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न थानों में मामला दर्ज है।

छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक शशिभूषण कुमार, नफीस अहमद, प्रेम कुमार, श्रवण कुमार, तकनीकी शाखा से अभिमन्यु परिहार, एएसआई दाउद पावरिया व सशस्त्र बल शामिल थे।

# चतरा : हथियार और कारतूस के साथ टीएसपीसी के तीन उग्रवादी गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिले की पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के तीन उग्रवादियों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विकास कुमार पांडेय ने प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी संगठन के कुख्यात कमांडर गौतम जी और नगीना उर्फ डॉक्टर के लिए काम कर रहे थे। गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के बरसताइसा गांव निवासी विकास कुमार यादव, छतरपुर थाना क्षेत्र के डाली गांव निवासी गुड्डू यादव और पाटन थाना क्षेत्र के सिकीमेराल गांव निवासी तस्लीम अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से दो पिस्टल, एक देशी कट्टा, एक सिक्सर, पांच जिंदा कारतूस और दो सुतली बम बरामद किए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि उग्रवादी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे, जिसके बाद एक विशेष अभियान चलाकर इन्हें दबोच लिया गया। एसपी ने बताया कि जिले में उग्रवाद और अपराध के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है और उग्रवादी संगठनों के मंसूबों पर पानी फिरा है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और अन्य संभावित ठिकानों पर भी छापेमारी की जा रही है।

## तीन अपराधकर्मियों को गिरफ्तार भेजा गया जेल



**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत टोला मायाडीह के अर्जुन दांगी के पुत्र सरवन कुमार गिद्धौर थाना आकर लिखित आवेदन दिए थे। इटखोरी से घर आने के क्रम में हवाग मोड़ के आगे बारीसाखी गांव के तीन व्यक्ति इनके पास से मोबाइल और पर्स लूट लिए थे। उक्त कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक चतरा के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन कर कांड में शामिल अपराधकर्मियों के विरुद्ध छापेमारी कर तीनों अपराधकर्मियों को लुटे हुए समान एवं कांड में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा दो अन्य चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में अर्जुन यादव (19) पिता रमेश कुमार यादव, ग्राम बारीसाखी टोला मायाडीह, प्रदीप साहू (21) पिता वीरेंद्र साव, ग्राम बारीसाखी, जानकी साव (19) पिता शंकर साव, ग्राम बारीसाखी टोला कुम्हार टोली सभी थाना गिद्धौर जिला चतरा के हैं, सभी को जेल भेजा गया। छापेमारी दल में प्रदीप कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया, पुअनि अमित गुप्ता, पुअनि रंजन सिंह, सअनि विद्यानंद शर्मा एवं गिद्धौर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## डीसी ने जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग समिति की समीक्षा बैठक में दिये कई दिशा-निर्देश



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने प्रखंड स्तरीय स्टीयरिंग समिति की बैठक की कार्यवाही, रसोइया का आयुष्मान कार्ड से अच्छादन, गृह आधारित शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों की संख्या, किचन शेड मरम्मत समेत कई बिंदुओं पर विस्तार किया गया। वहीं उपायुक्त ने किचन शेड मरम्मति कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने, स्कूली बच्चों का बैंक में खाता खुलवाने से संबंधित अग्रणी जिला प्रबंधक से समन्वय स्थापित कर कैंप लगाकर बच्चों का खाता खुलवाने, नये विद्यालय में किचन शेड मरम्मत को लेकर प्रस्ताव तैयार करने, स्कूली बच्चों का आपार आईडी बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं असाक्षर व्यक्तियों की चिन्हित करण के कार्यों को लेकर असंतोष व्यक्त किया और जन चेतना केंद्र और मॉडल जन चेतना केंद्र के संचालन पर नाराजगी जताते हुए उपायुक्त ने सभी बीपीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कार्यों पर सुधार लायें। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुर्णेदु, डीइओ अविनाश राम, डीएसई अजय कुमार, सभी बीईईओ समेत अन्य मौजूद थे।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में महात्मा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि




**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को आयोजित प्रार्थना सभा में प्रत्येक वर्ष के 30 जनवरी को मनाये जाने वाले शहीद दिवस के बारे में स्कूल के छात्रों को विस्तृत जानकारी दी गई। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य राहुल घोष और परीक्षा प्रभारी एके लाल ने गांधी जी के चित्र पर पुष्पार्चन तथा दीप प्रज्वलन किया। वहीं प्राचार्य राहुल घोष ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। परीक्षा प्रभारी एके लाल ने कहा कि महात्मा गांधी को महात्मा की उपाधि रविन्द्रनाथ टैगोर और राष्ट्रपिता की उपाधि नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने दिया था। आज उनके विचारों और सिद्धांतों को आत्मसात कर ही देश को समुन्नत बना सकते हैं। इस अवसर पर कक्षा 1 द्वार विशेष सभा अयोजित की गई है, जिसमें महात्मा गांधी के विषय में अंग्रेजी भाषण सैनिक सिद्धि ने तथा हिंदी भाषा अंशिका सिन्हा ने प्रस्तुत किया। क्लास 1 की सौम्या, कनक, अरवी और अरण्य ने रघुपति राघव राजा राम समूह गीत की प्रस्तुति दी। क्लास 2 की अन्वी ने महात्मा गांधी के महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किये। विद्यालय परिसर में मोहम्मद इकबाल, संयोजक सुरेंद्र नोनिया, असेंबली इंचार्ज अनिता सिंह, सहयोगी उजाला, आदित्य, योग प्रशिक्षक शरद अग्रवाल, संगीत प्रभारी आशीष कुशल, ईसीए प्रभारी सुष्मिता इंदु, ज्योतिष्ना, काजल, चंपा, सम्मा, रंजू, आशीष मृणाल, सैफुद्दीन, अकाउंटेंट प्रदीप गुरु मौजूद थे।

## शहीदों की याद में रखा गया दो मिनट का मौन




कोडरमा। समाहरणालय परिसर में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस के मौके पर दो मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुर्णेदु, जिला परिवहन पदाकािरी विजय कुमार सोनी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। समाहरणालय समेत सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय कार्यालयों में शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## विधायक ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का किया शुभारंभ



**चंदवारा (कोडरमा)।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण हजारीबाग द्वारा मदनगुंडी टोल प्लाजा के समीप सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने शुभारम्भ किया। इससे पूर्व उच्च विद्यालय उरवां के साथ अतिथियों ने जागरूकता अभियान निकालकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक ने लोगों से अपील की कि यातायात नियमों का पालन करें और जीवन को सुरक्षित रखें। ज्यादातर सड़क दुर्घटनाओं में लापरवाही ही कारण बनता है इसलिए अपने सुरक्षित रहकर अपने परिवार को सुरक्षित रखें। इस दौरान विधायक ने क्विज प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया। मौके पर एनएचआई पीडी मनोज पांडेय, राजमार्ग मंत्रालय रोड़ सेफ्टी सदस्य रविन्द्र तिवारी, सांसद प्रतिनिधि बंटी मोदी, जिप प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव, स्थानीय रामदेव यादव, राजू यादव, आनन्द मोदी, एनएचआई प्रबंधक तकनीकी अभिषेक मिश्रा, अभियंता मुकेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## नवलशाही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**मरकच्चो (कोडरमा)।** सरस्वती पूजा को लेकर गुरुवार को नवलशाही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता व संचालन थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार ने किया। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि पूजा पंडाल के अध्यक्ष सचिव व जनप्रतिनिधि पूजा के दौरान कड़ी निगरानी रखेंगे। भड़काऊ मैसेज को फॉरवर्ड नहीं करने तथा विसर्जन शांति पूर्वक करने की अपील की। साथ ही कहा कि पूजा के दौरान अशांति फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहने तथा मूर्ति विसर्जन शांतिपूर्ण माहौल में करने की बात कही। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व पूजा समिति के पदाधिकारियों से अपील की कि विसर्जन के दौरान अश्लील गाना नही बजाएं। बैठक में एसआई रविप्रकाश पंडित, एसआई मदन मिश्रा, एएसआई सूर्य प्रकाश पूरी, किशोर यादव, शंकर साव, कलीमुद्दीन अंसारी, मजहर खान, बासुदेव राणा, बीरेंद्र यादव, रंजीत कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## ग्रिजली कॉलेज में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनी

कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत सहित सभी सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षुओं द्वारा उनके छायाचित्र पर पुष्पअर्पित किया, तत्पश्चात महाविद्यालय के बीएड.सत्र 2024-26 की प्रशिक्षु प्रिया राँय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सामाजिक एवं शैक्षणिक योगदानों पर अपनी विचार साझा किए।

# ग्रिजली विद्यालय में प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं पर करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय में कक्षा 11 के छात्रों के लिए सिविल सर्विसेस और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं पर एक ज्ञानवर्धक करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को उनके करियर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करना और संघ लोक सेवा आयोग और राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं से संबंधित संदेहों को दूर करना था। कार्यक्रम के दो प्रमुख वक्ता कोडरमा के डीडीसी ऋतुराज जिन्होंने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षाओं पर विस्तृत जानकारी दी और डोमचांच बीडीओ भोला पांडे, जिन्होंने राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के बारे में चर्चा की। दोनों विशेषज्ञों ने इन प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए मूल्यवान जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं डीडीसी ने छात्रों को यह सलाह दी कि उन्हें अपनी ताकत को पहचानकर उसी दिशा में कार्य करना चाहिए, ताकि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि असफलता को एक सबक के रूप में लेना चाहिए और छात्रों को फिर से अपने प्रयासों के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना चाहिए।

वहीं बीडीओ ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाए गए विषयों को गंभीरता से लेना चाहिए, क्योंकि यही मजबूत नींव तैयार करते हैं जो छात्रों को उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करती है। वहीं आनंद शर्मा, आशी, श्रेया, श्लोक, त्रिप्ती, विकास सहित कई छात्रों ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने करियर से संबंधित कई सवाल पूछे, जिनका उत्तर दोनों प्रमुख वक्ताओं ने दिया। वहीं दोनों प्रमुख वक्ताओं को विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता और प्राचार्या अंजना कुमारी द्वारा सम्मानित किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

वहीं कार्यक्रम का समापन सुधांशु द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें विशेषज्ञों, शिक्षक और छात्रों का आभार व्यक्त किया। यह करियर काउंसलिंग सत्र छात्रों के लिए एक उत्कृष्ट मंच साबित हुआ, जिससे उन्हें प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण जानकारी मिली और सिविल सर्विसेस के क्षेत्र में नए अवसरों की दुनिया खुली।

## ट्रक पेड़ से टकराया, चालक की मौत

**कोडरमा।** जेजे कॉलेज के समीप गुरुवार को सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई और आधा दर्जन लोग घायल हो गये। वहीं मिली जानकारी के अनुसार कोयला लदा ट्रक तिलैया की ओर से कोडरमा की ओर आ रहा था, फोर लाइन समाप्त होते ही जेजे कॉलेज के समीप सड़क पर खड़े टोटो में टक्कर मार दी। वहीं पास में दर्जनों छात्र खड़े थे, जिसे बचाने के प्रयास में ट्रक चालक सड़क पर खड़ा एक ऑटो में टक्कर मारते हुए पेड़ से जा टकराया। पेड़ से टकराते ही ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया और चालक जितेंद्र रजक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उपचालक लक्ष्मी रजक पिता नंद किशोर रजक बोकारो निवासी घायल हो गया। दुर्घटना में ऑटो, टोटो एवं बाईक में सवार दामोदर राम पिता बंशी राम, विमला देवी पति कुलदीप यादव दोनों डंडाडीह जयनगर निवासी, हरीश वर्मा पिता बालेश्वर महतो तिलैया डैम, रणवीर पिता, रंजीत कुमार सतगावां निवासी समेत करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर घायलों को सदर अस्पताल भेजवाया।

# कलश यात्रा के साथ हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय के मध्य पंचायत स्थित कोटवार मुहल्ला में 9 दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। कलश यात्रा का शुभारंभ थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने कुंवारी कन्या के माथे पर कलश रखकर रवाना किया। कलश यात्रा में मुख्य रूप से प्रमुख विजय कुमार सिंह, जिप सदस्य प्रतिनिधि रविशंकर तिवारी मंटू, उत्तरी पंचायत मुखिया रणजीत कुमार सिंह, मध्य पंचायत मुखिया रानी सिंह, रवि शंकर सिंह रिंकू, नारायण गोस्वामी, मनोज सिंह, रवींद्र पांडे, शतिष सिंह, नवदीप रंजन मुख्य रूप से शामिल हुए। वहीं कलश यात्रा में मरकच्चो मध्य, दक्षिणी व उत्तरी पंचायत के 301 महिलाएं एवं कुंवारी कन्याओं ने भाग लिया। कलश यात्रा मरकच्चो मध्य पंचायत स्थित कोटवार मुहल्ला के नवनिर्मित मंदिर स्थित यज्ञ स्थल से बाजे गाजे व गगनचुंबी धार्मिक नारे व जयघोष के साथ निकाली गयी। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से सीधे चन्दाल मंडप, कैलाश नगर, ब्लॉक चौक, श्री नगर होते हुए पंचखेरो नदी पहुंची। जहां यज्ञाचार्य प्रवीण पांडे व अन्य पुजारियों ने विधि विधान व मंत्र उच्चारण के साथ कलश में जल भरवारा।

कलश यात्रा में संरक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह, बैजनाथ सिंह, महाराज सिंह, द्वारिका सिंह, अवध किशोर सिंह, कुंवर सिंह, मुरारी सिंह, महेश प्रसाद, वीरेंद्र सिंह, सकलदेव सिंह, लालो सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, अरुण सिंह, विनोद सिंह, सुरेश रवानी व सत्येंद्र सिंह, बीनू सिंह, सागर सिंह, देवेंद्र अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, कृष्ण रवानी, महानंद सिंह, बच्चू सिंह, रामविलास सिंह, जयकुमार सिंह, श्रीनिवास पोद्दार, विवेक तमोली, कालेश्वर सिंह समेत समिति के अन्य सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

## सरस्वती पूजा को लेकर डोमचांच थाना में बैठक

डोमचांच (कोडरमा)। थाना में सरस्वती पूजा को लेकर विभिन्न कमिटी के लोगों के साथ में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने किया और कहा कि डोमचांच थाना क्षेत्र में जितने भी जगह पूजा अर्चना होगी, उस जगह पर डीजी पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। पूजा के दूसरे दिन ही विसर्जन करनी होगी और किन्हीं कारण नहीं करते हैं तो थाना को सूचित करेंगे कि किस दिन वह विसर्जन करेंगे। मौके पर महेंद्र प्रसाद वर्मा, प्रदीप सिंह, मुकेश राम, कुलदीप राम, गुड्डू यादव उर्फ पहलवान, बाबूलाल राणा, प्रकाश ठाकुर, मुस्लिम अंसारी, अख्तर अंसारी, राजेंद्र चौहान मौजूद थे।

### हंटरगंज थाना में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

# अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी पैनी नजर : मनीष कुमार

- **डीजे पर अश्लील गीतों पर पूर्ण प्रतिबंध : थाना प्रभारी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हंटरगंज।** हंटरगंज थाना परिसर में गुरुवार की शाम 4 बजे से सरस्वती पूजा के मद्देनजर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित थाना प्रभारी मनीष कुमार एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप ने सरस्वती पूजा को लेकर जिला प्रशासन के गाइडलाइंस की जानकारी मौके पर उपस्थित बुद्धिजीवीयों को दी। बताया गया कि गाइडलाइंस के मुताबिक डीजे पर अश्लील गीतों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है, इसलिए पूजा कमेटी के लोग इसे गंभीरता से लें। कहा गया कि पूजा के बाद प्रतिमा विसर्जन के दौरान भक्त सुरक्षित रहे इसे लेकर शाम से पूर्व ही प्रतिमा विसर्जन करेंगे। जबकि पूजा के दौरान बेहतर व्यवस्था एवं शांति के लिए वालिंटियर नियुक्त करेंगे ताकि शांति पूर्ण तरीके से पूजा सम्पन्न हो सके। कहा गया कि पूजा के दरमियान पुलिस प्रशासन तत्परता के साथ लोगों की सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखेगी।

**सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जाएगी :** किसी तरह की अनहोनी होने पर पूजा कमेटी के लोग अविलंब पुलिस प्रशासन को सूचित करेंगे ताकि समय पर पहुंच कर पुलिस पूजा में बाधा उत्पन्न करने वालों से निपट सके। इस दौरान उन्होंने पूजा में अश्लील गीत संगीत पर रोक लगाने, शराब पर प्रतिबंध लगाने की बात कही। मौके पर सरदार शमशेर सिंह, चकला पंचायत मुखिया दीपा भारती, खूंटीकेवाल खुर्द मुखिया बृजकिशोर सिंह,तिलहेत पंचायत मुखिया प्रतिनिधि राम बाबू, तरवागड़ा मुखिया प्रतिनिधि दिलीप कुमार दास, रूपदेव यादव,आदि दर्जनों मुखिया ,समेत अन्य कई बुद्धिजीवीयों ने भी अपने सकारात्मक विचार व्यक्त किए। मौके पर थाना के कई पुलिस पदाधिकारी, पुलिस जवान समेत थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों के दर्जनों बुद्धिजीवी उपस्थित थे।

## एक नजर में

## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत शैक्षणिक भ्रमण के लिए 100 छात्र-छात्राएं रवाना



**गिद्धौर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत चतरा जिला से आधा दर्जन से अधिक प्रखंडों से चयनित सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण के लिए गुरुवार को कोलकाता रवाना हुए। जिसमें कुल 100 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। चतरा से हटिया तक बस का सफर करेंगे। उसके बाद संध्या में भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन के माध्यम से बच्चे कोलकाता जाएंगे। कोलकाता में बच्चों को विभिन्न तरह का शैक्षणिक भ्रमण करवाया जाएगा। सभी बच्चे शैक्षणिक भ्रमण कर चार दिन बाद 2 फरवरी को वापस आयेंगे। सभी छात्र-छात्राएं जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज किये जहां जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, एडीपीओ मोनीदीपा बनर्जी, एपीओ राकेश कुमार पांडेय, बीपीओ राहुल कुमार मौजूद थे। बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण करवाने हेतु चतरा जिला की गिद्धौर प्रखंड से प्रतिनिधित्व शिक्षक दीपक कुमार, अबोध राम एवं मंजू कुमारी को दायित्व दिया गया। गिद्धौर प्रखंड से कुल 8 छात्र छात्राएं शामिल हैं।

## वीएलईएस का दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में वीएलईसएस का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिसमें सिमरिया टंडवा और पत्थलगड्डा प्रखंड के वीएलईएस शामिल हुए। सभी वीएलईएस को ग्राम स्वराज पीड़ीई टीएमपी पोर्टल से संबंधित प्रशिक्षण दी गई। साथ हीं ग्राम स्तर से लिए गए योजनाओं की ऑनलाइन टाइड अनटाइड के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण पंचायती राज प्रखंड समन्वयक नेहाल वारसी के द्वारा दी गई। प्रशिक्षण का समापन प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद के द्वारा विस्तृत जानकारी देते हुए किया गया। मौके पर पंचायती राज का डिस्ट्रिक मैनेजर लोकेश सिंह जेई अजय कुमार वीएलईएस प्रदीप कुमार, अशोक कुमार, लोकेश्वर प्रसाद,विनेश कुमार बबलू कुमार, पिंटू कुमार सहित बड़ी संख्या में वीएलईएस उपस्थित थे।

## अनियंत्रित 407 वाहन ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर




**गिद्धौर।** थाना गेट के बाहर एक जब्त किया हुआ ट्रक में 407 माल गाड़ी में जोरदार टक्कर मारी है। यह घटना गुरूवार की अहले सुबह 4:00 की है। जिस मालगाड़ी का वाहन नंबर जे एच 02 बी एल 7766 है। टक्कर इतना जोरदार थी कि 407 वाहन बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गया है। इस घटना में चालक बाल बाल बच गया। थाना से गश्ती दल में निकले सहायक अवर निरीक्षक विद्यानंद शर्मा ने गाड़ी में फंसे चालक को निकाल कर सुरक्षित बचाया। बताया गया कि वाहन हजारीबाग के पदमा थाना के स्व. सोना महतो के पुत्र राजेश कुमार का बताया जा रहा है। मालूम हो कि 407 वाहन बिहार के मुजफ्फरपुर से प्लाइवुड लेकर हजारीबाग जा रहा था। इसी क्रम में थाना के मुख्य द्वार के समीप चालक को नींद आ गई और वाहन अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक में जा टकराया और वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## नशे में धुत था चालक, ट्रेलर किया दुर्घटनाग्रस्त

कोडरमा। नवलशाही थाना क्षेत्र के कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित सिंघपुर के समीप एक ट्रेलर जेएच12आर-5188 अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना बुधवार की देर रात्रि की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त ट्रक डोमचांच से नवलशाही की ओर माल लोड करने जा रही थी। इसी दौरान सिंघपुर पुल के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वहीं बताया गया कि चालक नशे में धुत रहने के कारण ट्रक अनियंत्रित होने से ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, इस हादसे में चालक बाल बाल बच गया। उक्त वाहन नवलशाही थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी संतोष मेहता का बताया जा रहा है।

## हुडदंगियों पर रहेगी कड़ी नजर : थाना प्रभारी



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर तिलैया थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शहर के सम्मानित व कई वार्ड परिषद उपस्थित हुए। थाना प्रभारी ने बैठक में कहा कि डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा और पूजा स्थलों पर पुलिस की तैनाती होगी, साथ ही नोडल अधिकारी भी साथ रहेंगे। मूर्ति विसर्जन किसी भी कीमत पर रात 8 बजे से पहले की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि मोटरसाइकिल बेकर्स पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जाएगा, पकड़े जाने पर उन पर कार्रवाई की जाएगी। वही स्कूल कॉलेज के अलावे हुडदंगियो के ऊपर विशेष रूप से नजर रखी जाएगी। मौके पर एसआई नरेश सिंह, सुबोध सिंह, हाजी गुलाम जिलानी, विनय कुमार बेलू, घनश्याम तुरी, बलराम यादव, शमीम आलम, संजय यादव, सत्यदेव राय, चुन्नू मंसूरी, गालीब मसूरी, मो.अशरफ, शहीद समेत कई लोग शामिल थे।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**सतगावां (कोडरमा)।** ज्ञान व विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा को लेकर थाना परिसर में गुरुवार को एसआई. श्रवण कुमार राम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। वहीं पूजा को आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गयी। साथ ही पूजा में अश्लील गानों पर पूर्ण पाबन्दी की बात कही गयी। मौके पर विजय सिंह, एसआई.वृजनन्दन प्रसाद, एएसआई.शरण टोपनो, रंजीत कुमार, पंसस रणधीर कुमार, मुखिया प्रतिनिधि नारायण राय, पूर्व मुखिया नरेश राय, अजित यादव, ननंजय यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, भाजपा नेत्री कंचन कुमारी, चंद्रिका प्रसाद यादव के आलावे शलोनी लाइट, भोला लाइट, बोल बम्ब डीजे, सागर लाइट, न्यू बोल बम, प्रसाद डीजे, गुप्ता डीजे के संचालक उपस्थित थे।

# सोना जैसा बनना है तो, सूरज जैसा जलना होगा : डॉ जेपी मिश्रा

■ सोना देवी विश्वविद्यालय में स्व. सोना देवी की आठवीं पुण्यतिथि पर व्याख्यान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय के सभागार में आज स्वर्गीय श्रीमती सोना देवी की आठवीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में व्याख्यान श्रृंखला की शुरूआत की गई। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ जेपी मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय सिंह दंपत्ति के प्रेरणास्वरुप हम सभी यहां एकत्र हुए है। स्वर्गीय सुखदेव सिंह जी एवं स्वर्गीय सोना देवी जी के संस्कारों के कारण ही हम सभी यहाँ तक पहुंचे हैं।

एक कहानी के माध्यम से कुलपति महोदय ने बताया कि मनुष्य को ऐसा कर्त्तव्य करना चाहिए कि वह अपने साथ -साथ दूसरों के लिए भी सुखदायी हो। सामाजिक क्षेत्र में किये गए कार्यों के लिए सोना देवी परिवार को हर तरफ जाना जाता है। इसलिए सोना देवी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी अपने व्यक्तित्व को ऐसा बनाये कि उसी के आधार पर आपकी पहचान बने। जीवन में सफल बनने के लिए आपका कृतित्व अच्छा होना चाहिए। अच्छा कार्य करने के लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित करना चाहिए।

सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. गुलाब सिंह आजाद ने कहा कि सौभाग्यशाली लोगों के सम्बन्ध में ही इस तरह के आयोजन किये जाते हैं। इस व्याख्यानमाला के आयोजन से हमारे विद्याथीर्यों को भी लाभ होगा। श्री आजाद ने कहा कि अमरत्व को प्राप्त करने के लिए त्याग की भावना से परिपूर्ण होना होगा। मैं की भावना को छोड़कर जनहित में काम करना होगा। स्वर्गीय सुखदेव सिंह दंपत्ति का जीवन भी इसका जीवन्त उदहारण है। इनका जीवन संघर्षपूर्ण एवं प्रेरणादायक रहा फिर भी इन्होंने समाज सेवा और शिक्षा के विकास के लिए अतुलनीय कार्य किया।



व्याख्यान का उद्घाटन करते कुलाधिपति प्रभाकर सिंह।

कुलसचिव महोदय ने कहा कि श्री सिंह सच्चे अर्थों में एक श्रेष्ठ व्यक्ति थे। उन्होंने अपने द्वारा शुरू किये गए कार्य को हमेशा पूरा किया। श्री आजाद ने पूजनीय सुखदेव की तुलना सिंह से करते हुए उनके विशिष्ठ गुणों को बताया कि वे कैसे पूरी एकाग्रता और पूर्ण योजना बनाकर सफलता प्राप्त करते थे। कुलसचिव श्री गुलाब सिंह आजाद ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में जो भी कार्य करें उसकी एक स्पष्ट पहचान बने। उनके पदचिह्नों पर चलते हुए हमारे कुलाधिपति श्री प्रभाकर सिंह ने सोना देवी विश्वविद्यालय की स्थापना की है। दिवंगत स्व सोना देवी का जीवन प्रेरणादायक था। वे दया, करुणा और ममता की प्रतिमूर्ति थी। समाजसेवा और शिक्षा के प्रति उनका समर्पण गजब का था। उन्होंने शिक्षा को साधना की तरह समझा और शिक्षा प्रदान करने तथा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उन्होंने अतुलनीय कार्य किया।

श्री आजाद ने कहा कि उनके बताये मार्ग पर चलकर हम एक सफल इंसान बनने की कोशिश करें। कुलाधिपति श्री प्रभाकर सिंह ने दिवंगत पुण्य आत्मा के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि हम सभी के लिए सोना देवी विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रेरणास्त्रोत सिंह दंपत्ति के व्यक्तित्व और कृतित्व को जानना हम सभी के लिए आवश्यक है। उन्होंने गुणवत्ता से कभी समझौता नहीं किया। वे स्पष्टवादी थे और सामाजिक सरोकार से पूर्ण व्यक्ति थे। उनका आदर्श उच्च कोटि का था और वे मतभिनता को भी सम्मान देते थे। हमें उनके आदर्शों को ध्यान में रखते हुए जीवन में सफल बनने का प्रयास करना चाहिए। कुलाधिपति प्रभाकर सिंह ने बताया कि सोना देवी मेमोरियल एजुकेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा सामाजिक दायित्व निर्वाहन के तहत नेत्र चिकित्सा शिविर, रक्त दान शिविर और कम्बल वितरण आदि भी समय- समय पर किया जाता है। इसी के तहत सोना देवी विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम के साथ आगामी 15 फरवरी से 17 फरवरी तक 3 दिवसीय निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन जमशेदपुर में किया जा रहा है।

## स्पीड न्यूज

### पूर्णिमा साहू के विधायक प्रतिनिधि बने गुंजन



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने अपने क्षेत्र में शासकीय बैठकों, प्रशासनिक कार्यों और विकास योजनाओं की निगरानी के लिए श्री हिमांशु अरविंद (गुंजन यादव) को विधायक प्रतिनिधि के रूप में नामित किया है। विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि विभिन्न प्रशासनिक कार्यों, विधानसभा सत्रों और क्षेत्रीय दौरों के कारण प्रत्येक सरकारी बैठक और कार्य में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहना संभव नहीं हो पाता। ऐसे में हिमांशु अरविंद (गुंजन यादव) उनके अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे और जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में प्रशासनिक बैठकों, विकास कार्यों की निगरानी तथा अन्य विधायी कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने में सहयोग करेंगे। यह नियुक्ति विधायक कार्यालय के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा क्षेत्रीय विकास कार्यों की निगरानी को मजबूत करने के उद्देश्य से की गयी है।

### कल चेंबर भवन में आम बजट का सीधा प्रसारण

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री शनिवार को पूर्वाह्न 10 .30 बजे से चेंबर भवन में सीधा प्रसारण का आयोजन किया जायेगा और इस दौरान वित्त एवं कर विशेषज्ञ इस बजट से व्यापार, उद्योग एवं आम आदमी पर पड़ने वाले असर पर चर्चा कर अपनी राय देंगे। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी। उपाध्यक्ष, वित्त एवं कराधान अधिवक्ता राजीव अग्रवाल एवं सचिव अधिवक्ता अंशुल रिंगसिया ने बताया कि सिंहभूम चेंबर के द्वारा प्रत्येक आम बजट पर इसका सीधा प्रसारण वित्तीय एवं कर विषय के विशेषज्ञों की उपस्थिति में किया जाता रहा है। इसी कड़ी में इस बार भी इसका आयोजन 1, 2 और 3 फरवरी, 2025 को चैम्बर भवन में किया गया है।

### केंदाडीह स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांग शिविर 10 को

**जादूगोड़ा।** मुसाबनी प्रखंड अंतर्गत केंदाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में (जादूगोड़ा) में दिव्यांग शिविर आगामी 10 फरवरी को आयोजित की गयी है। इधर, कार्यक्रम की सफलता को लेकर केंदाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एस एल मार्डी ने तैयारी तेज कर दी है। कहा कि 10 फरवरी को लगने वाले इस शिविर में हड्डी रोग, मनोरोगी चिकित्सक, नेत्र रोग समेत कान, नाक समेत गला के विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहेंगे।

### वन विभाग के कैंपस में घुसा ट्रेलर, हादसा टला

**गम्हरिया।** कांड्रा थाना अन्तर्गत टॉल प्लाजा के समीप बीते बुधवार की देर रात सड़क पर खड़ी एक ट्रेलर संख्या लुढ़कर वन विभाग में जा घुस गया जिससे वन विभाग का चाहरदीवारी टूट गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। ट्रेलर के चालक ने बताया कि रात्रि करीब 11.30 बजे जब वह वाहन में सोया हुआ था तो अचानक टक्कर की आवाज से उसकी नींद खुली।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक के निर्देश पर समर्थकों ने किया औचक निरीक्षण

# कदमा में 72 कर्मचारियों के स्थान पर दिये गये मात्र 54 सफाईकर्मी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने गुरुवार को कहा कि जमशेदपुर में मानगो नगर निगम और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति अंतर्गत मुख्य सड़कों, नालियों की सफाई करने तथा कचरा उठाने के काम में लंबे अरसे से कोताही बरती जा रही है। दोनों ही नगरपालिकाओं में इस काम के लिए प्रतिमाह लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं, परन्तु सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं है। जो ठेकेदार इस काम के लिए नगरपालिकाओं द्वारा बहाल किये गये हैं और इन ठेकेदारों को जितनी संख्या में सफाई कर्मियों को प्रतिदिन रखना है, वे उससे काफी कम संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती क्षेत्र में कर रहे हैं, जबकि इसके लिए ठेकेदार पूरा पैसा ले रहे हैं। मानगो नगर निगम के नगर आयुक्त और जेएनएसी के उप नगर आयुक्त यह सुनिश्चित करें कि उनके विधानसभा क्षेत्र में सभी सड़कों और गलियों की सफाई तत्परता से हो तथा वहां से प्रतिदिन कचरा उठाया जाये।



सफाईकर्मियों की गिनती करते विधायक के लोग।

यहां जारी एक बयान में सरयू राय ने कहा कि उन्होंने अपने सहयोगियों को निर्देश दिया है कि वे इस बात कि पूरी छानबीन लगातार करें कि ठेकेदारों को जितनी संख्या में सफाईकर्मी रखना है, उतनी संख्या में सफाईकर्मी क्षेत्र में कार्यरत हैं अथवा नहीं। इस सिलसिले में गुरुवार को जेएनएसी के अंतर्गत कदमा क्षेत्र में सहयोगियों ने सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया और पाया कि वहां के लिए ठेकेदार द्वारा कुल 72 महिला और पुरूष सफाईकर्मियों को तैनात करने का प्रावधान है, परन्तु औचक निरीक्षण में वहां केवल 54 सफाईकर्मी ही पाये गये। इस औचक निरीक्षण में जेएनएसी के सिटी मैनेजर भी साथ थे। वे इस संबंध में कोई जवाब नहीं दे सके कि क्यों 72 सफाई कर्मियों की जगह केवल 54 सफाईकर्मी ही काम पर आये हैं?

श्री राय ने कहा कि सफाई व्यवस्था में मानगो नगर निगम प्रतिमाह करीब 30 लाख रुपये खर्च कर रहा है। सफाई कार्य के लिए मानगो नगर निगम में 14 ठेकेदार बहाल हैं और सभी ठेकेदारों को मिलाकर रोजाना 300 सफाईकर्मी क्षेत्र में तैनात होने चाहिए परंतु सफाईकर्मियों की तैनाती कम संख्या में रहने के कारण इस क्षेत्र से गंदगी पसरे रहने और सफाई नहीं होने की सूचनाएं जनता की ओर से लगातार मिल रही हैं। सरयू राय ने कहा कि उन्होंने अपने सहयोगियों से कहा है कि वे दोनों नगरपालिकाओं के अधिकारियों से जानकारी हासिल करें कि सफाई के लिए उन्होंने नगरपालिका क्षेत्र को कितने हिस्सों में बांटा है और किस क्षेत्र के लिए कितने सफाईकर्मी किस स्थान पर एकत्र होते हैं।

## टाटा स्टील के मजहरुल ने वनकर्मियों को दी आपदा प्रबंधन की पूरी जानकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के सुरक्षा विभाग में कार्यरत मजहरुल बारी ने आज वन भवन, सर्किट हाउस एरिया में वन विभाग के कर्मचारियों को उच्चे भवनों एवं वन क्षेत्र के लिए जीवन रक्षा तकनीक पर विशेष प्रशिक्षण दिया। उप वन संरक्षक एवं गज परियोजना के क्षेत्र निदेशक सबा आलम अंसारी की उपस्थिति में 30 वनकर्मियों ने ऊंची बिल्डिंग में आग लगने की स्थिति में सुरक्षित उतरना एवं रस्सियों के सहारे बिल्डिंग में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने और जंगल में आग एवं पहाड़ों पर गये किसी व्यक्ति के घायल होने की स्थिति में सुरक्षित रिस्क्यू करने का प्रशिक्षण मजहरुल बारी से लिया। श्री बारी के प्रशिक्षण को उप वन संरक्षक सबा आलम अंसारी ने भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। श्री अंसारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण बहुत ही उपयोगी है और विभाग समय-समय पर श्री बारी से ऐसे प्रशिक्षण की सुविधा लेता रहेगा।



मजहरुल बारी को प्रशस्ति पत्र देते उप वन संरक्षक सबा आलम अंसारी।

## धारासायी फ्लैट में रहने वालों को दूसरे जगह शिफ्ट कराये प्रबंधन : जयराम

■ टायो कॉलोनी के प्रभावितों से मिलकर विधायक जयराम महतो ने समस्याएं सुनी

■ हरसंभव सहयोग का दिया आश्वासन, डीसी को दिये आवश्यक निर्देश

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**गम्हरिया।** टाटा स्टील की गम्हरिया स्थित बंद पड़ी अनुषंगी इकाई टायो कंपनी के फ्लैट्स धराशायी होकर गिरने की सूचना पर डुमरी के विधायक जयराम महतो गुरुवार को प्रभावितों से मिलने कॉलोनी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने फ्लैट धराशायी होने से प्रभावित होकर सड़कों पर रात गुजार रहे परिवारों से उनका हाल जाना। साथ ही प्रभावितों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। मौके पर जयराम ने फोन पर उपायुक्त, गम्हरिया सीओ और टाटा प्रबंधन के अधिकारियों से वार्ता कर सड़कों पर रात गुजार रहे परिवारों को अविलंब दूसरे फ्लैट में रखने को कहा। इस पर टाटा प्रबंधन के अधिकारियों ने हाथ खड़े कर दिये। विधायक जयराम ने मौके से ही सरायकेला उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला से फोन पर प्रभावित परिवारों को उचित तौर पर व्यवस्थित करने की बात कही।



प्रभावितों के बीच विधायक जयराम महतो।

## टीवी नरेंद्रन ने विज्क आन जी में टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट का दौरा किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बुधवार को टीएसएन के पर्यवेक्षी बोर्ड के अध्यक्ष और टाटा स्टील लिमिटेड के सीईओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने नीदरलैंड के विज्क आन जी में टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट का दौरा किया। उन्होंने 'शतरंज के विंबलडन' के 10वें दौर की शुरुआत की और भारत के प्रतिभागियों के साथ एक संक्षिप्त मुलाकात और अभिवादन किया। श्री नरेंद्रन टूर्नामेंट से प्रभावित हुए। वह शतरंज के लिए कोई अजनबी नहीं है, क्योंकि 2018 से, एक टाटा स्टील शतरंज इंडिया टूर्नामेंट भी हुआ है, जो विज्क आन जी के समान अवधारणा का पालन करता है, जिसमें शौकिया, युवा गतिविधियां और दुनिया के सर्वोच्च रैंक वाले खिलाड़ी शामिल होते हैं। शतरंज भारत में बेहद लोकप्रिय है, खासकर तब से जब भारत के गुकेश डी पिछले साल दिसंबर में शतरंज में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बने थे।



टाटा स्टील के सीईओ टीवी नरेंद्रन टूर्नामेंट के दौरान दो प्रतिद्वंद्वियों की चाल पर गौर करते हुए।

## गांधी घाट पर वरिष्ठ नागरिकों ने दी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गुरुवार को सुबह 11 बजे गांधी घाट पार्क साकची पर सिंहभूम केंद्रीय वरिष्ठ नागरिक समिति जमशेदपुर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनायी। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर उनकी मूर्ति पर पुष्प माल्यार्पण कर किया गया। उनके प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम पतित पावन सीताराम गाया गया। केंद्रीय अध्यक्ष शिव पूजन सिंह ने उनके जीवन आदर्शों व सिद्धांतों का जिक्र करते हुए अपने जीवन में उतारने और बच्चों में समावेश करने का आग्रह किया। कवि शेषनाथ सिंह शरद अपनी कविता के माध्यम से शहीदों के त्याग बलिदान तथा जालियावाला बाग की निर्मम हत्या से वातावरण को स्तब्ध कर दिये। कार्यक्रम में प्रभु दयाल लाल, सुशील श्रीवास्तव, जेम्को गुरुद्वारा के प्रधान जगदीश सिंह जग्गा, परमजीत सिंह, अंजनी सिंह, अभय सिंह, कैलाश प्रसाद आदि भी थे।



## बंद रास्ता को लेकर बीसीसीएल प्रबंधन, प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाथरडीह।** धरना प्रदर्शन सुदामडीह रैयतों तथा ग्रामीणों को द्वारा किया गया। बीसीसीएल महाप्रबंधक जीएम भौरा ओपी प्रभारी अमित कुमार सुदामडीह क्षेत्र में हाय हाय रैयतों हाय हाय का नारा लगाया गया। थाना सुदामडीह क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय के बगल में बसे हुए थाना बस्ती के लोगों ने बीसीसीएल प्रबंधक जी एम ओपन कास्ट आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ आज धारणा प्रदर्शन लोगों ने थाना जाने वाले रास्ते में उतरे जमकर नारेबाजी की ग्रामीण के द्वारा बूढ़े बुजुर्ग नौजवान व्यक्ति एवं लेडिस महिला छोटे-छोटे स्कूल के बच्चे एवं बच्चियों के द्वारा रास्ता खुलवाने का दरमियान लोगों ने धरना प्रदर्शन किया। आज 30 जनवरी 2025 समय तीन बजे दिन में ग्रामीणों को रास्ता दिया जाए। नजदिकी स्कूल कॉलेज दवा दुकान हॉट बाजार बैंक पोस्ट ऑफिस एवं दवा की दुकान करने में आसानी हो ड्यूटी करने वाले लोग परेशानियों से बच्चे रात-गिरता घटना हो सकती है तीन दिनों से हम लोग दिक्कत का सामना कर रहे हैं आवा गमन ठप है आवागमन को बन्द रास्ते को अति शीघ्र चालू किया जाए स्कूल के छात्र एवं छात्राएं बच्चे देश का भविष्य है जैसे पहले कि तरह पथ निर्माण चालू था। आवागमन कर रहे थे उसी तरह लोग आवागमन करेंगे इसी रास्ता को खुलवा दिया जाए अंयथा पहले आवागमन रास्ते को चालू कर दिया जाएगा रैयत गौतम कुमार रवानी का कहना है कि रास्ता दिया जाए समय रहते हुए ही मैंने लिखी शिकायत अपने नजदीकी थाना सुदामडीह मैं ने एक लिखित आवेदन दिया लेकिन लेने से इंकार किया गया इसके बाद लिखिए शिकायत एसएसपी धनबाद को दी गई है हम ग्रामीण वासियों ने रास्ते बंद हुए रास्ते खुलने के नारे लगाए ऊंचे अधिकारी विरूद्ध मुदार्बाद मुदार्बाद बंध रास्ता को चालू किया जाए। इस कार्य के लिए अनेकों लोग उपस्थित थे।



## एक नजर में

### शहीदों को डीसी ऑफिस में दी गयी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार में डीसी अनन्य मित्तल, एडीसी भगीरथ प्रसाद, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी (शहीद दिवस) को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा शहीदों को स्मरण किया। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि देश के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीदों के प्रति हमें अपनी कृतज्ञता प्रकट करने का दिवस है, साथ ही देश की एकता, अखंडता के लिए उनके आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला स्तरीय कार्यालय, अनुमंडल स्तरीय कार्यालय तथा प्रखंड/अंचल के कार्यालयों में भी दो मिनट का मौन रखकर शहीदों का स्मरण किया गया। साथ ही सभी शैणणिक संस्थान के अलावा कौशल विकास केन्द्र, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय एकता के बारे में वार्ताएं एवं भाषण आयोजित किये गये। वहीं सार्वजनिक उपक्रमों /निजी कंपनियों में भी शहीदों की याद में मौन रखा गया।

### उमवि हितकु के प्रभारी सुशील मांझी सेवानिवृत



**जमशेदपुर।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय हितकु में बृहस्पतिवार को प्रभारी प्रधानाध्यापक सुशील कुमार मांझी की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन तपन कुमार भुइयां ने किया। मौके पर सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्र–छात्राओं ने सेवानिवृत्त शिक्षक को पुष्प गुच्छ एवं भेंट देकर विदाई दी गयी। समारोह में संकुल साधन सेवी संजय कुमार, शंकर गोप, मिथिलेश कुमार सिंह उपस्थित थे। उन्होंने सेवानिवृत शिक्षक को जीवन की दूसरी पारी के लिए शुभकामना देते हुए उनके कुशल स्वास्थ्य की कामना की। सुशील मांझी ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान विद्यालय के विकास के विभिन्न कार्यों सहित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सभी शिक्षकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अभिभावकों का भरपूर सहयोग मिला। समारोह में शबनम होरो अजय कुमार तपन कुमार भैया सुभाषित चंद्र उर्मिला डोमेन चंद्र टुडू अजय पूर्व सेवा निवृत शिक्षक अजय कुमार वर्तमान पदोन्नति शिक्षक भरत प्रसाद शर्मा इंदु कुमार ननीसला महतो रसोईया, आंगनबाड़ी सेविका, संकुल साधन सेवी एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

### हंस फाउंडेशन ने टंगराइन में लगाया नि:शुल्क शिविर

**जादूगोड़ा।** जमशेदपुर की हंस फाउंडेशन नामक संस्था की ओर बृहस्पतिवार को टंगराईन पंचायत में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित की। संस्था की ओर चलत मोबाइल मेडिकल शिविर 115 लोगों की नेत्र जांच व 125 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां बाटी। इस दौरान डॉक्टरों ने 115 लोगों की नेत्र जांच वही शिविर में पहुंचे 125 से ज्यादा गर्भवती महिला, चर्म रोगी, शुगर बीपी हीमोग्लोबिन आदि जांच कर नि :शुल्क दवाइयां बांटी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टरो की टीम में शामिल अंकिता समेत डॉ रोहित कुमार मेहता, डॉ डॉक्टर प्रिंस राज, डॉ बिनय महतो, ए एन एम राधा टुडू संजय प्रसाद मोनालिसा, वी एच डब्लू मौसमी पातर, ममता रजक ग्राम प्रधान सिंगरई माझी, टॉगराईन ग्राम प्रधान मंगल पान, शिवचरण सरदार व विद्याधर मंडल ने अहम योगदान दिया।

### पदयात्रा : बोड़ाम से पटमदा तक दी बापू को श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।** बृहस्पतिवार को सत्य अहिंसा और सत्याग्रह के प्रतीक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर नव समाज निर्माण अभियान के बैनर तले गांधी जी को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर बोड़ाम से पटमदा तक सभा सह पदयात्रा निकल कर समाज को जागरूक करने के लिए गांधीजी, डॉ आंबेडकर, संत विनोबा भावे, लोकनायक जयप्रकाश नारायण के विचारों का प्रचार किया गया। मौके पर युवा समाजसेवी गांधीवादी मुकुंद मुकद्दर ने कहा कि समाज में व्याप्त अनैतिकता, कुरीतियों, बुराइयों, पाखंड को जड़ से मिटाने के लिए संत, महात्मा, समाज सुधारकों के विचारों को आत्मसात करने का अति आवश्यक है। अभियान में माणिक चंद्र बेसरा, स्वपन कुमार, कृष्ण पद महतो, बिजय महतो, खगपति महतो, सुकदेव हेम्ब्रम, गणेश मांडी, राजेश महतो, असित हेम्ब्रम, हिमांशु महतो, राजीब महतो, धनिकलाल महतो भी थे।

### सरस्वती पूजा त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए शांति समिति की बैठक

**धनबाद।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार गुरुवार को गोविंदपुर थाना पतिसर में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 1 शंकर कामती द्वारा आगामी सरस्वती पूजा त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । पुलिस उपाधीक्षक द्वारा क्षेत्र के सभी सरस्वती पूजा समिति को मूर्ति विसर्जन के लिए मुख्य दिशा निर्देश दिया गया तथा डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाते हुए अश्लील व भड़काऊ गानों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने की बात कही गई, निर्देश का उल्लंघन करने वाले पूजा समिति के सदस्यों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी ने कहा कि सरस्वती पूजा शांति, बुद्धि व विवेक का त्यौहार है जिसकारण समाज के सभी वर्ग और धर्म के लोग सरस्वती पूजा को लेकर विशेष आस्था व श्रद्धा का भाव रखते हैं, ऐसे में जरूरी है कि इस पवित्र त्यौहार की गरिमा को कायम रखा जाये। शांति समिति की बैठक के उपरांत डीएसपी ने गोविंदपुर थाना में पदस्थ सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ लंबित कांडों की समीक्षा की। बैठक के दौरान महोदय ने सभी दर्ज कांड के अनुसन्धान में तेजी लाने के साथ सभी मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु दिशा निर्देश भी दिया। महिला व बाल सुरक्षा को लेकर सभी पुलिस पदाधिकारियों को अति गंभीर रहने को कहा गया। इसके साथ ही सभी पुलिस पदाधिकारियों को अपने गश्ति एवं ड्यूटी के दौरान क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए चोरी, छिनतई, मोटर साइकिल चोरी तथा अवैध शराब बिक्री, मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया।

# डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक संपन्न

## ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल समेत विभिन्न विभाग को सांसद ने किया निर्देशित

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में सांसद चतरा कालीचरण सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी (डीडीसीएमसी) दिशा की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में हुए कार्यों की अनुपालन प्रतिवेदन प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। अनुपालन प्रतिवेदन में मुख्य रूप से पीसीसी पथ निर्माण, विद्युत आपूर्ति, नियमित जलापूर्ति, आवास, सड़क मरम्मतीकरण के अनुपालन की जानकारी लेते हुए अधतन स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सांसद ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा उठाये गए जनहित के मुद्दों पर संवेदनशील होकर कार्य करें तथा जनहित में योजना विलंब न हो और गुणवत्तापूर्ण कार्य हो, योजनाओं का कियान्वयन ससमय हो इसे विभागीय पदाधिकारी सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग की समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सभी छूटे हुए ग्राम टोला में विद्युत आपूर्ति कराने को लेकर संचालित योजनाओं का लाभ आमलोगों तक निर्बाध रूप से पहुंचाने तथा सभी योजनाओं की उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए सर्वे कराकर विद्युतीकरण का कार्य जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी लेने के क्रम में सांसद ने ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति योजनाओं एवं इससे संबंधित ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं के माध्यम से लाभुकों को मिल रहे लाभ की जानकारी लेने के क्रम में सांसद ने अलग-अलग पेंशन योजनाओं में लक्ष्य के विरूद्ध अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली। श्रम विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए निबंधित श्रमिकों की संख्या और मिलने वाले मुआवजा राशि की समीक्षा के क्रम में सांसद ने विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल करते हुए श्रम विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास योजना की समीक्षा की गई बैठक में मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी लेने के क्रम में सांसद ने मनरेगा के तहत लोगों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं रोजगार एवं मनरेगा के तहत संचालित कल्याणकारी योजना के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ देने हेतु निर्देशित किया गया। प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास योजना के माध्यम से लाभुकों को आवास का लाभ देने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा क्रम में सांसद ने योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर उक्त व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं को दुरुस्त कर सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।

**सांसद ने विभिन्न विभाग को किया निर्देशित :** बैठक में कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, पंचायत राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, आपूर्ति विभाग, समेकित बाल विकास विभाग, नगर पंचायत, सामाजिक सुरक्षा विभाग, शिक्षा विभाग, सड़क मरम्मतीकरण, जल जीवन मिशन, एसबीएम, पुल निर्माण, नियमित जलापूर्ति, अवैध खनन पर किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में विधायक लातेहार प्रकाश राम, विधायक मनिका रामचन्द्र सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, उप निदेशक पलामू व्याघ्र परियोजना दक्षिणी कुमार आशीष, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, नगर प्रशासक, नगर पंचायत, लातेहार राजीव रंजन, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, डीएसपी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, विधायक प्रतिनिधि अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते सांसद

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश दूबे ने सांसद को जिले के समस्याओं से कराया अवगत


समस्या से अवगत कराते राकेश दूबे

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश दूबे ने गुरूवार को समाहरणालय में आयोजित दिशा की बैठक में जिला के जन-समस्याओं के बारे में रू-ब-रू कराते हुए आवेदन दिया है। दूबे ने आवेदन के माध्यम से बताया कि लातेहार मुख्यालय के चन्दनडीह में स्वामी विवेकानन्द पार्क के बगल में मोरबा फैक्ट्री (र्शाभल प्लान्ट) को बन्द कर सबानो ग्राम में करने व लातेहार नगर में पोचरा मोड़ से चेकनाका एनएच 39 में सड़क किनारे नाली का निर्माण करना, पोचरा मांजर के बीच नदी में पुल का निर्माण करना समेत कई मुद्दों को बताया। ज्ञात हो कि चतरा सांसद कालीचरण सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में जिले के विभिन्न विभाग के अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## सुरक्षा गार्ड भर्ती को लेकर चंदवा में भर्ती कैम्प 4 को

**चंदवा/लातेहार।** अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में स्थाई नौकरी को लेकर एसआईएस इंडिया लिमिटेड कमांडेंट कार्यालय सेंट्रल ट्रेंनिंग एकेडमी बेलचांपा गढ़वा झारखंड द्वारा 1 से 10 फरवरी तक जिले के सभी थाना में विशेष भर्ती कैम्प आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए प्रियरंजन कुमार ने बताया कि सुरक्षा जवान के लिए 798 पद एवं सुपरवाइजर के लिए 168 पद भर्ती ली जाएगी। जिसके तहत 1 फरवरी को बालूमाथ थाना परिसर, 2 को बारेसांढ़ थाना, 3 को बरवाडीह थाना, 4 को चंदवा थाना परिसर, 5 को छिपादोहर, 6 को गारू, 7 को हेरहंज, 8 को महुआडांड़, 9 को मनिका एवं 10 फरवरी को लातेहार थाना में विशेष भर्ती कैंप आयोजित की जाएगी। आगे बताया कि यह नौकरी पाने का सुनहरा अवसर है, उक्त पदों पर नौकरी के दौरान पीएफ, ईएसआईसी, पेंशन, बिन्स तथा 65 वर्ष उम्र तक स्थायी नौकरी और 18000 से 27500 तक सैलरी दी जाएगी। भर्ती के लिए इच्छुक लोगों से कैंप में आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाणपत्र साथ लाने की बात कही गयी है साथ ही अधिक जानकारी के लिए प्रियरंजन कुमार के मोबाइल नंबर 9608675338 पर सम्पर्क करने की अपील की गयी है।

## मदरसा खैरूल उलूम में धार्मिक प्रतियोगिता का आयोजन

# पढ़ाई में और बेहतर करने की कोशिश करें छात्र: मुफ्ती नजरे तौहीद


कार्यक्रम में उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** शहर के तिलैयाटांड़ स्थित मदरसा खैरूल उलूम के सभागार में गुरुवार को मदरसा में शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों के बीच दो ग्रुप में धार्मिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहले ग्रुप में उन्नीस बच्चे व दूसरे ग्रुप में 12 बच्चों को शामिल किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना रिजवान दानिश नदवी ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन मौलाना अबूबकर कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मदरसा जामिया रशीदुल उलूम चतरा के संचालक मुफ्ती नजरे तौहीद व रांची यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रिंसिपल मंजर हुसैन मुख्य रूप से मौजूद थे। प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को जजों के सामने कुरान शरीफ किताब की कुछ आयतें बिना किताब देखे सुनानी थी। इसके लिए जानकारों के द्वारा सवाल भी तैयार किये गए थे। कुरान शरीफ किताब की एक से दस पारा के प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मो शाहनवाज (सुंदरू) द्वितीय स्थान मो शोएब (मांडर) तृतीय स्थान मो अनस (गुमला) चतुर्थ स्थान मो फिरदौस (सिंजो) व पांचवे स्थान पर मो महबूब (गोड्डा) रहे। वंही कुरान शरीफ किताब के एक से तीस पारा की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मो शोएब ( नगड़ी) द्वितीय स्थान मो मोनाजीर (देवघर) व तीसरे स्थान पर मो रागीब हसन (चंदवा) रहे।

कार्यक्रम के उपरांत सभी विजेता प्रतिभागियों को नगद व किताबें पुरुस्कार स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुफ्ती नजरे तौहीद ने कहा कि मदरसों में शिक्षा हासिल कर रहे बच्चों को अपने पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। क्योंकी आप सभी अपने परिवार से दूर रहकर यहां शिक्षा हासिल करने आते हैं। ऐसे में आपके परिवार व समाज को आपसे बड़ी उम्मीदें रहती है। वहीं मंजर हुसैन ने बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना की। उन्होंने इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन कराने वाले मौलाना रिजवान दानिश साहब को बधाई भी दी। वहीं मदरसा खैरूल उलूम के संचालक मौलाना रिजवान दानिश नदवी ने कहा कि समय समय पर इस प्रकार का आयोजन कर बच्चों की बौद्धिक क्षमता का आंकलन किया जाता है ताकि बच्चे पढ़ाई में और बेहतर कर सके। मौके पर जमीयत उलेमा के जनरल सेक्रेटरी मौलाना असगर मिस्वाही, मुफ्ती तलहा, कारी सोहैल, डॉ शौकतुल्लाह, कारी वहाजूल हक, मौलाना सलमान, मौलाना इरफान, मौलाना अजहर, मौलाना ओसामा, हाजी तौफीक समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

एक नजर में

## प्रखण्ड कार्यालय सभागार में

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनायी गयी


मौके पर मौजूद लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। प्रखंड कर्मियों ने बारी-बारी से गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करने के उपरांत दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रखंड कर्मी लव कुमार ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए सत्य के मार्ग पर चलने का प्रयास हमसबो को करनी चाहिए। सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर महात्मा गांधी ने देश के स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मौके पर प्रखंड कर्मी रोहित मेहता, रितेश कुमार, चन्दन कुमार, अनिल कुमार, अमित गुप्ता, हलीमा, ललिता, झामुमो नेता मो इजहार, सुरेश उरांव समेत अन्य मौजूद थे।

## डीएमएफटी फंड से संचालित होने वाले योजनाओं में

# मुखियाओं की भागीदारी पर जोर देने की मांग


मुलाकात करते मुखिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा/लातेहार।** चंदवा समेत जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं के साथ गुरुवार को पंचायती राज पदाधिकारी श्री श्रेयांश ने बैठक की। बैठक में डीएमएफटी बोर्ड के सदस्य भी शामिल थे। बैठक में चंदवा प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष जतरू कुमार मुंडा ने पंचायती राज विभाग पदाधिकारी और डीएमएफटी के नोडल पदाधिकारी समीर कुलु के समक्ष अपनी बातों को रखा। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती ग्रामीणों इलाको में विकास की बागडोर मुखिया एवं पंचायती राज प्रतिनिधियों के हाथों में होती है। डीएमएफटी मद के सभी योजना ग्राम सभा से पंचायत स्तर में पारित कर मुखिया के माध्यम से जिला भेजा जाता है। लेकिन योजना पास होने के बाद मुखियाओं को सीधे दरकिनार कर दिया जाता है, जो मुखियाओं का अपमान है। इन्होंने मांग करते हुए कहा कि जिला अंतर्गत जितने भी योजना क्रियान्वयन हो उसमें ठेकेदार संबंधित मुखियाओं के साथ शिलान्यास कराया जाए। तभी जाकर पंचायत में डीएमएफटी से योजना संचालित सुचारू रूप से धरातल पर उतर पायेगा। बैठक में मुखिया फुलजेन्सिया टोप्पो, रंजीता एक्का, अनिता भगत, ललिता देवी, विफई मुंडा, संगीता लकड़ा, सुनीता खलखो, मालो देवी, पुष्पा देवी, सुष्मिता कुमारी, नरेश भगत, रमेश उरांव, शकुंतला देवी, सुख नारायण सिंह समेत कई मुखिया शामिल थे।

# सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** आगामी सरस्वती पूजा त्योहार को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शुक्रवार की शाम अपराह्न 4 बजे चंदवा थाना परिसर में प्रखण्ड स्तरीय शांति समिति आयोजित की गई है। उक्त जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने कहा कि बैठक त्योहार को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के निमित की आयोजित है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, समाज के प्रबुद्धजनों, राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से बैठक में शामिल होकर बहुमूल्य सुझाव साझा करने की अपील की है।

## केंद्रीय विद्यालय की टीम ने किया चयनित स्थल व एटीपी स्कूल भवन का निरीक्षण

# छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं और अनुभवी शिक्षकों का मिलेगा लाभ: विकास

## मार्च से शुरू होगा कक्षा एक से पांच तक के बच्चों का नामांकन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** केंद्रीय विद्यालय के नए भवन का निर्माण होने तक विद्यालय का संचालन रेलवे के एटीपी स्कूल के पुराने भवन में संचालित किया जाएगा। बंद पड़े एटीपी स्कूल में अप्रैल माह से केंद्रीय विद्यालय की पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

धनबाद डीआरएम के निर्देश पर गुरुवार को केंद्रीय विद्यालय संगठन की टीम ने बरवाडीह पहुंच भवन निर्माण के लिए चयनित भूमि के साथ- साथ एटीपी स्कूल का भी निरीक्षण किया। केंद्रीय विद्यालय के नोडल पदाधिकारी सह प्रिंसिपल शैलेन्द्र सिंह और सहायक मण्डल यांत्रिक अभियंता विकास शुक्ला के साथ स्थानीय रेल पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया।

इस दौरान एटीपी स्कूल भवन में रह रहे रेल कमर्चारियों को कमरे को खाली करने का निर्देश दिया गया। वहीं सबंधित अधिकारियों ने 15 दिनों के अंदर भवनों को दुरुस्त कर सौंपने का कार्य किया। एडीएमई विकास शुक्ला ने बताया कि नए भवन के निर्माण की प्रकिया में समय लग सकता है, लेकिन इस दौरान छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएगी। स्कूल प्रशासन और शिक्षकों की टीम यह सुनिश्चित करेगी कि शिक्षा का स्तर और गुणवत्ता बनी रहे। उन्होंने बरवाडीह में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना होने को लेकर सभी के द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।

बताया कि विद्यालय का लाभ कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी मिलेगा और शिक्षा के क्षेत्र में बरवाडीह आगे बढ़ेगा। शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि अस्थाई भवन के हैंडओवर होते ही मार्च माह से नामांकन की प्रकिया शुरू कर दी जाएगी।

जिसके बाद अप्रैल माह से कक्षा एक से कक्षा पांच तक की पढ़ाई नियमित रूप से शुरू कर दी जायेगी।

गौरतलब है कि बरवाडीह में केंद्रीय विद्यालय का निर्माण एक महत्वपूर्ण कदम है, जो शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और छात्रों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए उठाया गया है। नए सत्र से पढ़ाई शुरू होने की योजना से यह स्पष्ट होता है कि विद्यालय प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियों को पूरा करने की दिशा में काम किया है। इस नए केंद्रीय विद्यालय में छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं और अनुभवी शिक्षकों का लाभ मिलेगा। इसके अलावा, यह विद्यालय विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करेगा।


स्थल का निरीक्षण करते अधिकारी

## महुआडांड़ कांग्रेस प्रखण्ड कार्यालय में

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का मनाया गया पुण्यतिथि



खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** प्रखंड मे कांग्रेस कार्यालय में कार्यकताओं के के द्वारा दिन बृहस्पतिवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का पुण्यतिथि मनाया गया। वही सभी कांग्रेस कार्यकताओं ने गांधी जी के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। उपप्रमुख सह कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अभय मिंज ने बताया कि बापू के इस बलिदान की याद में और उन्हें सम्मान देने के लिए हर साल 30 जनवरी का दिन शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने भारत की आजादी, विकास और समृद्धि के लिए अपना जीवन तक बलिदान कर दिया। इस दिन उन सभी शहीदों को भी याद किया जाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। आज बापू की वजह से ही हम सब आजाद हवा में सांस ले रहे हैं। गांधी जी के साधारण व्यक्तित्व और साधनापूर्ण जीवन ने सिर्फ भारत को ही नहीं, बल्कि विश्व को शांति, अहिंसा और सद्भाव का रास्ता दिखाया। मौके पर झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तेखार अहमद, कांग्रेस युवा प्रखण्ड अध्यक्ष अमीर सुहेल, कांग्रेस नेता रामनरेश ठाकुर, मुखिया सुषमा कुजूर, रानू खान, नूरूल अंसारी राहुल कुमार, कन्हैया कुमार, खुसदिल खान, अफरोज अंसारी राजेश ठाकुर सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विस्थापितों के वाजिब हक मिलेगा: एसडीएम

## करगली मे बीएंडके प्रबंधन ने बरवाबेड़ा शिफ्टिंग को लेकर की त्रिपक्षीय वार्ता

### कार्य मे बाधा डालने वाले पर होगी कार्रवाई : सीओ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** कोल इंडिया की मेगा प्रोजेक्ट मे शामिल सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के एकेकेओसीपी माइंस विस्तार को लेकर बरवाबेड़ा बस्ती को शिफ्ट को लेकर प्रबंधन रेस हो गया है। गुरुवार को कल्याण मंडप करगली मे एकेकेओसीपी परियोजना से प्रभावित रैयतो, ग्रामीणो और विस्थापितो के साथ एसडीओ मुकेश मछुआ, बीएंडके जीएम चित्तरंजन कुमार, बेरमो सीओ संजीत कुमार की उपस्थिति में नौकरी, पुनर्वास और मुआवजा को लेकर सौहार्दपूर्ण वातावरण मे त्रिपक्षीय वार्ता संपन्न हुई। बेरमो एसडीएम मुकेश ने कहा कि किसी विस्थापित का हक नहीं मरने दिया जाएगा, जो नियम संगत होगा, उसे सीसीएल प्रबंधन को पूरा करना पड़ेगा। जमीन संबंधी मामले का कागजात सीसीएल प्रबंधन के साथ ही हमें भी दें, ताकि हक मिलने में आसानी हो। उन्होंने कहा कि रैयती और गैर मजरुआ जमीन का सत्यापन नियमानुसार किया जाएगा। कहा कि कंपनी के कार्य मे बेवजह व्यवधान ना डाले। सीओ संजीत कुमार ने कहा कि 11 फरवरी से बरवाबेड़ा की शिफ्टिंग को लेकर कार्य की जाएगी, इसमे सभी लोग सहयोग करे। जीएम चित्तरंजन कुमार ने कहा कि सीसीएल विस्थापितों की समस्याओं को नियमानुसार समयबद्ध तरीके से समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। पीओ के एस गेवाल ने कहा कि सीसीएल शिफ्टिंग स्थल पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए विकसित करेगा। मौके पर बोकारो थर्मल इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार, गांधीनगर थाना प्रभारी पिंटू मेहता, बीएंडके एसओ एसके झा, भू राजस्व पदाधिकारी बी के ठाकुर, एसओपी विनय रंजन टुडु, सुमेघा नंदन, कुनाल साहब, कार्मिक प्रबंधक पीएन सिंह, नोडल आफिसर दीपक कुमार, विस्थापित की ओर से बालेश्वर यादव, बिरेन्द्र प्रसाद, मोहम्मद साहित्य रजा, प्रफुल कुमार, उमेश कुमार, जितेंद्र कुमार सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# बोकारो : 14 फरवरी तक चलेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बोकारो।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 14 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद ने जिला समन्वय समिति की बैठक की। उन्होंने उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारियों कर्मियों व विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों को कुष्ठ से आखिरी युद्ध करने के लिए आयोजित होने वाले अभियान में अपनी- अपनी सहभागिता निभाने का निर्देश दिया।

इसके लिए उन्होंने विभाग द्वारा बनाए गए माइक्रोप्लान के तहत कार्य करने व ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने को कहा ताकि समाज में कुष्ठ को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सके। डीडीसी ने इसे सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। कहा कि सहिया अपने क्षेत्रों में चिन्हित कुष्ठ रोग पीड़ितों को घर - घर जाकर दवा खिलाने का काम करेंगी। उन्होंने सहियाओं के लिए कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया। इस अभियान में कुष्ठ रोग के प्रति लोगों को दीवार लेखन नुक्कड़ नाटक क्विज प्रतियोगिता जनसंदेश पम्पलेट्स इत्यादि के द्वारा लोगों को जागरूक किया जाएगा। मौके पर उपस्थित जिप उपाध्यक्ष बबीता देवी ने ग्राम सभा में ही सहिया सेविका एवं वीएलई आदि को शामिल होकर जागरूक करने एवं उपस्थित लोगों में कुष्ठ रोगियों को चिन्हित करने को कहा। बैठक में मौजूद सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद ने कहा कि पूरे मनोयोग से लक्ष्य प्राप्ति के लिए सभी जुट जाएं ताकि बोकारो जिला को कुष्ठ मुक्त बनाया जा सके। बैठक में डॉ रेणु भारती डॉ जफरूद्दीन डॉ अरविंद समेत सभी प्रखंडों के बीडीओ आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बोकारो : प्रोन्नति के मुद्दे पर चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मियों का धरना 9 को

बोकारो। झारखंड राज्य चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ की राज्य कार्यसमिति की ऑनलाइन बैठक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सहदेव प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के प्रतिनिधि सदस्य शामिल हुए। बैठक में संघ के प्रदेश महामंत्री सपन कुमार कर्मकार ने कहा कि झारखंड राज्य के गठन के बाद भी चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को पद प्रोन्नति का अधिकार नहीं मिला है जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार में यह सुविधा उपलब्ध थी लेकिन झारखंड में अब तक किसी भी कर्मचारी को तृतीय वर्ग के पद पर प्रोन्नति नहीं दी गई। संघ ने मुख्यमंत्री और विधानसभा सदस्यों से मांग की है कि चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को उनके हक और अधिकार दिलवाए जाएं। इसके अलावा प्रदेशभर में कर्मचारियों की दयनीय स्थिति को उजागर करते हुए सरकार से उनकी लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील की गई है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को वरीयता और योग्यता के आधार पर तृतीय वर्ग में पद प्रोन्नति दी जाए। इसके लिए आगामी 9 फरवरी को झारखंड सरकार के मंत्रियों के आवास के समक्ष एक दिवसीय धरना आयोजित किया जाएगा। बैठक में धर्मेंद्र कुमार निर्मल राणा सुबल कुमार शीट विमल कुमार मंडल सत्येंद्र कुमार यादव सहित अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखे।

### बेरमो : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करें : काशीनाथ केवट


बेरमो। विस्थापित नेता काशीनाथ केवट ने गुरुवार को करगली में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यापर्ण करने के उपरांत कहा कि गांधी जी की हत्या एक विचारधारा ने की थी, जो आज भी हमारे धर्मनिरपेक्ष तानेबाने और भाईचारे को खंडित करने पर तुली हुई है। इसे पहचानने और बेनकाब करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गांधी जी की महानता इस बात में निहित्त है कि उनके विचारों की महत्ता आज भी बनी हुई है। उनके विचार उनके जीवनकाल में जितने महत्वपूर्ण थे, उतने ही प्रासंगिक आज के लिए भी हैं और आने वाले दशकों के लिए भी उनका महत्व बना रहेगा। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचार कभी पुराने नहीं पड़ेंगे, वे सदैव हमें भविष्य का रास्ता खोजने में सहायक सिद्ध होंगे। काशीनाथ केवट ने कहा कि गांधीजी के विचारों ने दुनिया भर के लोगों को न सिर्फ प्रेरित किया बल्कि करुणा, सहिष्णुता और शांति के दृष्टिकोण से भारत और दुनिया को बदलने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। गांधी जी के सिद्धांतों और विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। मौके पर राजन केवट, कामेश्वर गिरी, जगु गिरी आदि शामिल थे।

### सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के सुपरवाइजर द्वारा कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार करने के मामले को लेकर बैठक

बेरमो/फुसरो। नगर परिषद फुसरो के अधीन कार्यरत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी के सुपरवाइजर श्रवण कुमार महतो के द्वारा सामूहिक रूप से सभी चालक एवं सफाई कर्मी को जाति सूचक शब्दों के साथ गाली गलौज करने के संबंध में नप कार्यालय के सभागार में बैठक किया गया। इसकी अध्यक्षता नप के पूर्व अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू सिंह ने किया।

## स्पीड न्यूज

### जेईई मेन-1 की परीक्षा शांतिपूर्वक हुई संपन्न



बोकारो। जेईई मेन के पहले सत्र की परीक्षाएं गुरुवार को संपन्न हो गई। बोकारो में 22-30 जनवरी 2025 की अवधि में दो परीक्षा केंद्रों पर कुल 3350 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। कुल आवंटित 3485 अभ्यर्थियों में 135 अनुपस्थित रहे। 31 जनवरी को कोई पेपर नहीं है। इस तिथि को एनटीए ने स्पेयर डे के रूप में रिजर्व रखा था। एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षाएं पूरी तरह से शांतिपूर्ण और बिना किसी कदाचार के संपन्न हुई। कहीं से भी किसी गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए उन्होंने सभी केंद्राधीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों के साथ-साथ विशेष रूप से जिला प्रशासन के सकारात्मक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि बोकारो में जेईई मेन-1 के लिए दो परीक्षा केंद्र -पहला सेंटर चास में नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी और दूसरा चिकसिया में डॉ एस राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर को बनाया गया था। 22-24 जनवरी को पहले तीन दिन 1986 और 28-30 जनवरी को अंतिम तीन दिनों की अवधि में 1364 कैंडिडेट परीक्षा में शामिल हुए। दोनों केंद्रों को मिलाकर 28 जनवरी को 671 तथा 29 जनवरी को 653 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं अंतिम दिन 30 जनवरी को मात्र एक ही केंद्र अल्फा आईसीटी सेंटर में केवल पहली पाली में परीक्षा हुई। कुल आवंटित 54 परीक्षार्थियों में से 40 उपस्थित और 14 अनुपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक की मौत

बेरमो। पिंडराजोरा थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाली धनबाद टाटा हाईवे में काशी झरिया के पास अज्ञात वाहन के चपेट में मालवाहक के चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मालवाहक पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से चास की ओर आ रहा था। इस बीच चास से बंगाल की ओर जा रही अनियंत्रित वाहन उसे धक्का मार कर फरार हो गया। दुर्घटना में चालक की मौत तो हुई ही, उसका शव भी मालवाहक में फस गया। गुरुवार सुबह स्थानीय पुलिस ग्रामीणों की मदद से मालवाहक में फंसे मृतक के शव को निकालने की प्रक्रिया में जुट गई है। इधर मृतक के परिजन व ट्रांसपोर्ट कंपनी को भी सड़क हादसे की सूचना दे दी गई है।

### स्कूटर से कोयला लेकर जा रहे युवक अनियंत्रित होकर गिरा, मौत



बेरमो/फुसरो। पेटरवार थाना क्षेत्र के तेनूघाट-बोकारो नहर रोड के चलकरी बस्ती के समीप स्कुटर से कोयला लेकर जा रहे युवक अनियंत्रित होकर गिरकर लहूलुहान हो गया। उनके सिर में गंभीर चोट लगी थी। जिसके बाद स्थानीय लोगो ने उपचार के लिए सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल ढोरी लाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जिसकी पहचान पिछरी के बुटनाडीह निवासी स्व भूखर प्रजापति के पुत्र रतन प्रजापति के रूप मे हुई है। घटना की जानकारी पाकर मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि मृतक के पत्नी समेत दो पुत्र है। परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि रतन प्रजापति खेतको की तरफ से कोयला स्कूटर में लेकर अंगवाली की ओर आ रहे थे तभी यह घटना हुई। बेरमो पुलिस अस्पताल पहुंची व शव को पोस्टमार्टम के लिए चास, बोकारो भेज दिया।

# असावधानी बड़ी दुर्घटना को दे सकती है जन्म: डीसी

### एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने कहा कि सड़क पर बाइक एवं फोर व्हीलर ड्राइविंग व राइडिंग के समय हेलमेट और सीट-बेल्ट का ध्यान रखना बेहद जरूरी है

## दुमका में रन फोर सेफ्टी के साथ ही सड़क सुरक्षा माह हुआ समापन



रन फोर सेफ्टी दौड़ में शामिल डीसी, एसपी व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** रन फोर सेफ्टी के साथ ही सड़क सुरक्षा माह 2025 के समापन समारोह के अवसर पर इंडोर स्टेडियम में गुरुवार को डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ती ही जा रही है। प्रतिदिन लोगों की मौत हो रही है। लोग गंभीर दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। कभी कोई बच्चा खो रहा है, तो कोई पति, कोई पत्नी, कभी कोई अपना मां-बाप खो रहा है, तो कोई अपना खास सगा-संबंधी। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी भी असावधानी जीवन में एक बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकती है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में जितने लोगों की मौत हुई है। उससे अधिक लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इसपर अंकुश लगाया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह सावधानी सिर्फ वर्तमान के ही लिए नहीं, अपितु भविष्य के लिए भी होनी चाहिये। एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने कहा कि सड़क पर बाइक एवं फोर व्हीलर ड्राइविंग व राइडिंग के समय हेलमेट और सीट-बेल्ट का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। जो लोग इन सावधानियों का ध्यान नहीं रखते, उन्हें दुर्घटनाओं से नहीं बचाया जा सकता। डीटीओ जय प्रकाश करमाली ने कहा कि शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर वाहन जांच की प्रक्रिया नियमित अपनायी जाएगी। जिससे सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता के साथ उन्हें चेतावनी भी दी जा सके। इस अवसर पर जिले के अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों के अलावे सभी तीन प्रशिक्षु मोटर यान निरीक्षक, एसपी कॉलेज के विभिन्न हॉस्टलों के छात्र, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य डॉ अमरेन्द्र सुमन, मो मुस्ताक अली, रमण कुमार वर्मा, नीलकंठ झा, प्रदीप्तो मुखर्जी, सुरेश साह, सड़क सुरक्षा कोषांग के जिला मैनेजर दीपक कुमार, मनोज उरांव, अमित कुमार व अन्य मौजूद थे। इससे पूर्व अंबेडकर चौक (डीसी चौक) से प्रारम्भ हुआ रन फोर सेफ्टी निजी बस पड़ाव होते हुए इंडोर स्टेडियम पहुंची। जहां यह सभा में परिणत हो गई एवं फिर डीसी दुमका ने उसे संबोधित किया। सुरक्षित ड्राइविंग के लिए 10 जरूरी सड़क सुरक्षा नियम (1) सीटबेल्ट पहनें, सीटबेल्ट पहनना, सबसे आसान और सबसे कारगर सुरक्षा उपाय है। चाहे आप आगे की सीट पर बैठे हों या पीछे की सीट पर, सीटबेल्ट पहनने से दुर्घटना की स्थिति में चोट लगने का जोखिम काफी हद तक कम हो सकता है। मोबाइल फोन या किसी दूसरे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल करने से बचें। जिससे आपका ध्यान सड़क से भटक सकता है। थकान से निपटने के लिए बार-बार ब्रेक लें, खासकर लंबी यात्राओं के दौरान, क्योंकि थकान आपकी प्रतिक्रिया समय को खराब कर सकती है। धैर्य रखने सुरक्षित ड्राइविंग के लिए धैर्य बहुत जरूरी है। जल्दबाजी में फैसला लेने से बचें और अधीरता के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैफिक जाम में भी शांत रहें। खराब मूड में गाड़ी चलाने से बचें: क्रोध और हताशा जैसी भावनाएं निर्णय लेने की क्षमता को कम कर सकती हैं। अगर आप तनाव महसूस कर रहे हैं, तो जब तक आप शांत महसूस नहीं करें, तब तक गाड़ी चलाने से बचना सबसे अच्छा है। सड़क को सुरक्षित तरीके से पार करें, हमेशा जेबरा क्रॉसिंग का इस्तेमाल करें और सड़क पार करने से पहले आने वाले ट्रैफिक की जांच जरूर करें। यह खास तौर पर भारी ट्रैफिक वाले शहरी इलाकों में जरूरी है। खराब मौसम के दौरान सावधान रहें, बारिश, कोहरा और अन्य प्रतिकूल मौसम की स्थिति दृश्यता को कम कर सकती है और सड़कों को फिसलन भरा बना सकती है। ऐसी परिस्थितियों में, खासकर पहाड़ी इलाकों में, धीरे और सावधानी से गाड़ी चलाएं।

# बोकारो: डीएमएफटी के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने डीएमएफटी के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति कार्य की समीक्षा बैठक किया। इस क्रम में उन्होंने विशेष प्रमंडल ग्रामीण कार्य विभाग पेयजल एवं स्वच्छता विभाग चास एवं तेनुघाट विद्युत प्रमंडल चास/तेनुघाट लघु सिंचाई प्रमंडल बांध प्रमंडल एनआरईपी सिविल सर्जन आदि एजेंसियों को दिए गए योजना और उसके कार्य प्रगति की जानकारी ली। डीडीसी ने अपूर्ण योजनाओं को पूरा करने में योजनाबद्ध कार्य करने का निर्देश दिया। कहा कि योजनाओं को गति देने का संबंधित एजेंसी कार्य करें। जो आन गोइंग योजनाएं है उसका प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें। उन्होंने प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी राज शर्मा को इसकी सतत निगरानी का निर्देश दिया। डीडीसी ने अनटाइड फंड के तहत संचालित योजनाओं की भी प्रगति की समीक्षा किया और जरूरी दिशा- निर्देश दिया। मौके पर सभी विभागों के कार्यपालक अभियंता पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# कथारा आफिसर्स क्लब में सीएसआर की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/कथारा।** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र अंतर्गत सीसीएल आफिसर्स क्लब में गुरुवार को सीएसआर की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार व संचालन सीएसआर प्रबंधक अधिकारी चंदन कुमार दिया गया। पुण्यतिथि के मौके पर गांधी जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में सीसीएल द्वारा अपने पोषक क्षेत्र में सीएसआर राशि से किए गए कार्यों का वितरण दिया गया तथा बारी बारी से उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों के द्वारा कई प्रश्न उठाया गया। यह बैठक काफी गहमागहमी भरा रहा। मौके पर सीएसआर के तहत होने वाले विकास कार्यों एनओसी के अभाव कार्य स्थगित किया गया। बैठक में क्षेत्र में विस्थापित, रोजगार, आउटसोर्सिंग मे नियुक्ति, पेय जल, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि का मुद्दा छाया रहा। उपस्थित प्रतिनिधियों ने सीसीएल द्वारा दिए विकास कार्यो के आंकड़ों पर भी विरोध जताया तथा फिर से सभी बिंदुओं पर विचार करने की सलाह दी। सभी समस्याओं को सुनने के बाद जीएम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि दुर्भाग्य से यह बैठक वर्ष की पहली बैठक है जिस कारण तैयारियों में कुछ कमियां जरुर रही है। मगर मै विश्वास दिलाता हूं कि अब सीएसआर की बैठक वर्ष में दो बार आयोजित होगी तथा कोई भी जनप्रतिनिधि या पंचायत प्रतिनिधि इस बैठक से वंचित नही रह सकेगे। आपके दिये राय को प्रबंधन गंभीरता से ली है और आप विश्वास रखे आपको कंपनी से निराश नही होगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही हर पंचायत मे बोरिंग और पुस्तकालय के अलावे स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण करवाया जायेगा। इसके अलावे सीसीएल विभिन्न तरह के विकास योजनाएं लोगो के उत्थान के लिए चला रखी है आप भी जागरूक हो और उन योजनाओं से लाभ उठाये। बैठक में डॉ एम एन राम, गुरु प्रसाद मंडल, सूर्य प्रताप, संजय सिंह तथा श्रमिक संगठन से लखनलाल महतो, पीके विश्वास, विजय कुमार सिंह, कामोद प्रसाद, मथुरा सिंह यादव, इकबाल अहमद, शमसुल हक, तथा जिप सदस्य आकाश लाल सिंह, डॉ सुरेंद्र राज, शहजादी बानो, खुशबू कुमारी, सुनीता देवी, गोमिया प्रमुख प्रमिला चौड़े तथा मुखिया तरुलता देवी, कामेश्वर महतो, सपना कुमारी, चंदना मिश्रा, अंजू आलम, चंद्र देव धासी, विश्वनाथ महतो, बैजू कुमार,अख्तर अंसारी,अमित धासी, बेबी रजक सहित सैकड़ो जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# एसकेएमयू में सातवें वेतन निर्धारण की मांग को लेकर 68वें दिन भी शिक्षकेत्तर कर्मियों का आंदोलन जारी

### विश्वविद्यालय प्रशासन व शिक्षकेत्तर कर्मी महासंघ के बीच गतिरोध कायम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय मुख्यालय एवं अंतर्गत सभी अंगीभूत कॉलेज के कर्मचारियों की जारी हड़ताल के 68 दिन पूरे हो गए। लेकिन अब भी गतिरोध अब तक बनी कायम है। आंदोलन बीते 26 नवंबर से जारी है। इस बावत महासंघ महासचिव नेतलाल मिर्धा ने बताया कि कर्मचारियों ने अपनी मांग को इस प्रमंडल के सभी विधायकों एवं मंत्रियों से संपर्क कर अपनी मांग को पूरा कराने के लिए निवेदन किया। लेकिन लगता है उच्च शिक्षा निदेशालय में पदस्थापित उपनिदेशक डॉ अनमोल लाल विधायकों एवं मंत्रियों से ऊपर हैं। पिछले दिनों श्रम मंत्री संजय यादव ने उच्च शिक्षा निदेशक से हम कर्मचारियों के वेतन निर्धारण के लिए वार्ता हुई थी। जिसमे निदेशक ने आश्वासन दिया था कि 31 दिसंबर तक कर्मचारियों का वेतन निर्धारण को अनुमोदित कर दिया जाएगा। लेकिन अब तक लगभग 250 कर्मियों में से मात्र 13 कर्मियों के ही वेतन निर्धारण को अनुमोदित किया गया है। डॉ अनमोल लाल वेतन निर्धारण में अड़चन डालने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। उच्च शिक्षा निदेशक एवं सचिव को गुमराह भी कर रहे हैं। जिसके कारण कर्मचारियों के वेतन निर्धारण को अनुमोदित नहीं किया जा रहा है। महासचिव मिर्धा ने कहा कि जब तक अनमोल लाल वहां पदस्थापित रहेंगे। कर्मचारियों का वेतन निर्धारण कभी नहीं होगा। महासचिव मिर्धा ने विवि प्रशासन के कार्यकलापों पर भी आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि प्रभारी कुलपति निजी स्वार्थ को पूरा करने के लिए बिना वैधानिक प्रक्रिया पूरा किए परीक्षा एवं लेखा विभाग के सभी कार्य संविदा कर्मचारियों के सहयोग से मनमाने तरीके से सम्पादित कर रहे हैं।

# फुसरो-जैनामोड़ मुख्य मार्ग पर ऐसे होती है छाई की ट्रांसपोर्टिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/फुसरो।** जैनामोड़ मुख्य मार्ग में हाईवा द्वारा गिला छाई ट्रांसपोर्टिंग की जा रही है। इस दौरान पूरे मार्ग में कीचड़ युक्त गिला छाई गिरता जाता है। वही छाई सूखने पर इसके धूलकण दिन भर उड़ता रहता है और पूरे मार्ग में वायु प्रदूषण होता है। जिससे राह में गुजरने वाले राहगीर सहित बाइक सवार परेशान है। छाई के धूलकण आंखों में पड़ता है और आंखों में जलन होती है। छाई के प्रदूषण के खिलाफ झारखंड ओवरलोड छाई, कोयला एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण समन्वय समिति द्वारा 22 जनवरी से फुसरो-जैनामोड़ मुख्य मार्ग में हाईवा वाहन द्वारा ओवरलोड छाई ट्रांसपोर्टिंग का अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन किया गया था। समिति की ओर से आंदोलन फिलहाल जारी है। बता दे कि छाई ट्रांसपोर्टिंग से फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग में पड़ने वाले गांव के ग्रामीण वायु प्रदूषण से काफी परेशान है वही इस कार्य में जुटे ट्रांसपोर्टरों द्वारा मनमानी जारी है। बेरमो एसडीएम मुकेश मछुआ के आदेश की अवहेलना कर ओवरलोड छाई ट्रांसपोर्टिंग किया जा रहा है। आखिर आम जनमानस किससे इसकी शिकायत करे। दिनोदिन ग्रामीणों का रोष बढ़ता जा रहा है।

## पेज एक का शेष

### आज आर्थिक सर्वेक्षण...

यदि कोई मुद्दा ज्यादा अहम आता है और उस चर्चा आवश्यक है तो उस पर कार्यमंत्रणा समिति में विचार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बजट सत्र में 16 बिल लाये जाएंगे और 19 बिजनेस पहले से ही संसद की सूची में हैं।

**पहला बजट :** स्वतंत्र भारत का पहला आम बजट 26 नवंबर, 1947 को देश के पहले वित्त मंत्री आर के शनमुखम चेट्टी ने पेश किया था। पूर्व पीएम मोरारजी देसाई ने जवाहरलाल नेहरू और बाद में लाल बहादुर शास्त्री के कार्यकाल में वित्त मंत्री के तौर पर कुल 10 बजट पेश किये हैं। पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने नौ मौकों पर बजट पेश किया। प्रणब मुखर्जी ने वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान आठ बजट पेश किए। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 1991 से 1995 के बीच लगातार पांच बार बजट पेश किया, जब वह पी वी नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री थे। सबसे लंबा बजट भाषण सीतारमण ने एक फरवरी, 2020 को दो घंटे 40 मिनट का दिया। वर्ष 1977 में हीरूभाई मुलजीभाई पटेल का अंतरिम बजट भाषण अब तक का सबसे छोटा भाषण है, जिसमें केवल 800 शब्द हैं। बजट पारंपरिक रूप से फरवरी के आखिरी दिन शाम पांच बजे पेश किया जाता था। वर्ष 1999 में समय बदला गया और अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में तत्कालीन वित्त मंत्री यशवंत सिंह ने सुबह 11 बजे बजट पेश किया। तब से बजट सुबह 11 बजे पेश किया जाता है।

### कुंभ मेला क्षेत्र ...

**आयोग को एक सप्ताह में देनी है रिपोर्ट :** न्यायिक जांच आयोग को अपनी जांच रिपोर्ट एक माह के भीतर राज्य सरकार को सौंपनी होगी, हालांकि आवश्यकतानुसार इसकी अवधि बढ़ायी जा सकती है। आयोग को कई बिंदुओं पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। उन कारणों एवं परिस्थितियों का पता लगाना है, जिसके कारण उक्त घटना घटित हुई। भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के संबंध में सुझाव देना। आयोग के सदस्य 10 जनपथ लखनऊ स्थित अपने कार्यालय में पहुंच मामले की समीक्षा कर रहे हैं। सीएम की घोषणा के बाद राज्यपाल द्वारा जांच आयोग अधिनियम द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके तीन-सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया गया है। आयोग की अध्यक्षता इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार कर रहे हैं। उनके साथ सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी वीके गुप्ता तथा सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डीके सिंह बतौर सदस्य शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गयी थी।

**मेला क्षेत्र में वाहन वर्जित, वीवीआइपी पास भी रद्द :** यूपी सरकार ने महाकुंभ मेले में मची भगदड़ के बाद पांच बड़े बदलाव किये हैं। महाकुंभ नगर को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। किसी भी तरह के वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। वीवीआइपी पास को रद्द कर दिया गया है। किसी भी स्पेशल पास वाहनों को अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी। आवाजाही को सुचारू बनाने के लिए एकतरफा यातायात व्यवस्था लागू की गयी है। भीड़भाड़ को कम करने के लिए बाहर से आने वाले वाहनों को जिले की सीमाओं पर ही रोका जा रहा है। 4 फरवरी तक शहर में चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। मौनी अमावस्या के दिन संगम तट पर पहुंचने की कोशिश में श्रद्धालुओं के बैरिकेड्स को धक्का दिये जाने के कारण भगदड़ मची थी। इन पांच बदलावों के अलावा, मेला क्षेत्र में भीड़ को अच्छे से मैनेज करने के लिए आईएएस अधिकारी आशीष गोयल और भानु गोस्वामी को तत्काल प्रयागराज पहुंचने का निर्देश दिया गया है। दोनों नौकरशाहों ने विजय किरण के साथ 2019 अर्धकुंभ के सफल प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। त्रासदी के बाद, सीएम ने भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और अंतर-विभागीय समन्वय पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई दिशा निर्देश जारी किये।

**भगदड़ का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट :** सुप्रीम कोर्ट में गुरूवार को एक जनहित याचिका दायर कर महाकुंभ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट दिशा-निर्देश और नियमों के कार्यान्वयन की मांग कीगयी। संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत वकील विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में भगदड़ की घटनाओं को रोकने और अनुच्छेद 21 के तहत समानता व जीवन के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने की मांग की गयी है। याचिका में केंद्र और सभी राज्यों को पक्षकार बनाते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से काम करने का निर्देश देने की मांग की गयी। भगदड़ की घटनाओं से बचने के लिए राज्य सरकारों को दिशानिर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

### पांच राज्यों से

**ये कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र होंगे :** आदिवासी समाज की संस्कृति, भाषा, झारखंडी व्यंजन और वाद्ययंत्रों का एक साथ अनुभव किया जा सकेगा। युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति से विमुख हो रही है, और इसे बचाने का संदेश दिया जायेगा। भाषा और परंपराओं को एक-दूसरे से रूबरू कराया जायेगा। 32 आदिवासी समुदाय के लोग इसमें भाग लेंगे। 200 से अधिक खोड़हा दल महोत्सव में हिस्सा लेंगे। आदिवासी समुदाय को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जायेगा।

# अमेरिकी सेना का हेलीकॉप्टर विमान से टकराया

## 28 लोगों के शव बरामद, किसी के बचने की उम्मीद धूमिल

एजेंसी

- नदी के बर्फीले पानी में डूबा मिला विमान और हेलीकॉप्टर का मलबा
- विमान में चालक दल के 4 सदस्य और 60 यात्री थे
- राष्ट्रपति ट्रंप ने मृतकों के प्रति जताया शोक



**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में रीगन नेशनल एयरपोर्ट के पास बुधवार रात को हुये विमान हादसे में किसी के जीवत बचे होने की उम्मीदें धमूलि हो गयी हैं। अमेरिकी एयरलाइंस के यात्री विमान के उतरते समय सेना के ब्लैकहॉक हेलिकॉप्टर से हवा में टकराने से हुई दुर्घटना के बाद अब तक 28 लोगों के शव बरामद हुये हैं। यह दुर्घटना पोटोमैक नदी के ऊपर हुई और दोनों वायुयान का मलवा नदी में गिर गया था। अमेरिकन एयरलाइंस फ्लाइट 5342 में चालक दल के चार सदस्य और 60 यात्री मौजूद थे। रिपोर्ट के अनुसार, विमान और हेलीकॉप्टर का मलबा पोटोमैक नदी के बफीर्ले पानी में डूबा हुआ पाया गया। टक्कर पूर्वी मानक समयानुसार (ईएसटी) रात लगभग नौ बजे उस समय हुई, जब कंसास के विचिटा से उड़ान भरने वाला एक क्षेत्रीय विमान हवाई अड्डे के रनवे पर पहुंचते समय एक सैन्य ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर से टकरा गया। हेलीकॉप्टर ने प्रशिक्षण उड़ान भरी थी। विमान के रेडियो ट्रांसपोंडर से मिले डेटा के मुताबिक, अमेरिकन एयरलाइंस की उड़ान संख्या 5342 लगभग 400 फुट की ऊंचाई से करीब 140 मील प्रति घंटे की गति से हवाई अड्डे की ओर आ रही थी, तभी पोटोमैक नदी के ऊपर इसकी ऊंचाई तेजी से कम हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय समुदाय में दुख की लहर दौड़ गई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीड़ितों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा, ‘यह एक बुरी स्थिति है। ऐसा लग रहा है कि इसे रोका जाना चाहिए था। डीसी मेयर म्यूरियल बोसेर ने बताया कि खोज प्रयासों का उद्देश्य पीड़ितों को बरामद करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड दुर्घटना के कारणों की जांच का नेतृत्व करेगा। डीसी के फायर और ईएमएस प्रमुख जॉन ए डोनेली सीनियर ने उल्लेख किया कि बचाव टीम के लिए स्थिति खतरनाक है। उन्होंने कहा कि पानी आठ फीट गहरा है। बर्फ के कारण बचाव अभियान चलाना मुश्किल हो रहा है। कैनसस एविएशन म्यूजियम ने विमान में सवार 64 लोगों के लिए प्रार्थना के साथ पीड़ितों और उनके परिवार के समर्थन के लिए एक कार्यक्रम की घोषणा की।

## सूडान में तेल कंपनी के कर्मियों ले जा रहा छोटा विमान क्रैश, एक भारतीय समेत 20 की मौत

नैरोबी। दक्षिण सूडान के यूनिटी स्टेट में तेल कंपनी के कर्मियों को ले जा रहा छोटा विमान बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में एक भारतीय समेत 20 लोगों की मौत हो गई। विमान में दो पायलटों समेत 21 लोग सवार थे। सूचना मंत्री गैटवेच बिपल ने बताया कि दुर्घटना उस वक्त हुई जब विमान ने तेल क्षेत्र से राजधानी जुबा के लिए उड़ान भरी थी। विमान में सवार लोग ग्रेटर पायनियर आपरेटिंग कंपनी (जीपीओसी) के तेल कर्मचारी थे। जीपीओसी चीन नेशनल पेट्रोलियम कारपोरेशन और दक्षिण सूडान की सरकारी कंपनी नाइल पेट्रोलियम कारपोरेशन का संयुक्त उपक्रम है। राष्ट्रपति साल्वा कीर ने कहा कि मृतकों में इंजीनियर और तकनीकी कर्मचारी भी शामिल हैं। दुर्घटना के कारण का पता नहीं चल सका है।

## सीतापुर : यौन शोषण मामले में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर गिरफ्तार

**सीतापुर।** कोतवाली पुलिस ने यौन शोषण के मामले में गुरुवार को कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को गिरफ्तार कर लिया। उन पर एक युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। वह गुरुवार को अपने लोहरबाग स्थित आवास पर पत्रकार वार्ता कर रहे थे, तभी कोतवाली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट लखनऊ बेंच के आदेश पर पुलिस के समक्ष आत्मसमपर्ण किया है। वह सभी से अपील करते हैं कि कोई भी समर्थक सड़क पर न आए। कानून का पालन करें। न्यायालय पर भरोसा जताएं। माफियाओं के खिलाफ मेरी लड़ाई जीवन के अंतिम सांस तक रहेगी यहां के भूमाफियाओं के खिलाफ मेरी ओर से जो कार्रवाइयां की जा रही थीं, उनकी नींद उड़ गई थी।

## स्पीड न्यूज

### इजराइली महिला सैनिक को हमास ने किया रिहा

**गाजा पट्टी।** संघर्ष विराम और बंधक रिहाई समझौते के तहत आतंकी समूह हमास ने आखिरकार गुरुवार इजराइली महिला सैनिक अगम बर्जर को गाजा पट्टी में रिहा कर दिया। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने इसकी पुष्टि की। इजराइली सेना ने कहा कि अगम बर्जर को गाजा पट्टी से कड़ी सुरक्षा के बीच दक्षिणी इजराइल में एक स्वागत स्थल पर पहुंचाया गया। स्वागत स्थल पर उनके परिवार के सदस्य मौजूद थे।

### पाकिस्तान में छह आतंकी मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली इलाके में हुई मुठभेड़ में मेजर और सिपाही की मौत हो गई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने छह आतंकवादियों को मार गिराया। यह मुठभेड़ 29-30 जनवरी की रात हुई। शहीद सुरक्षाकर्मियों की पहचान रावलपिंडी निवासी 29 वर्षीय मेजर हमजा इसरार और नसीराबाद निवासी 26 वर्षीय सिपाही मोहम्मद नईम के रूप में हुई है। राष्ट्रपति ने श्रद्धांजलि संदेश में मेजर इसरार और सिपाही नईम की बहादुरी और देशभक्ति की सराहना की है।

### सुकमा में नौ नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सली संगठन सक्रिय में पीएलजीए बटालियन नंबर 01 में सक्रिय दो नक्सली दंपति सहित नौ हार्डकोर नक्सलियों ने गुरुवार को आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित नक्सलियों पर 52 लाख रुपये इनाम घोषित है। एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि नक्सलवाद उन्मूलन पुनर्वास नीति एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर और लगातार कैंप स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव से नक्सली संगठन में नौ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

### 83 हजार रुपये के पार पहुंचा सोना

नयी दिल्ली। लगातार चार दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोना 870 से 940 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना गुरुवार को 83,010 रुपये से लेकर 82,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार किया। 22 कैरेट सोना भी आज 76,110 रुपये से लेकर 75,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है।

### सासाराम में कांग्रेस सांसद के साथ मारपीट

सासाराम । बिहार के सासाराम से लोकसभा सांसद मनोज कुमार को गुरुवार को एक विवाद सुलझाना महंगा पड़ गया। स्थानीय लोगों ने मनोज कुमार और उनके समर्थकों पर हमला कर दिया, जिससे कई लोग घायल हो गए। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि यह जमीन विवाद से जुड़ा मामला है। जानकारी के मुताबिक, कुदरा थाना क्षेत्र के नाथोपुर स्थित एक निजी स्कूल का संचालन कांग्रेस सांसद मनोज कुमार राम के भाई करते हैं। स्कूल के पास स्थित किसी जमीन को लेकर ग्रामीणों के साथ उनके भाई का विवाद चल रहा है। उसी विवाद को सुलझाने के लिए गुरुवार को कांग्रेस सांसद कुदरा पहुंचे थे। इसी दौरान ग्रामीणों ने हमला बोल दिया।

### शेयर बाजार में तेजी जारी सेंसेक्स 224 अंक उछला

मुंबई । विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, हेल्थकेयर, दूरसंचार, तेल एवं गैस और रियल्टी समेत 14 समूहों में हुई जमकर लिवाली से गुरुवार शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन मजबूती रही।सेंसेक्स 226.85 अंक उछलकर 76,759.81 अंक और निफ्टी 86.अंक चढ़कर 23,249.50 अंक पर बंद हुआ। मडकैप 0.04 प्रतिशत फिसलकर 42,349.36 अंक रह गया ।

# यमुना में जहर मामला : आयोग ने केजरीवाल से आज मांगा सबूत

एजें

**दिल्ली विस चुनाव**

**विभिन्न समूहों के बीच टकराव और वैमनस्य को बढ़ावा देने वाला है केजरीवाल के बयान**

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने यमुना के पानी में हरियाणा द्वारा जहर मिलाए जाने संबंधी आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय समन्वयक अरविंद केजरीवाल के आरोपों पर उनसे शुक्रवार 11 बजे तक साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा है। आयोग ने इससे पहले, इस प्रकरण में भाजपा की ओर से केजरीवाल के खिलाफ की गयी शिकायत पर उन्हें नोटिस देकर सफाई पेश करने को कहा था। आयोग ने उस नोटिस पर केजरीवाल के जबाव को लेकर उन्हें गुरुवार को लिखे पत्र में कहा है कि उनका जबाव आपके सार्वजनिक और बहुचर्चित वक्तव्य के बारे में बिल्कुल खामोश है, जिसमें जलापूर्ति को विषाक्त करने की बात कही गयी है। आयोग ने केजरीवाल को लिखे पत्र में कहा है कि उनका यह बयान प्रथम द्रष्टया विभिन्न समूहों के बीच टकराव और वैमनस्य को बढ़ावा देने वाला' है जिसमें आरोप है कि भाजपा के शासन वाली हरियाणा सरकार यमुना नदी से दिल्ली के लिये छोड़े जाने वाले पानी में जहर मिला देती है। आयोग ने उनको अपने इशारों के समर्थन में कल पूर्वाह्न 11 बजे तक सबूत प्रस्तुत के लिये कहा है। चुनाव आयोग ने इससे पहले भाजपा और कांग्रेस के शिकायत पर केजरीवाल को मंगलवार को नोटिस देकर इन आरोपों का तथ्यात्मक और कानूनी आधार प्रस्तुत करने के लिये कहा था। केजरीवाल ने आयोग को इस संबंध में कल को अपना जबाव भेजा था जिसमें उन्होंने कहा था कि यमुना के पानी पर दी गई उनकी टिप्पणी दिल्ली में पेयजल की गुणवत्ता के कारण सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के संदर्भ में थी। यमुना के जल पर बयान गंभीर विषाक्तता और हरियाणा से मिलने वाले अशोधित पानी के के बारे में दिया गया था। उन्होंने कहा कि तथ्य साबित करते हैं कि उन्होंने अपने बयान से किसी भी कानून या किसी आदर्श चुनाव संहिता का उल्लंघन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा से आने वाले पानी में प्रदूषण इतना अधिक है कि दिल्ली के जल शोधन संयंत्र इसे सुरक्षित सीमा के भीतर शोधन करने में असमर्थ हैं। हरियाणा से हाल ही में आया पानी अत्यधिक दूषित और मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत जहरीला है। आयोग ने कहा था कि हरियाणा से दिल्ली में छोड़े जा रहे नदी जल में अमोनिया की मात्रा अधिक होने की दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान की शिकायत को श्री केजरीवाल के ' जहर मिलाने' के आरोप से अलग मामले के रूप में देखा जा रहा है।



### चुनाव आयुक्त कर रहे हैं राजनीति : केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में खुलेआम पैसे और चादरें बांटी जा रही हैं। चुनाव आयोग इस पर कार्रवाई नहीं करता। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार राजनीति कर रहे हैं। यदि राजीव कुमार को राजनीति करनी है तो वे दिल्ली की किसी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ लें। यमुना के पानी की 3 बोतलें भेजेंगे। राजीव कुमार प्रेस कॉन्फ्रेंस में पानी पीकर दिखा दें। केजरीवाल ने कहा कि राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। उन्हें रिटायरमेंट के बाद नौकरी चाहिए। उन्होंने जैसी भाषा आज लिखी है ये चुनाव आयोग का काम नहीं है। उन्हें इतिहास माफ नहीं करेगा। राजीव कुमार को इतिहास माफ नहीं करेगा। जितना कबाड़ा राजीव कुमार ने इलेक्शन कमिशन का किया है, मुझे लगता नहीं कि भारत के इतिहास में इलेक्शन कमिशन का इतना कभी कबाड़ा हुआ है। मुझे पता है ये दो दिन के अंदर मुझे जेल में डालेंगे। डाल दें मुझे जेल के अंदर।

## भाजपा से समझौता नहीं करेंगे : राहुल


**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा नफरत की राजनीति करती है जबकि कांग्रेस मोहब्बत की दुकान खोलती और विचारधारा की लड़ाई लड़ रही है इसलिए किसी भी स्तर पर भाजपा से समझौता नहीं किया जाएगा। गांधी ने दिल्ली की बादली विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी तथा दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के समर्थन में विशाल चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस की विचारधारा कहीं भी मेल नहीं खाती है और दोनों में किसी भी मामले में कोई समझौता नहीं हो सकता है। उनका कहना था कि कांग्रेस संविधान की रक्षा की लड़ाई लड़ रही है जबकि भाजपा संविधान को खत्म करने की साजिश कर रही है।

राहुल ने बताया कि यमुना कचरा, गंदगी, दुर्गंध और सीवेज से भरी पड़ी है, यानि नदी तो कहीं बची ही नहीं है। शोध करने वालों के अनुसार नदी का साफ पानी सीवेज ट्रीटमेंट के लिए निकाल कर सीवेज को ही नदी में ही डम्प कर देते हैं। पहले यमुना में डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालु काफी संख्या में आया करते थे लेकिन अब गिनती के लोग आते हैं, वो भी अपने स्वास्थ्य को जोखिम में डाल कर। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सत्ता में आने के बाद से ही केजरीवाल खोखले वादे करते रहे हैं। केजरीवाल कहते थे कि वह यमुना को साफ करेंगे, डुबकी लगाएंगे वरना वोट मत देना, और न जाने कितने लंबे लंबे भाषण।

## पूनम पांडे ने संगम में लगायी डुबकी



**मुंबई।** वाली मॉडल पूनम पांडे महाकुंभ नगर पहुंची और संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किए। पूनम ने कहा कि यहां आस्था की कोई सीमा नहीं है। पूनम पांडे ने बताया कि उन्होंने महाकुंभ में जिंदगी को करीब से देखा।





**कृतज्ञ राष्ट्र ने बापू को अर्पित की श्रद्धांजलि**

**नयी दिल्ली। कृतज्ञ राष्ट्र ने गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 77वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने राजघाट पर गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।**

## विकसित भारत की ओर यात्रा पूरे जोश के साथ आगे बढ़ रही है : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनवरी 2025 के अपने महीने भर के कार्यक्रमों की झलकियां सोशल मीडिया पर साझा की हैं। मोदी पूरे जनवरी महीने कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल हुए, जो विकसित भारत के निर्माण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी इस माह महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों, वैश्विक कूटनीतिक जुड़ावों और भारत के विकास और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को मजबूत करने के उद्देश्य से परिवर्तनकारी पहलों में सक्रिय रूप से शामिल रहे। अपने कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि जनवरी तस्वीरों में...। विकसित भारत की ओर यात्रा पूरे जोश के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने जनवरी की शुरूआत 13 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का शुभारंभ करके की। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन किया, जो ऐतिहासिक परियोजना है।

# स्पीकर को सौंपी गयी जेपीसी की रिपोर्ट

एजेंसी

**वक्फ संशोधन विधेयक**

- संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने रिपोर्ट ओम बिरला को सौंपा
- रिपोर्ट को 11 के मुकाबले 15 मतों से दी गयी मंजूरी



**नयी दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने गुरुवार को समिति की रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी। समिति ने बुधवार को 655 पृष्ठों वाली इस रिपोर्ट को बहुमत से स्वीकार किया था, जिसमें भाजपा के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझाव समाहित हैं। विपक्षी सदस्यों ने इसे असंवैधानिक करार दिया और आरोप लगाया कि यह कदम वक्फ बोर्डों को बर्बाद कर देगा। भाजपा सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले साल अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में आधुनिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही लाने का प्रयास करने वाला है। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट को 11 के मुकाबले 15 मतों से मंजूरी दे दी गई। विपक्षी सदस्यों ने असहमति के नोट दिए हैं। समिति ने गत सोमवार को हुईएक बैठक में भाजपा के सदस्यों द्वारा प्रस्तावित सभी संशोधनों को स्वीकार कर लिया था और विपक्षी सदस्यों के संशोधनों को खारिज कर दिया था। समिति में शामिल विपक्षी सदस्यों ने विधेयक के सभी 44 प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव रखा था और दावा किया था कि समिति की ओर से प्रस्तावित कानून विधेयक के दमनकारी चरित्र को बरकरार रखेगा और मुस्लिमों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने का प्रयास करेगा। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजीजू द्वारा लोकसभा में पेश किए जाने के बाद 8 अगस्त, को जेपीसी को भेजा गया था। विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों को विनियमित और प्रबंधित करने से जुड़े मुद्दों और चुनौतियों का समाधान करने के लिए वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन करना है।


पांकी विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों समेत समस्त झारखण्डवासियों को गणतंत्र दिवस की मंगलमय शुभकामनाएं।

!! पलामू प्रमंडल के विकास के लिए संकल्पित !!



रामदास साहू

वरिष्ठ समाजसेवी पलामू